country to meet each other for an intensive dialogue and to chalk out a common action programme.

- Study and action-projects by local groups, regional camps to understand a local health problem and its broader dimensions, health educational campaigns are other activities through which mfc has grown and consolidated. The camp on lathyrism in Rewa District in 1978, the educational campaign against Oestrogen — Progesterone forte, about diarrhoea and misuse of drugs are examples. mfc is also an active member of the All India Drug Action Network.

ORGANIZATION

The medico friend circle is not a rigid organization. It is loosely knit and composed of friends from various backgrounds, usually medical to start with, often differing in their ways of thinking and in their modes of action. But the understanding that the present health services and medical education system is lopsided in the interest of the privileged few and must change to serve the interests of the poor people of India, is common conviction.

mfc is registered under The Societies Registration Act 1860; No. MAH/902/Pune/81 and under The Bombay Public Trust Act, 1950; Reg No. F-1996 (Pune).

MEMBERSHIP

Anybody who broadly agrees with the perspective and the rules and regulations of mfc is welcome to become a member. Non-doctors are encouraged to join. The membership fee is given below. It is understood that members capable of contributing more than the minimum will do so. Conversely the convenor can waive or reduce the membership fees in deserving cases. For membership forms and rules and regulations, please write to the convenor.

- **Membership fees**

Those earning less than Rs. 750.00 p.m. — Rs. 25.00 per year

Those earning more than Rs. 750.00 p.m. — Rs. 50.00 per year

Membership fee includes subscription to the mfc bulletin

- **Bulletin subscription**

Within India — Rs. 15.00 per year
(add Rs. 3.00 for payments by cheque)

Life subscription — Rs. 250.00

Foreign countries
— sea mail — US $4.00 for all countries
— air mail: Asia — US $6.00
Europe, Africa & Australia — US $9.00
North & South America — US $11.00

- All payments may be made in the name of medico friend circle and sent to:

ravi narayan
convenor, medico friend circle
326, V Main I Block
Koramangala,
Bangalore-560 034

- **Publications**

The following are obtainable from the above address on payment:

1. Subject-wise index of first 100 issues of bulletin
2. Anthologies of bulletin articles
   I — In search of Diagnosis
   II — Health Care Which Way to Go
   III — Under the Lens — Health & Medicine (From Jan 1985)
3. Back issues of some of the bulletins (ask for separate list)
4. Editorial guidelines for contribution to bulletin
5. Background papers of some annual meets (ask for separate list).

Bulletin Back Issues

- Xerox copies of mfc bulletin back issues are available with the Centre for Education and Documentation (CED), 3 Suleman Chambers, 4 Battery Street, Bombay 400039.

In order to cover costs and at the same time provide subsidies to deserving groups a graded rate structure has been worked out and is available on request.

For mfc members rate is —

i. set of 100 issues — Rs. 240
ii. specific issues — Rs. 4 each
iii. specific article — 0.60 p. per page

- **mfc Drug Campaign**

For further details write to Anant Phadke,
mfc Rational Drug Policy Cell.
50 LIC quarters, University Road, Pune 411006.



medico friend circle

PERSPECTIVE

The medico friend circle is a group of socially conscious individuals, interested in the health problems of our people. mfc is trying to evolve an appropriate approach towards developing a system of health and medical care which is human and which can meet the needs of the vast majority of the population in our country.

The existing system of medical care, we have realized, is not geared towards the needs of the people. It requires a fundamental change. Such a change would occur as a part of a fundamental change in the total social system in the country, since the medical system is only a part of the total social system. mfc believes that the potential created by modern medical science cannot be realized fully without a fundamental change in the social system.

What is wrong with the existing medical system in India?

- Though after independence there has been a rapid growth of the medical services organised by the Government, Private Practice remains the dominant feature of medical care in India. In private practice, medical care like any other commodity in the market is available only to those who have money to pay. The medical profession resembles any other commercial sector and therefore has been dominated by concern for money rather than for people. Commercial competition and personal interests of doctors lead to numerous malpractices.

This behaviour is encouraged and promoted by profit oriented drug companies which dump many useless or even harmful drugs onto the consumer by co-opting the doctors, through their sales promotion techniques.

mfc upholds the interests of the people and

* wants medical care to be available to every one irrespective of his/her ability to pay

* wants to develop methods of medical intervention strictly guided by the needs of our people and not by commercial interests.

• Since purchasing power is mainly concentrated in urban areas, commercial medical practitioners are also concentrated in cities and towns. This overcrowding of doctors is partly responsible for the overgrowth of specialists. This has resulted in the denigration of the role of a basic doctor to just a "cough and cold" doctor. The training of doctors has also been influenced by this situation. Hospital based training by Western and Urban oriented specialists produces a graduate conditioned to urban and hospital practice. Therefore even after prolonged training in a medical college, such a graduate is not capable of dealing with the situation in rural areas.

mfc would work towards

* a pattern of medical care adequately geared to the predominantly rural character of our country and

* towards a medical curriculum and training tailored to the needs of the vast majority of the people in our country.

• To further their narrow professional interests, doctors have established a monopoly control over medical knowledge and medical practice. Medical knowledge has been jargonised and a halo has been created around it. This monopoly and mystification opens the door for domination by the medical profession over patients and by doctors over nurses and other paramedics.

mfc stands for

* popularization and demystification of medical science and

* believes that different categories of medical professionals be regarded as equal members of a democratically functioning team.

• Commercial interests demand a growing market for drugs and medical therapies and this is partly responsible for medical practice being reduced mainly to curative services. It denigrates the primary role of preventive and social measures. Drugs, surgery, even vaccines have so far contributed marginally to the improvement in people's health in different countries. In spite of the primary role of socio-economic development in improving health of a people, a wrong belief is promoted that medical intervention — use of drugs, surgery etc., — is primarily responsible for improvement in the people's health.

* mfc realizes the importance of curative technology in saving a persons life, alleviating suffering or preventing disability but

* stresses the primary role of preventive and social measures to solve health problems on a social level.

• The government health sector is not commercial and the PHC doctors are supposed to emphasize preventive medicine. But this sector has not changed the basic pattern outlined above. The doctor working in a PHC is inclined and trained to do mainly curative work and generally reflects the typical attitude of the upper class, urban, elite professional. Preventive measures when undertaken are therefore reduced to pure technological and administrative measures without any social content.

mfc stand for

* the primary importance of preventive measures, planned and carried out with active participation of the community and

* for democratic decentralization of responsibilities wherever possible.

• Medical practice in its existing form reflects and reinforces some of the negative, unhealthy cultural values and attitudes in our society, eg., glorification of money and power, division of labourers into manual and intellectual workers, domination of men over women, urban over rural, foreign over Indian . . . . .

mfc works towards

* a kind of medical practice built upon human values, concern for human needs, equality, democratic functioning.

• In the present medical system, non-allopathic therapies are given a step-motherly treatment. Allopathic doctors call non-allopaths quacks without knowing anything about their systems of medical care. Equally unscientific are the claims of success made by some non-allopaths and by some drug companies. Prejudices, ignorance, self-interest have prevailed over open-minded scientificity in this important area of medical care.

mfc believes that

* research on these therapies be encouraged by alloting more funds and other resources and

* that these therapies be encouraged to take their proper place in the modern system of medical care.

mfc thus tries to foster among medicos a current upholding human values and aims at restructuring the medical profession to enable it to realize the potential created by modern scientific medicine.

mfc offers a forum for dialogue/debate, sharing of experiences and experiments with the aim of realizing the goal outlined above; and for taking up issues of common concern for action.

ACTIVITIES

mfc members are spread all over India and try to propagate the perspective of mfc through their work. Some members are engaged full-time in organizing health projects in rural areas.

Bulletin

• mfc is as of today, mainly a thought-current and the monthly Medico Friend Circle Bulletin now in its ninth year of publication, is the medium through which members communicate their ideas and experiences to each other. The bulletin publishes articles broadly reflecting the mfc perspective on health problems. Running the mfc bulletin is our chief common activity.

Anthology

Publication of the Anthology of selected articles published in the bulletin has been a milestone in the development of mfc. The first anthology — In Search of Diagnosis — was very well received and was rapidly sold out. KSSP translated it in Malayalam (two editions). The second anthology — Health Care which way to go — is almost sold out. Reprints of the first and second anthologies and the third anthology — Under the Lens Health and Medicine — are due shortly.

Annual Meet

• Once a year mfc members gather at an All India Annual Meet to explore a relevant topic through discussion or to understand the functioning of a particular health care project in terms of a chosen topic. Since 1974, annual meets have been held at Ujjain (relevance of the present health services), Sevagram (present health problems), Hoshangabad (Indian nutritional problem), Calicut (community health approach, role of doctor in society), Varanasi (unemployment among doctors), Jamkhed (community health worker), RUHSA Project (community paediatrics), Tara (misuse of drugs by doctors), Anand (prejudice against women in medical care), CINI, Calcutta (alternative medical education).

The Annual Meet provides an opportunity for far-flung medico friends from different parts of the



भोपाल गैस त्रासदी

जनविज्ञान का सवाल



यह त्रासदी बीती हुई घटना मात्र नहीं है,
बल्कि एक जिन्दा सवाल है।

सवाल क्या है?

आइए, मिलकर समझने की कोशिश करें.....

अध्ययन केन्द्र
एकलव्य शैक्षिक शोध एवं नवाचार संस्थान,
होम गार्ड आफिस के पास, कोठी बाजार,
होशंगाबाद (म. प्र.) द्वारा बनाई गई पोस्टर
प्रदर्शनी पर आधारित

भोपाल की मासूम जनता को शायद किसी रात सोते समय यह पता भी नहीं चलेगा कि कल की सुबह उनके भाग्य में नहीं है. शहर के समीप यूनियन कार्बाइड से विषैली मौत के रूप में न जाने कब रंग हीन गैस फॉसजीन, ऑक्सीजन के साथ उनके भीतर जाकर रक्त को दूषित कर दे और वे निद्रा की मीठी गोद में लेटे-लेटे ही चिरनिद्रा की गोद में स्थानांतरित हो जाएं.

■ प्रचंड साप्ताहिक, 30 दिसंबर 82

जब हवा जहरीली हो जाए तो मौत का हिसाब रखना शायद यमदूत के लिए भी मुश्किल होगा। ऐसे में भोपाल में जहरीली गैस के हादसे में कितने मरे इसका सही आँकड़ा कौन बता सकता है। सरकार कह रही है ५४६ मौतें हुई हैं। विभिन्न सूत्र इस गिनती को एक हजार से पाँच हजार तक बता रहे है। लाशों को समेटने के लिए श्मशान के घेरे छोटे पड़ गए। जो मौत से बच गए, और जिंदगी से लड़ रहे हैं उन्हें बड़े-बड़े अस्पतालों में जगह दे पाना मुश्किल हो रहा है। केवल भोपाल ही नहीं, इटारसी, सीहोर, आष्टा, राजगढ़, पिपरिया, सागर, विदिशा, जबलपुर, सोहागपुर, इंदौर, उज्जैन, देवास सभी जगह अस्पताल जहरीली हवा फेफडे में भर लेने वालों से भर गए हैं। जिसे जो दिशा मिली वह उस तरफ भाग गया। और यह तो मनुष्य की बात पशुओं-पक्षियों में भी जैसे महामारी फैल गई हो। करीब तीन हजार पशुओं के मरने का अनुमान है। भोपाल में जनजीवन अभी भी घटना की दहशत से मुक्त नहीं हुआ है। घटना की विकरालता के संदर्भ में प्रधानमंत्री श्री राजीव गाँधी आज अचानक भोपाल आए। उधर अमेरिका में यूनियन कार्बाइड कंपनी के संचालकों ने दुनिया में उनके ऐसे चारों कारखाने बंद करने का निर्णय लिया है। शासन, डॉक्टर, दवाई, सभी कुछ अस्पतालों में भेज रहा है। शासन विभिन्न क्षेत्रों और नगरों में पीड़ितों के लिए हर संभव सहायता की कोशिश कर रहा है।

भागो-भागो मौत आ रही है

पाँच सौ से अधिक मरे, दो लाख लोग प्रभावित, चारों तरफ भगदड़

चालीस वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में जहर ही जहर, राहतें घोषित

हवा में जहर, मौत का कहर

मदन मोहन जोशी द्वारा

भोपाल ३ दिसंबर। यूनियन कार्बाइड के बैरसिया रोड स्थित कारखाने में फासजीन गैस की जोखिम का मामला पुराना है और छिटपुट घटनाएँ होती रही थीं, लेकिन किसी को अंदाजा नहीं था कि किसी दिन सारा शहर गैस चेंबर में बदल जाएगा, सैकड़ों बेकसूरों को लेने कोई कालरात्रि आएगी। कैसी दिखती थी वह जहरीली गैस और कैसी थी उसकी बू-पूछो तो लोग बता नहीं कर पाते। वह सब कल्पनातीत और वर्णनातीत था।

रविवार की रात खासी ठंड थी और राजधानी भोपाल के लोग रजाइयों में दुबके थे। आधी रात के एक घंटे बाद जो जागे, उन्होंने घुटन सी महसूस की। आँखों में चुभन सी हो रही थी। सोमवार की सुबह मनहूस दिन लेकर आई। यूनियन कार्बाइड के कीटनाशक कारखाने के एक टैंक में रिसन होने से मिथाइल साइनाइड नामक जहरीली गैस शहर के वायुमंडल में व्याप गई थी और नींद से जागा शहर यातनाओं के दहखाने में था। सैकड़ों लोग बिस्तर में ही समाधिस्थ हो गए थे। शहर की अनेक बस्तियाँ चीखों से गूँज उठीं, लोग घरों से सुरक्षित स्थानों की ओर बेतहाशा भाग रहे थे। अस्पतालों में मरीजों की भर्ती चल रही थी। उनकी आँखें लाल थीं। उन्हें कै हो रही थी। जो शहर छोड़कर भाग सकते थे, वे शहर छोड़कर भागे—बसों से या रेलों से, या जो भी वाहन मिला। सोलह लोगों के मरने से खबर शुरू हुई थी। शाम तक मृतक संख्या का आँकड़ा पाँच सौ को पार कर गया। कोई नहीं जानता कि यह कहाँ जाकर थमेगा, प्रभावित तो हजारों हैं। अस्पतालों में दस हजार से भी ज्यादा लोगों का इलाज चल रहा है। इनमें से चार-पाँच सौ जिंदगी और मौत के बीच झूल रहे हैं। जब आदमी कीड़ों की तरह मरे हों तो मवेशियों की कौन कहे। पालतू पशु और सुबह-शाम गाने वाले रंग-बिरंगे पक्षी भी असंख्य मरे हैं। भोपाल की झील स्तब्ध हो गई है, और सड़कों गलियों में मौत के साए मँडरा रहे हैं, मातम है, रुदन है। किसी के सिर से माँ-बाप का साया उठ गया, कोई जीवन-संघर्ष के लिए अकेला रह गया। मानवीय त्रासदी की ऐसी कहानियाँ आने वाले कई दिनों तक सुनने को मिलेंगी। इस देश में शायद ऐसा पहले कभी नहीं और कहीं नहीं हुआ। विश्व के लिए भी यह एक अद्भुत हादसा है, एक मानवीय त्रासदी।

2/3 दिसम्बर की रात- अखबारों में





यह
हाहाकार
यूनियन कार्बाइड के
भोपाल स्थित
कीटनाशक कारखाने
से जहरीली गैस
रिसने से
मचा!

उस काली रात को..

2/3 दिसम्बर 1984

रात 10.30 बजे : दूसरी पाली में मिक प्लांट पर तैनात मजदूरों को पता चला कि टंकी में दबाव बढ़ रहा है।

रात 12.30 बजे : तैनात मजदूरों ने महसूस किया कि टंकी में दबाव और ताप बहुत अधिक बढ़ गया है।
थोड़ी ही देर बाद टंकी हिलने लगी और गैस टंकी का वाल्व तोड़कर आसमान में सफेद बादल के रूप में छा गई। यह गैस हवा के साथ साथ शहर की तरफ 10-12 किलोमीटर तक फैल गई।
चंद मिनटों में ही लोग खांसते हुए घरों से निकलकर सड़कों भागने लगे।

रात 1.15 बजे : खांसते, उल्टी करते और आँखों पर हाथ रखे लोग अस्पताल पहुंचने लगे।

रात 2.00 बजे : लोग गाड़ियों में भागते भागते सीहोर तक पहुंचने लगे—40 किलोमीटर दूर!

रात 2.30 बजे : अब तक 4000 से ज्यादा लोग अस्पताल में पहुंच चुके थे। अस्पतालों के डाक्टर भी गैस से प्रभावित होकर बीमार होने लगे।

सुबह 4.00 बजे : 10 000 से ज्यादा लोग भोपाल से भागकर सीहोर, ओबैदुल्लागंज, होशंगाबाद तथा अन्य शहरों और गाँवों में पहुंच चुके थे।
सैनिकों ने इसी बीच पीड़ित लोगों को ट्रकों में भर भर कर अस्पतालों तक पहुंचाना शुरू कर दिया था।

सुबह 7.30 बजे : पुलिस और प्रशासन ने राहत कार्य शुरू किया।

सुबह 8.00बजे : आकाशवाणी समाचार से देश के लोगों को, सारी दुनिया के लोगों को पता चला।
मरने वालों की संख्या के बारे में अटकलें लगने लगीं।



दोपहर 12 बजे : एक बार फिर से भोपाल की सड़कों पर भगदड़ मच गई। अफवाह फैली कि गैस का रिसन फिर से होने लगा है।

शाम 5.00 बजे : अस्पतालों में लगभग 20,000 लोग इलाज के लिए पहुंच चुके थे। 500 से ज्यादा लोग कब्र के गाल में समा चुके थे। अनगिनत पशु और पक्षी भी मर चुके थे।

और फिर.....

4 दिसंबर1984 : यूनियन कार्बाइड के 5 प्रबन्धकों को गिरफ्तार किया गया तथा कारखाने में ही नजरबंद रखा गया। सी.बी. आई. द्वारा जाँच शुरू हुई। यूनियन कार्बाइड संबंधित दस्तावेज जब्त कर लिए गए। फैक्टरी पर सील लगा दी गई।

5 दिसंबर : मृतकों की संख्या एक हजार से अधिक।

7 दिसम्बर : यूनियन कार्बाइड (अमेरीका) के अध्यक्ष और यूनियन कार्बाइड (इंडिया) लिमिटेड के अध्यक्ष तथा प्रबंध संचालक गिरफ्तार किए गए तथा यूनियन कार्बाइड के अतिथि गृह में रखे गए। मगर इन्हें गिरफ्तारी के कुछ ही समय बाद रिहा कर दिया गया।
यूनियन कार्बाइड के खिलाफ मुआवजे के लिए मुकदमा अमेरीका में दायर। इसके पश्चात अनेक अमेरिकी वकील भोपाल के गैस पीड़ितों की तरफ से मुकदमा दायर कर रहे हैं।

10 दिसम्बर : मृतकों की संख्या दो हजार से अधिक।

12 दिसम्बर : सरकार ने बची हुई मिक को निष्प्रभावी करने की योजना घोषित की। उसमें कहा गया कि बची हुई मिक से सेविन कीटनाशक बनाई जाएगी। फैक्टरी में पहले से ही सेविन का निर्माण होता रहता था। शासकीय घोषणा में ऐसी किसी नई बात का उल्लेख नहीं था जो सामान्य विधि से अलग हो। लोगों को कहा गया कि इसमें कोई खतरा नहीं है, फिर भी यदि लोग चाहें तो वे भोपाल छोड़कर जा सकते हैं। उनके लिए बसों व रेलगाड़ियों का इन्तजाम था। इस घोषणा से एक भारी पलायन शुरू हुआ और अगले 2-3 दिन में भोपाल शहर खाली हो गया। लगभग 2 लाख लोगों ने शहर छोड़ा।

14 दिसम्बर : मृतकों की संख्या तीन हजार से अधिक।

16 दिसम्बर : यूनियन कार्बाइड में सेविन बनाना शुरू हुआ और 23 दिसम्बर तक बनता रहा।

30 दिसम्बर : श्रम मंत्री ने मंत्रिमंडल से इस्तीफा दिया।

1 जनवरी85 : **जैसे–जैसे लोग वापस आने लगे इलाज, राहत व पुनर्वास की समस्या लोगों के सामने आने लगी। पीड़ित लोग संघर्ष का रास्ता अपनाने पर मजबूर हुए। 1 जनवरी को जुलूस निकला और चक्का जाम हुआ।**

3 जनवरी : एक विशाल जुलूस निकाला और उसके पश्चात जहरीली गैस कांड संघर्ष मोर्चा की तरफ से धरना शुरू हुआ।

12 जनवरी : रेल रोको आंदोलन जिसमें कई लोग गिरफ्तार हुए। इसके साथ–साथ सरकार की तरफ से राहत कार्य भी तेज हुआ। गैस पीड़ितों को राशन देने व उनके इलाज निगरानी के लिए व्यवस्था की घोषणाएं भी हुई।

दो माह, तीन माह, 100 दिन! फिर केवल यादें? एक धरना, एक जुलूस, या शायद एक स्मारक!! लेकिन भोपाल की त्रासदी तो जीवित है। लोग अभी भी मर रहे हैं, गर्भवती महिलाओं को आने वाले कल का भय सता रहा है, आँसू अभी भी बह रहे हैं। भोपाल को एक धुंधली यादगार समझ कर नहीं छोड़ा जा सकता। यूनियन कार्बाइड को अंतिम हंसी हंसने नहीं दिया जा सकता.....



क्या इस कारखाने में दुर्घटना पहली बार हुई?

नहीं! ! !

मिथाइल आइसो साइनेट प्लांट का निर्माण 1977 में शुरू हुआ और 1980 में यह प्लांट काम करने लगा। इस प्लांट के चालू होते ही आए दिन दुर्घटनाएं होने लगी। अनगिनत ऐसी दुर्घटनाएं हुई जिनको दबा दिया गया।

'रपट' – अक्टूबर1982

"मगलवार का वह दिन जब रात के अंधेरों में घिरकर बुधवार की शक्ल में तब्दील हो रहा था तभी अचानक बेर्सासिया रोड स्थित यूनियन कार्बाइड के एम.आइ.सी. प्लांट में कार्यरत ट्रेनी ऑपरेटर वाडेकर द्वारा वाल्व खोलते ही पाइप लाइनों को जोड़ने वाला फ्लेज एक धमाके के साथ फूट पड़ा और वह जहरीली मिथाइल आइसों साइनेट, फ्लेंज से लावे की तरह उबल पड़ी। प्लांट पर काम कर रहे मजदूर अपनी–अपनी जान बचाने की बदहवासी में बाहर की तरफ भागने लगे और खतरे की सूचना देने के लिए कांच फोड़ दिया। इस अंधेरे में खामोशी से अपना वक्त काटती रात इस अपशगुनी सायरन की मनहूस आवाज से अचानक कत्ल की रात में बदल गई।

सायरन के बजते ही सारी फैक्टरी के मजदूर अपने अपने काम छोड़कर फैक्टरी से दूर निकल जाने को भागने लगे। एक तरफ तो कार्बाइड के अन्दर यह सब हो रहा था और दूसरी तरफ हवा का तेज बहाव न होने के बावजूद मिथाइल ने माहौल में घुलकर अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया। जिसके नतीजे में आस पास के इलाके, ग्रीन पार्क कालोनी तथा छोला रोड व पास ही बनी झुग्गियों के लोगों को,जो गहरी नींद सो रहे थे, गैस के प्रभाव से सांस लेने में तकलीफ सी होने लगी और सायरन की आवाज से वे घबराकर उठ बैठे। वातावरण में फैले इस जहर के खतरे से वाकिफ हो चुके लोग उस वक्त शहर की तरफ भागने लगे जब उनकी आँखों से आंसू निकलने लगे और सांस लेना दूभर हो गया। रात का वह सन्नाटा आहो–जार और चीखो पुकार में बदल गया, सर पर खड़ी मौत को भांपकर लोग अपने अपने बच्चों को गोद में ले–ले कर अपनी पूरी ताकत से शहर की तरफ बचाव की उम्मीद में दौड़ पड़े।

यह सब उस समय हुआ जबकि उक्त प्लांट का वाल्व पाँच–दस मिनट में ही वहाँ के एक सुपरवाइजर श्री वी.एन. अग्रवाल ने आवश्यक मास्क धारण कर बन्द कर दिया था, हालांकि इस काम में वे खुद भी बुरी तरह घायल हो गए। उसके गालों की चमड़ी बुरी तरह जल गई तथा शरीर के अनेक हिस्से भी मिक से झुलस गये। रात के 1 बजकर 10 मिनट पर हुई इस दुर्घटना का असर सारे इलाके पर सुबह साढ़े छः बजे तक रहा। आसपास के इलाकों से भागे हुए लोग सुबह ही वापस लौट पाए। लगभग चार बजे पुलिस भी घटना स्थल पर पहुंच गई और दुर्घटनाग्रस्त लोगों के बयान दर्ज करने चाहे लेकिन प्लांट सुपरिंटेंडेंट गोपालन ने बयान देकर तथ्य छिपा लिए। सबसे बड़ी बात तो यह है कि मिथाइल एक्सपोजर हो जाने की हालत में दुर्घटनाग्रस्त लोगों को 48 घंटे तक मेडिकल आब्जर्वेशन में रखा जाना आवश्यक है लेकिन 'रपट' में पर्दाफाश होने के बाद कम्पनी के डरे हुए अधिकारियों ने घटना को दबाए रखने के लिए न तो उन्हें चिकित्सा के लिए हमीदिया अस्पताल में भेजा न कहीं और, बल्कि वहीं उन्हें सुबह तक बिठाए रखा, और बिना किसी चिकित्सा के घर भेज दिया। और आज रोटी की मजबूरी में फंसे चारों लोग चुप हैं।"

□ 26 दिसम्बर 1981 को प्लांट पर काम करते समय मोहम्मद अशरफ फॉसजीन गैस लीक हो जाने के कारण मारा गया।

□ 15 दिन बाद, जब अमेरिका से आए विशेषज्ञ भी मौजूद थे, अचानक एक बार फिर फॉसजीन लीक हो जाने के कारण मौत के झूले में झूलते 24 लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया और कई माह तक आशा–निराशा के बीच तड़पते मजदूर तरसती निगाहों से जिन्दगी की ओर देखते रहे।

□ अप्रैल 1982 में जी. डब्लू. ए. खान और एम. एस. खान को गम्भीर चोट लगी तथा इसी दिनांक को फॉसजीन दुर्घटना में एक कर्मचारी एस. ए. वाडेकर गम्भीर रूप से घायल हो गया।

□ फरवरी 1982 में 18 श्रमिक फॉसजीन गैस के कारण गम्भीर रूप से घायल हुए थे और उन्हें हमीदिया अस्पताल में भरती किया गया।

पत्रकार की चेतावनी

"यह MIC प्लांट वस्तुत: अमेरीका के एक निर्जन इलाके में स्थापित किया गया था, लेकिन वक्त के साथ बढ़ती आबादी तथा कारखाने में आए दिन होने वाली मौतों ने अमेरीका सरकार को मजबूर कर दिया कि उसे वहाँ से निष्कासित करे। ऐसे समय में जब तलाश की गई तो इस प्लांट की अनुमति किसी भी देश ने देने से इनकार कर दिया, लेकिन अपनी शानदार परम्पराओं के अनुसार भारत सरकार ने इनकार नहीं किया और अचानक काल का यह क्रूर पंजा भोपाल के गले पड़ गया।" 17 सितम्बर 1982

"इस कारखाने के आस पास कई गाँव हैं, कई कालोनियाँ हैं। जिनमें रहने वाले लोग आए दिन अनजानी बीमारियों के शिकार होकर डाक्टरों की चौखटों पे दम तोड़ रहे हैं, खेतों में खड़ी लहलहाती फसलें भी अचानक पता नहीं क्यों कभी–कभी मुरझा जाती है, शायद उनमें महसूस करने की ताकत ज्यादा है।" –17 सितम्बर1982

"मानवीयता के विरुद्ध एक घृणित षडयंत्र चल रहा है। अपनी अपनी धुन में डूबे लोग बेखबर से हैं। जिनको खबर है वह चुप हैं। मौत दबे पाँव आगे बढ़ती आ रही है। भोपाल सो रहा है फिलहाल अगली सुबह तक के लिए और किसी दिन शायद बिना अगली सुबह को जागने के लिए।" –1 अक्टूबर 1982

"इस घृणित अमानवीय षडयंत्र का नतीजा आखिर एक दिन अवश्य सामने आएगा, लेकिन तब तक शायद बहुत देर हो चुकी होगी। शायद कई हजार लोग अशरफ की तरह मारे जाएं कई हजार बाबूलाल चकोले की तरह अपने सीनों पर यूनियन कार्बाइड के जख्म ढोते हुए जिन्दा रहें, क्योंकि अमेरीकी जाल में फंसे हुए लोग इसके विरुद्ध कोई कदम उठाने को तैयार नहीं है।" –8 अक्टूबर 1982

"यह शिकायतें मेरी निजी नहीं हैं, बल्कि सामाजिक पीड़ा से उपजी शिकायतें हैं।"

राजकुमार केसवानी

एक पत्र: मुख्यमंत्री को.....

आदरणीय महोदय,

यह खत मेरी बहुत सारी शिकायतों को ढोकर आप तक पहुंच रहा है। यह शिकायतें मेरी निजी नहीं, बल्कि सामाजिक पीड़ा से उपजी शिकायते हैं।

इस पत्र के साथ में अखबार 'रपट' साप्ताहिक के तीन अंकों की प्रतियां भेज रहा हूं। इन अंकों में मुख्य मुद्दे हैं—यूनियन कारबाइड की इस शहर को मौत की धमकी और गवर्नमेण्ट प्रेस के मशीनों और फाइलों के बीच दबी 'मोनो कास्टर' सेक्शन के मजदूरों की सिसकियां। बाकी खबरें भ्रष्टाचार से सम्बन्धित हैं, जिनको मैं दूसरा स्थान देता हूं।

यह पत्र लिखने का कारण मात्र इतना है कि जब आप नामदेव टसाल की सामाजिक पीड़ा से उपजे क्रोध को सन्दर्भों में देखते हैं और जायज मानते हैं तो मेरे आक्रोश को भी आप यकीनन सन्दर्भों से परे हटाकर नहीं देखेंगे। मेरी गुजारिश है आपसे, यकीन जानिये यह शहर भोपाल खतरे में है, इसे बचा लीजिये। इस दीवाने की बात मानकर तहकीकात तो करवाइये, आपको भी यकीन हो जाएगा।

मैं अपने लिखे और अपने अखबार की वकत बहुत अच्छी तरह जानता हूं। कोई क्रांति नहीं आ जाएगी, किसी का तख्ता नहीं पलट जाएगा, लेकिन क्या महज इसी वजह से मैं चुप रहूं? क्या यह सोचकर कि मेरी इस कोशिश को पीत पत्रकारिता का नाम दिया जा सकता है, मैं अन्धा बन जाऊं? नहीं, मैं हिम्मत नहीं हारूंगा, लड़ूंगा और इस दृढ़ निश्चय के साथ कि इस शहर को हिटलर का गैस चेम्बर नहीं बनने दूंगा।

बहुत सारी बातें, बहुत सारी, लेकिन मन में इस वक्त एक ही बात है कि एक बार आप सचमुच यह झांककर ही, देख तो लें, इस शहर भोपाल के चलते-फिरते इन्सानों के खिलाफ मौत क्या मंसूबे बांध रही है?

मैं जानता हूं, जवाब आएगा।

अपनी धुन में

भोपाल राजकुमार केसवानी

कार्बाइड की प्रबल भाग्य रेखा.....



1967-68 में जब यूनियन कार्बाइड की स्थापना की गई, तब यह स्थान नगर निगम क्षेत्र के बाहर था। धीरे–धीरे यह इलाका नगर निगम सीमा क्षेत्र में आ गया और सन् 1975 में तत्कालीन नगर निगम प्रशासक श्री महेश नीलकण्ठ बुच द्वारा कार्बाइड को नोटिस दिया गया कि यह क्षेत्र अब निगम सीमा क्षेत्र में आ चुका है, अतः कारखाने को शीघ्र ही सीमा से बाहर ले जाया जाए। कार्बाइड की प्रबल भाग्य रेखा के कारण इससे पहले कि बुच साहब कुछ कर पाते वेयहाँ से स्थानांतरित हो गए और यह प्रकरण दब सा गया। और साथ ही एक सौदेबाजी के तहत कार्बाइड के तत्कालीन महा प्रबन्धक श्री सी. एस. राम. द्वारा नगर निगम को वर्द्धमान पार्क के निर्माण हेतु 25 हजार रुपये का चंदा दिया गया। इस तरह वह नोटिस पूरी तरह ठण्डे बस्ते में चला गया।

('रपट' से)

मजदूर संघ ने भी आंदोलन छेड़ा....

1982 में हुई दुर्घटना के बाद कारखाने के मजदूर संघ ने सुरक्षा समस्याओं को लेकर आंदोलन छेड़ा। उन्होंने आसपास बसे लोगों और सरकार तक को कारखाने के खतरों के बारे में सूचित किया।

इस आन्दोलन के कारण कई मजदूरों को नौकरी से निकाल दिया गया। मजदूर संघ से प्राप्त तथ्यों के आधार पर ही बाद में स्थानीय पत्रकार श्री राजकुमार केसवानी ने 'रपट' (साप्ताहिक), 'प्रचंड' (साप्ताहिक) एवं 'जनसत्ता' (दैनिक) में इस सम्बन्ध में लगातार चेतावनी भरे लेख लिखे।

जब विधान सभा में सवाल हुआ.....



श्री महेन्द्र वर्मा : अध्यक्ष महोदय, इस कारखाने के कारण जहरीली गैस वहाँ के आसपास के एरिए को प्रभावित कर रही है, तो क्या माननीय मंत्री जी उसके कुप्रभाव को देखते हुए उस कारखाने को कहीं अन्यत्र ले जाकर स्थापित करने की कार्यवाही करेंगे?

श्री तारासिंह वियोगी श्रममंत्री अध्यक्ष महोदय, यह कारखाना सन् 1969 में स्थापित हुआ है और 25 करोड़ की लागत लगी है, यह कोई छोटा सा पत्थर नहीं है कि इस को उठाकर किसी दूसरी जगह रख दूँ। इसका पूरे देश से सम्बन्ध है। ऐसा भी नहीं है कि भोपाल को इससे कोई बहुत बड़ा खतरा पैदा हो गया है और ऐसी कोई संभावना नहीं है।

मिक गैस की चपेट में शरीर



□ शरीर में मिक तीन तरीकों से पहुंचती है—साँस द्वारा, मुँह से या त्वचा को भेद कर। इसलिए अन्य गैसों की अपेक्षा मिक अधिक घातक है।

□ मिक का शरीर पर असर इस बात पर निर्भर करता है कि हवा में उसकी मात्रा क्या है। जब भोपाल की हवा में 40 टन मिक घुलकर फैला तब लोगों पर जो असर हुआ वह कुछ इस प्रकार से था:

□ **आँखों में:** असहनीय जलन मानो किसी ने उनमें मिर्ची झोंक दी हो। साथ ही खूब आँसू बहने लगे और सब कुछ धुंधला —सा दिखाई देने लगा। मिक आँखों की पतली त्वचा को जला देती है और यही इन सब का कारण है। आँखों के घाव अब धीरे धीरे भर गए हैं। पर कुछ लोग अंधे भी हो गए हैं। लंबे इलाज के बाद भी लोगों की आँखे पूर्णतः ठीक नहीं हुई हैं। धुंधला दिखने व टकटकी लगा कर देखने पर आँसू आ जाने की शिकायतें अभी भी हैं।

□ **श्वास नली और फेफड़ों में:** अधिक मिक सूँघने पर जलन और दम घुटना। साथ ही सीने में दर्द व खाँसी भी होने लगी। घुटन के कारण लोग मरने लगे या फिर बेहोश होकर गिर गए। गैस पीड़ितों को अभी भी खाँसी, दमा, साँस फूलना, छाती में दर्द, आदि की शिकायतें हैं। साँस लेने की क्षमता में कमी आ जाने से वे काम करने में असमर्थ हो गए हैं। थोड़ा काम करने से ही थक जाते हैं और साँस फूल जाती है।

□ **पाचन तंत्र:** घुटन महसूस होने पर लोग मुँह से साँस लेने लगे। इससे गैस पेट में पहुंची और उससे जलन, दर्द व उल्टी होने लगी। साथ ही मूत्राशय व बड़ी आंत पर असर होने से मूत्र और मल पर नियंत्रण नहीं रहा। दस्त व पेट की अन्य तकलीफों से लोग अभी भी परेशान हैं।

□ **त्वचा:** गैस या द्रव जब त्वचा के सम्पर्क में आती है तो उसको जला देती है। त्वचा को भेद कर गैस खून तक पहुंच जाती है और असर करती है।

- **गैस प्रभावितों की आधुनिक वैज्ञानिक जाँच और उसके अनुसार प्रभावी इलाज ढूँढना**
- **लोगों को सही एवं सम्पूर्ण इलाज दिलाने के लिए उचित चिकित्सा व्यवस्था करना।**

इसके लिए क्या अध्ययन और प्रयास किए जा रहे हैं?

है और असर करती है।

मिक सूँघने से ऐसा क्यों हुआ?

मिक की विशेषता यह है कि वह हमारे शरीर के प्रोटीन के साथ क्रिया करती है, कोशिकाओं की दीवारों को नष्ट कर देती है तथा कोशिका द्रव को बाहर खींच लाती है। इस क्रिया से फेफड़ों और श्वास नली की अन्दर की सतह गल जाती है। श्वास नली में अधिक कफ पैदा हो जाती है। फेफड़ों में द्रव भर जाता है और वे काम नहीं कर पाते। इसे पल्मोनरी इडीमा कहते हैं और इससे मौत भी हो सकती है। इस कारण शरीर को प्राणवायु (ऑक्सीजन) कम मात्रा में प्राप्त होती है। अपर्याप्त ऑक्सीजन होने से शरीर के विभिन्न अंगों पर असर होता है। केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र (जिससे पूरे शरीर का संचालन होता है) शिथिल हो सकता है और हृदय धड़कना बन्द कर सकता है।

मिक की रासायनिक क्रिया से शरीर के कई आवश्यक रसायन एवं जीवाणु प्रभावित होते हैं। एसीटाइल कोलीन एस्ट्रेस एक विशेष एनजाइम है जिसका मस्तिष्क से शरीर के विभिन्न अंगों को संदेश भेज कर सक्रीय करने में विशेष योगदान है। मिक



के असर से यह एन्जाइम निष्प्रभावी हो जाता है। इससे शरीर के कई अंग विकृत रूप से काम करने लगते हैं और पेट, आँख, गले आदि की कई तकलीफें इस कारण से होती हैं।

मिक ने खून पर भी अपना असर दिखाया है। खून में साइनाइड होने की खबरें मिली हैं। कुछ शवों की जाँच से यह भी पता लगा है कि खून में यूरिया की मात्रा बढ़ गई और कुछ ऐसे मामले भी सामने आए जिन में खून धमनियों और हृदय में जम गया जिससे खून का दौरा बंद हो गया। कई शवों में हृदय में खून का नामोनिशान ही न रहा।

शरीर में पैदा हुए जहरीले रसायनों की सफाई जिगर (यकृत) व गुर्दों के माध्यम से होती है। परन्तु मिक की क्रिया से पैदा हुए जहरीले पदार्थों की मात्रा अधिक होने से जिगर और गुर्दे भी खराब हो सकते हैं।

खतरा दूरगामी प्रभावों का

मिक की क्रियाओं से शरीर में छूटे रसायनों के भी बुरे प्रभाव होने का अंदेशा है। कुछ

रसायन ऐसे हैं जिनसे कैन्सर होने की आशंका है।कुछ रसायनों से अनुवांशिकीय प्रभाव का डर है जिससे अगली पीढी के बच्चों पर कुप्रभाव हो सकते हैं।

गैस के कुछ असर तो शायद गैस पीड़ितों को जिन्दगी भर सहन करने पड़ेंगे। उनके शरीर इतने कमजोर पड़ गए हें कि अब निमोनिया, दमा, टी.बी. आदि बीमारियाँ उनको आसानी से घेर सकती हैं।

एक अहम सवाल...

2-3 दिसंबर की रात पहले मरीजों के गिरते-पड़ते हमीदिया अस्पताल पहुंचने पर वहां के डाक्टरों ने जब यूनियन कार्बाइड के डाक्टर से फोन पर गैस के बारे में पूछा तो वे बोले-"गैस जहरीली नहीं है!" अगले दिन सुबह भी वे बोले कि मिक से थोड़ी परेशानी होगी पर वह घातक नहीं है!! और उस समय भी कई लोग दम तोड़ रहे थे। पर क्या आप जानते हैं कि यूनियन कार्बाइड की अपनी ही सुरक्षा पुस्तिका में स्पष्ट लिखा है कि मिक एक ऐसा घातक रसायन है कि तुरंत इलाज के बावजूद भी उससे हुए नुकसान से बचा नहीं जा सकता?

वैज्ञानिक जाँच और इलाज.....

इसलिए जरूरत है सम्पूर्ण वैज्ञानिक जाँच की और उसके अनुसार कारगर इलाज की। इस जहर का असर जड़ से काटने की दवा दुनिया भर में पता नहीं है। आश्चर्य की बात यह है कि यूनियन कार्बाइड ऐसा रसायन इतनी बड़ी मात्रा में बनाता रहा परन्तु उनकी करोड़ो रुपए की प्रयोगशाला में उसकी दवा ढूँढने के कोई प्रयास नहीं हुए।

इस स्थिति में डाक्टर क्या इलाज कर रहे हैं? मरीजों की तकलीफों के लक्षण जैसे खाँसी, आँखों में जलन, उल्टी..... का इलाज उनकी आम दवाएं देकर किया जा रहा है। पर क्या यह काफी है?

महिलाओं पर विशेष असर....

गैस प्रभावित महिलाओं की माहवारी में खून का बहाव सामान्य से अधिक हो गया है और पीठ में दर्द की भी शिकायत है। कई गर्भवती महिलाओं के गर्भ गैस के असर में गिर गए। शिशु के गर्भ में ही शिथिल हो जाने और मृत पैदा होने के मामले भी सामने आए हैं। आशंका यह भी है कि गर्भ में शिशु के दिमाग या अन्य अंगों पर असर हो सकता है।

मिक से घिरे.....
हवा पानी पेड़ पौधे



■ पत्तियाँ झड़ी, झुलसी, पर पेड़ नहीं मरे नए अंकुर फूटे हैं पर मिक की इतनी भारी चपेट अन्दर तक असर कर नस्ल भी बिगाड़ सकती है। यानी आनुवांशिक असर—म्यूटाजेनेसिस।

■ कैंसर फैलाने वाले रसायन पानी और पौधों में पाए जा सकते हैं- कार्सिनोजेनेसिस।

घबराई हुई जनता को वैज्ञानिकों से सही जानकारी की अपेक्षा थी पर वैज्ञानिकों के कथन भ्रम में डालने वाले थे।

■ पानी साफ है पर उबाल कर पियो।
■ सब्जी ठीक है मगर धो कर पकाओ
■ मिक का पर्यावरण पर दूरगामी असर नहीं होगा

इन कथनों के आधार क्या थे?
क्या वैज्ञानिकों के पास भी सही जानकारी नहीं थी?
अगर नहीं थी, तो उन्होंने इस बात को कबूल क्यों नहीं किया?

■ गुलमोहर, नीम और अन्य पेड़ों की पत्तियां झड़ी।
पत्तियों के रंग बदले।



■ तुलसी और गुलाब काले पड़े।
■ सब्जियों पर असर हुआ।



■ मधुमक्खियाँ और तिलचट्टे मरे।

■ यहाँ तक कि मच्छर भी साफ हो गए।
■ गाय, भैंस, बकरी, कुत्ते, मुर्गे—मुर्गियाँ खत्म हुए।



और पीछे रह गए हैं....

यूनियन कार्बाइड के आसपास की बस्तियों में रहने वाले अधिकांश मजदूर, हम्माल ठेलेवाले जैसे गरीब मेहनतकश परिवार हैं। सैकड़ों परिवारों के कमाने वाले सदस्य गैस का शिकार हो गए। बहुत से ऐसे परिवार हैं जिनमें केवल विधवा, बूढे,या छोटे बच्चे ही बचे हैं। इन बेसहारा विधवाओं, बूढ़ों व अनाथ बच्चों की समस्या एक प्रचंड सामाजिक समस्या के रूप में उभर आई है। यही नहीं, गैस से पीड़ित अधिकांश व्यक्ति कोई काम नहीं कर पाते हैं। थोड़ी सी मेहनत करने पर सांस फूलने और सीने में दर्द आदि होने लगता है। मांस पेशियों के विकार के कारण लोग काम करने पर कमजोरी बहुत ही जल्दी महसूस करने लगते हैं। अब वे रोजी रोटी के लिए क्या करेंगे? देखा गया है कि वे धीरे धीरे साहूकारों के शिकंजों में फंसते जा रहे हैं। सवाल यह उठता है कि इन्हें किस प्रकार की राहत दी जाना चाहिए तथा उनके लिए किस प्रकार की पुनर्वास योजनाओं को लागू किया जाना चहिए। इसमें दो मत नहीं हैं कि यूनियन कार्बाइड से उन्हें मुआवजा मिलना चाहिए। मगर यह पता नहीं है कि वह कब मिलेगा। तब तक वे क्या करेंगे? सरकार की तरफ से राशन आदि दिया जा रहा है.....यह भी सब पीड़ितों तक नहीं पहुंच रहा है——मगर यह भी कब तक? अभी तक सरकार के तरफ से कोई पुनर्वास योजना घोषित नहीं की गई है। और साथ साथ यूनियन कार्बाइड अपनी जिम्मेदारी को नहीं निभा रहा है।



जानलेवा गैस

कल्पना कीजिए कि आप एक 60 घन मीटर (4 मीटर x5 मीटर x3 मीटर) कमरे में बंद हैं और उसमें सामान्य हवा है।
यदि कमरे में मिक गैस की 1.25 लीटर मात्रा छोड़ दी जाए (यानी हवा के 10 लाख भागों में 20 भाग मिक) तो आप आँख, नाक और गले में असहनीय जलन महसूस करेंगे

मिकः कुछ जानकारी

नाम : मिथाइल आइसो साइनेट (MIC- मिक)
रंग : रंगहीन
गंध : असहनीय मीठी तीखी
उबलांक : द्रव 39.1° सेंटीग्रेड पर उबलकर गैस बन जाती है
घनत्व : हवा से भारी (20° सेंटीग्रेड पर 0.96)
रासायनिक सूत्र : CH_3 NCO

मिकः तीसरे महायुद्ध में?

मिक का प्रभाव मनुष्यों पर क्या होता है, दुनिया में इसका सबसे बड़ा "प्रयोग" भोपाल में हुआ है। अभी तक प्रयोगशालाओं में मिक के प्रभाव के प्रयोग चूहों पर ही होते थे। भोपाल ने तो जानवरों की जगह "मानव चूहे" प्रयोग के लिए उपलब्ध करा दिए। यह कहा जा रहा है कि रसायन और जैविक युद्ध के बहुत से विशेषज्ञ मनुष्य पर मिक के प्रभाव के अध्ययन हेतु भोपाल आए। ये महानुभाव यह अध्ययन करते हैं कि क्लोरीन, फॉसजीन, साइनो गैस....इत्यादि गैसों का उपयोग युद्ध में मनुष्यों को मारने के लिए कैसे किया जा सकता है। शायद आने वाले युद्धों में मिक के उपयोग पर उनकी आँख है।

□ मिक प्लांट में प्रतिदिन आठ घंटे काम करने वाले मजदूर सारे समय रिसती हुई गैस सूँघते रहते हैं। मिक इतनी घातक गैस है कि अगर हवा के 10 लाख भागों में 0.02 भाग (वैज्ञानिक इसे 0.02 ppm अर्थात पार्ट्स प्रति मिलियन कहते हैं) से ज्यादा मिक हो तो इन मजदूरों के स्वास्थ्य पर दूरगामी बुरा असर पड़ सकता है। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्य सुरक्षा मानकों के अनुसार इस हवा को प्रदूषित माना जाएगा और फैक्टरी में ऐसी स्थिति कभी पैदा नहीं होनी चाहिए। इस सुरक्षा मानक को वैज्ञानिक TLV– थ्रेशहोल्ड लिमिट वेल्यू–अर्थात् सुरक्षा की अधिकतम सीमा मान कहते हैं।

□ मिक अन्य रसायनों की अपेक्षा अधिक क्रियाशील है। यह अम्लीय और क्षारीय दोनों तरह के रसायनों से तीव्रता से क्रिया करती है। पानी के साथ भी क्रिया करके मिथाइल अमीन और कार्बन डाइऑक्साइड बनाती है। इस क्रिया में ऊष्मा उत्पन्न होती है।

मिक कितनी घातक?

हवा के 10लाख भागों में जब केवल 5भाग मिक मिलाकर चूहों पर प्रयोग किया गया तो 4 घंटे के भीतर ही लगभग आधे चूहे मर गए।
चार आदमियों को जब 5 मिनट तक हवा में अलग अलग मात्रा में मिक मिलाकर सुंघाई गई तो निम्न परिणाम आए:

हवा के 10 लाख भागो में	0.4	भाग मिक	कोई प्रभाव नहीं
"	2.0	"	:आँसू बहने लगे। नाक और गले में जलन होने लगी
"	4.0	"	:अधिक जलन
"	21.0	"	:आँख नाक व गले में असहनीय जलन। (मृत्यु की संभावना)

भोपाल में जहर ऐसे बनता है.....

1. कार्बन मोनो ऑक्साइड प्लांट

एक विशेष प्रकार के कोयले को ऑक्सीजन की उपस्थिति में जलाया जाता है। इससे कार्बन मोनो ऑक्साइड और थोड़ी सी कार्बन डाइऑक्साइड बनती है। कार्बन डाइऑक्साइड को पानी में घोलकर अलग किया जाता है।

2. फॉसजीन प्लांट

इस कार्बन मोनो ऑक्साइड की क्लोरीन के साथ क्रिया करवाई जाती है। इस क्रिया में गैसें एक्टीवेटिड कार्बन पर से गुजरती हैं। इस क्रिया से फॉस्जीन का उत्पादन होता है।

3. मिथाइल आइसो साइनेट प्लांट

फॉसजीन की मोनो मिथाइल अमीन के क्रिया करवा कर मिथाइल आइसो साइनेट का उत्पादन होता है। इन दोनो को घोलने के लिए क्लोरोफॉर्म का उपयोग किया जाता है। इस प्रक्रिया में हाइड्रोक्लोरिक अम्ल भी बनता है जिसे रिफाइनरी में अलग करना पड़ता है। कुछ फॉसजीन भी बिना रासायनिक क्रिया में भाग लिए, बच जाती है। इसको भी निकाला जाता है और मिथाइल आइसो साइनेट में केवल 0.02 प्रतिशत फॉसजीन रहने दिया जाता है।

4. सेविन प्लांट

मिथाइल आइसो साइनेट को अल्फा नैफ्थॉल के साथ रासायनिक क्रिया करवाकर कार्बराइल बनाया जाता है। अल्फा नैफ्थॉल को पहले कार्बन टेट्राक्लोराइड (CCl_4) में घोला जाता है और इस घोल में धीरे धीरे मिथाइल आइसो साइनेट डाला जाता है। इस रासायनिक क्रिया में ट्राइमिथाइल अमीन उत्प्रेरक के रूप में उपयोग किया जाता है।

इस क्रिया में ताप उत्पन्न होता है और ताप का नियंत्रण करना जरूरी है क्योंकि अधिक ताप से कार्बराइल के बजाए कुछ और बन सकता है। ताप नियंत्रण हीट एक्सचेन्जर नामक यंत्र से किया जाता है। कार्बराइल बनने के बाद भी उसमें कुछ मिथाइल आइसो साइनेट रह जाता है। इसको निकाला जाता है। इस क्रिया में एक गूदानुमा मिश्रण (कार्बराइल और कार्बन टेट्राक्लोराइड) भी बचता है। इस 'स्लरी' को सर्ज टैंक में एकत्रित किया जाता है और वहाँ से फिल्टर में भेजा जाता है। यहाँ कार्बराइल और कार्बन टेट्राक्लोराइड अलग किए जाते हैं। कार्बराइल को ड्रायर द्वारा सुखाकर उसको डस्ट कलेक्टर में भेजा जाता है जहाँ वह बोरों में भरा जाता है।

इन सब रासायनिक क्रियाओं में कुछ गैस और रसायन बच जाते हैं। इनको या तो सीधे ज्वलन टावर में भेज दिया जाता है जहां इनको जलाकर हवा में छोड़ दिया जाता है या इस प्रक्रिया के पहले उनको कॉस्टिक सोडा स्क्रबर में भेजा जाता है। जहां उनको उदासीन किया जाता है।

कार्बराइल को अलग अलग ताकत की कीटनाशकों में पैक किया जाता है। विभिन्न फॉर्मूलेशन इस प्रकार हैं: सेविन 85 एस (स्प्रेयबल), 50 डब्ल्यू.पी. (वेटबल पाउडर).,10 डी (डस्ट), 5 डी, 4 जी (ग्रेन्यूल), सेविडोल 4-4जी, सेविमोल 40 एल.वी.,टेमिक 10 डी।

जहर ही जहर...

कार्बन मोनो ऑक्साइड

जहरीली गैस है। यह यूनियन कार्बाइड में ही बनती है।

रासायनिक सूत्र	: CO
रंग/गंध	: रंगहीन/गंधहीन
सुरक्षा की अधिकतम सीमा (TLV)	: हवा के 10 लाख भागों में 50 भाग
असर	: सूंघने पर घातक। सर दर्द और उल्टी। अधिक सूंघने पर खून पर असर और मृत्यु।

क्लोरीन:

जहरीली गैस है। यह ग्वालियर रेयॉन (नागदा) से आती है। प्रथम विश्व युद्ध में इसे एक रासायनिक अस्त्र के रूप में इस्तेमाल किया गया था।

रासायनिक सूत्र	: Cl_2
रंग/गंध	: हरा–पीला/जलन पैदा करने वाली
सुरक्षा की अधिकतम सीमा (TLV)	: हवा के 10 लाख भागों में 1 भाग
असर	: आँख, त्वचा और फेफड़ों में असहनीय जलन

फॉसजीन

जहरीली गैस है। यह यूनियन कार्बाइड में ही बनती है। इसका संग्रह नहीं किया जाता है बल्कि इसको मिथाइल आइसो साइनेट के उत्पादन के दौरान बनाया जाता है।

रासायनिक सूत्र	$COCl_2$
रंग/गंध	: रंगहीन/घास या भूसा जैसी गंध
सुरक्षा की अधिकतम सीमा (TLV)	: हवा के 10 लाख भागों में 0.1 भाग
असर	: सूंघने पर अति घातक। फेफड़े द्रव से भर जाते हैं जिससे मृत्यु हो जाती है

मोनोमिथाइल अमीन

जहरीली गैस/द्रव है। यूनियन कार्बाइड इसे राष्ट्रीय केमिकल्स एण्ड फर्टीलाइसर्स –बंबई से खरीदती है। इसको टंकियों में रखा जाता है।

रासायनिक सूत्र	: $CH_3 NH_2$
रंग/गंध	: रंगहीन/तेज, मछली जैसी गंध
सुरक्षा की अधिकतम सीमा (TLV)	: हवा के 10 लाख भागों में 10 भाग
असर	: आँख व श्वसन तंत्र में जलन पैदा करती है। त्वचा को जला सकती है।

सेविन बनाने की दो विधियाँ

1. बिना मिक के उपयोग से

सोडियम अल्फा नेफ्था ऑक्साइड और फॉसजीन की क्रिया से क्लोरोफार्मेट और सोडियम क्लोराइड बनते हैं। क्लोरोफार्मेट और मिथाइल अमीन की क्रिया से कार्बराइल (सेविन) और हाइड्रोक्लोरिक अम्ल बनते हैं।

2. मिक के उपयोग से

मिथाइल अमीन और फॉसजीन की क्रिया से मिथाइल आइसो साइनेट और हाइड्रोक्लोरिक अम्ल बनते हैं। मिथाइल आइसो साइनेट और अल्फा नेफ्थॉल की क्रिया से कार्बराइल (सेविन) बनता है।

यूनियन कार्बाइड मिक रहित तरीके से सेविन बनाती थी। पर अब वे यही सेविन उस विधि से बनाते हैं जिसमें मिक का इस्तेमाल होता है। इस तरीके को अपनाने का क्या कारण हो सकता है? क्या यह कारण पैसों की बचत हो सकता है? अगर ऐसा है, तो क्या लोगों की जानों के साथ इसलिए खिलवाड़ किया गया ताकि यूनियन कार्बाइड का थोड़ा पैसा बच जाए?

कीटनाशक संयंत्र के सुरक्षा साधन?

1. स्टोर टंकी

मिथाइल आइसो साइनेट को तीन टंकियों में रखा जाता है। इनके नम्बर 610, 611, व 619 हैं। 60 टन की क्षमता वाली एक टंकी में लगभग 40 टन मिक द्रव रखा जाता है। ये टंकियाँ स्टेनलैस स्टील की बनी हैं क्योंकि अन्य धातुओं से मिक क्रिया करता है। टंकियों का बेलनाकार आकार 40 फुट लंबा और 8 फुट व्यास का है और वे सीमेंट काँक्रीट के एक चबूतरे में धँसी है। टंकियाँ पाइप से एक दूसरे से जुड़ी हैं और पाइपों में गैस या द्रव का बहाव रोकने वाले वाल्व लगे हैं। जरूरत पड़ने पर एक टंकी का द्रव दूसरी टंकी में भेजा जा सकता है। हर टंकी के मुंह पर एक सेफ्टी डिस्क और एक सेफ्टी वाल्व लगा है जो दबाव के 40 पौंड प्रति वर्ग इंच से ऊपर बढ़ने पर स्वतः ही खुल जाते हैं। चूंकि मिक 39.1° सेन्टीग्रेड तापमान पर गैस में बदल जाती है और भोपाल में तापमान लगभग इतना ही रहता है, इसलिए टंकियों को ठंडा रखने के लिए शीतकारक व्यवस्था है। सामान्य तौर पर तापमान 0° सेन्टीग्रेड रखा जाता है। चूँकि मिक बहुत क्रियाशील है इसलिए टंकी के खाली हिस्से में नाइट्रोजन गैस हल्के दबाव से भर कर रखी जाती है। टैंक में नाईट्रोजन गैस भरने और निकालने की अलग से व्यवस्था रहती है।

2. कॉस्टिक सोडा स्क्रबर

50 फुट ऊँचे बोतल के आकार के इस संयंत्र में सेविन बनाने के बाद शेष बची मिक तथा अन्य गैसों को कॉस्टिक सोडा की फुहार छोड़कर बेअसर (उदासीन) किया जाता है। एक पाइप मिक की टंकियों से भी सीधा स्क्रबर में आता है। इस पाइप में सुरक्षा वाल्व लगे हैं जो टंकी में 40 पौंड

कॉस्टिक सोडा स्क्रबर



स्टोर टंकी



ज्वलन टावर



स्क्रबर में गैस नीचे से ऊपर की तरफ छोड़ी जाती है और कॉस्टिक सोडा का 10 प्रतिशत घोल ऊपर से नीचे की ओर। एक बार में गैस बेअसर न होने पर उसे दोबारा स्क्रबर में से गुजारने की भी व्यवस्था है। निष्क्रीय अवशेष स्क्रबर के नीचे से पाइप द्वारा निकाले जाते हैं।



प्रति वर्ग इंच से अधिक दबाव होने पर सुरक्षा के लिए स्वतः खुल जाते हैं।

3. ज्वलन टावर

स्क्रबर की क्रिया के बाद भी मिक सहित कुछ गैसें बची रह सकती हैं जो ज्वलनशील होती है। ये गैसें एक पाइप द्वारा ज्वलन टावर पर लाकर जलाई जाती हैं। ज्वलन टावर के मुहाने पर एक लौ 24 घंटे जलती रहती है।

4. वेन्ट पाइप

स्क्रबर से एक और पाइप सीधे 100 फुट ऊँचे 8 इंच मोटे वेन्ट पाइप में जाता है। इस वेन्ट पाइप के माध्यम से शेष निष्क्रीय गैसें सीधे हवा में छोड़ दी जाती हैं। इसका उपयोग तभी किया जाता है जब स्क्रबर से शेष बची गैसें कम जहरीली हों और उन्हें ज्वलन टावर में जलाने की जरूरत न हो।

5. पानी का परदा

चूँकि मिक पानी से क्रिया कर निष्प्रभावी हो जाता है, पानी की जबरदस्त बौछार से मिक को बेअसर बनाया जा सकता है। लेकिन पानी की मात्रा मिक से 9 गुना अधिक होना चाहिए। टंकियों से यदि कोई छोटा मोटा रिसन होता है तो टंकियों के आसपास लगे फव्वारे चलाकर उनसे आ रहे पानी से मिक उदासीन हो जाता है। ये फव्वारे टंकी के चारों ओर 30 से 45 फुट ऊँचे पानी के परदे का निर्माण करते हैं।

भोपाल गैस चेम्बर कैसे बना?

दुर्घटना क्यों हुई, इसके कारणों की ठीक जानकारी किसी को नहीं है।

दुर्घटना के सम्भावित कारण

शुद्ध मिथाइल आइसो साइनेट को यदि अधिक दिनों तक जमा करके रखा जाता है तो उसमें पॉलीमराइजेशन की क्रिया होने की सम्भावना रहती है। पॉलीमराइजेशन एक विशेष क्रिया है जिसमें पदार्थ के अणु एक दूसरे से जुड़ जाते हैं– जैसे जंजीर में कड़ियाँ–और एक ज्यादा बड़ा अणु बना लेते हैं। मिथाइल आइसो साइनेट के पॉलीमराइजेशन से ऊष्मा उत्पन्न होती है। पॉलीमराइजेशन की क्रिया न हो इसके लिए मिथाइल आइसो साइनेट में थोड़ी (0.02 प्रतिशत) फॉसजीन मिला कर रखा जाता है। इससे अधिक फॉसजीन होने पर एक नया खतरा पैदा होता है। टंकी में रखी मिक में 2 प्रतिशत फॉसजीन बताई जाती है। यानी 40 टन मिक में लगभग 800 किलो ग्राम फॉसजीन थी।

ऐसा कहा जाता है कि टंकी न. 610 में आधा किलो ग्राम पानी चला गया था। पानी टंकी में कैसे पहुंचा, यह किसी को मालूम नहीं है। शायद वाल्व साफ करते समय गलती से पानी टंकी में घुस गया। इस पानी ने मिथाइल आइसो साइनेट में उपस्थित फॉसजीन के साथ क्रिया कर ली। इस क्रिया से हाईड्रोक्लोरिक अम्ल और कार्बन डाइ ऑक्साइड बना। (हाइड्रोक्लोरिक अम्ल की टंकी की स्टेनलैस स्टील की चादरों से क्रिया होने पर लोहे का तत्व भी मिक में घुल गया।) इस क्रिया में ऊष्मा उत्पन्न हुई और गैस बनने से टंकी में दबाव भी बढ़ा। ताप बढ़ने से, और उपस्थित अशुद्धियों से, द्रव मिथाइल आइसो साइनेट में पॉलीमराइजेशन शुरू हो गया। इस क्रिया में और ऊष्मा उत्पन्न हुई। इससे पॉलीमराइजेशन तेज हो गया और द्रव मिथाइल आइसो साइनेट, अधिक ताप के कारण, गैस में परिवर्तित हो गया। पॉलीमराइजेशन शुरू में धीरे धीरे होता है, बाद में यह क्रिया तेज हो जाती है।

पॉलीमराइजेशन से तापमान बढ़कर 100° से200° सेन्टीग्रेड के बीच हो गयाक्रिया इतनी तेज थी कि टंकी हिलने लगी और उसके चारों तरफ बने सीमेन्ट कॉंक्रीट के चबूतरे में दरार पड़ गई। द्रव गैस में बदलने से टंकी के अन्दर दबाव और बढ़ गया। और यह इतना बढ़ा कि गैस ने सेफ्टी डिस्क को तोड़कर सेफ्टी वाल्व खोल लिया। यह वाल्व 40 पौंड प्रति वर्ग इंच दबाव ही सह पाता है। वाल्व खोलकर गैस सीधी स्क्रबर में चली गई।

कहा जाता है कि....

☐ स्क्रबर चालू नहीं किया गया क्योंकि उसको चालू करने वाली दोनों मोटर खराब थीं।

☐ स्क्रबर चालू किया था, पर कॉस्टिक सोड़े का घोल नहीं था।

☐ स्क्रबर चालू किया था, पर कॉस्टिक सोड़े का घोल ज्यादा हल्का था।

☐ रिसन इतनी अधिक मात्रा और दबाव में हो रहा था कि रिस रही गैस की पूरी मात्रा को उदासीन कर पाना संभव नहीं था।

स्क्रबर से एक पाइप ज्वलन टावर में जाती है, जहाँ पूरी फैक्टरी की बेकार बची ज्वलनशील गैसों को जलाया जाता है। यह ज्वलन टावर पिछले कुछ दिनों से मरम्मत के लिए बन्द था।

आठ इंच व्यास वाला एक वेन्ट पाइप स्क्रबर में से आसमान में जाता है, जहाँ से उत्पादन के बाद बची अवशेष निष्क्रीय गैसें बाहर निकाली जाती हैं। संयोग से यह पाइप दुरुस्त था और काम कर रहा था। गैस इसी रास्ते से बाहर निकल गई और जानलेवा सफेद बादल के रूप में वातावरण में छा गई।

दुर्घटना से उपजे कुछ सवाल...

☐ मिथाइल आइसो साइनेट को इतने लंबे समय तक जमा करके क्यों रखा गया था? जबकि सुरक्षा की दृष्टि से इसे 15 दिन से अधिक दिनों तक जमा नहीं रखा जाना चाहिए। यह मिथाइल आइसो साइनेट 22 अक्टूबर को तैयार की गई थी और 15 नवम्बर को इस्तेमाल की जानी थी।

☐ कहा जाता है कि टंकी वाटर प्रूफ थी, फिर पानी अन्दर कैसे पहुंचा?

☐ खतरे की सूचना देने के लिए टंकियों में ताप और दबाव के सूचक लगे रहते हैं। टंकी नं. 610 के दोनों सूचक खराब थे। इसको क्यों नहीं सुधारा गया था?

☐ मिक में फॉसजीन की मात्रा इतनी अधिक क्यो थी?

☐ टंकियों का तापमान कम रखने वाला शीतकारक यंत्र (रेफ्रिजरेशन सिस्टम) साल भर से बन्द था। क्यों?

☐ मिथाइल आइसो साइनेट द्रव जिन टंकियों में रखा जाता है वे पाइप द्वारा आपस में जुड़ी रहती है। दबाव पड़ने पर पाइपों के बीच लगे वाल्व को खोलकर द्रव को एक टंकी से दूसरी टंकी में भेजा जा सकता है। दुर्घटना के समय टंकी नं. 610 से निकल रही मिक को खाली टंकी नं. 619 में क्यों नहीं भर लिया गया? यह व्यवस्था ऐसी क्यों नहीं थी कि दबाव बढ़ने पर वाल्व अपने आप खुल जाते?

☐ यह स्पष्ट है कि स्क्रबर महत्वपूर्ण सुरक्षा साधन है। यदि मोटर खराब थी तो उसे सुधारा क्यों नहीं गया?

☐ स्क्रबर में सोडा की सांद्रता कम क्यों थी?

☐ स्क्रबर स्वचालित क्यों नहीं था? ताकि खतरा उत्पन्न होने पर अपने आप चालू हो सके?

☐ स्क्रबर की क्षमता तो मात्र पहले आधे घंटे में 5 टन गैस व उसके बाद हर आधे घंटे में एक टन गैस निष्क्रीय करने की है जबकि 40 टन से भी अधिक गैस टंकी में भरी थी जो एक घंटे से कम में ही सारी छूट गई। सुरक्षा साधनों में ऐसी कमी क्यों?

☐ ज्वलन टावर को 24 घंटे जलते रहना आवश्यक है। यदि वह खराब था तो समय रहते ठीक क्यों नहीं किया गया?

☐ क्या खर्चा बचाने के लिए सुरक्षा संयंत्रों को बन्द किया गया था?

ऐसा क्यों

फैक्टरी में जैसे खतरनाक रसायनों का उपयोग होता था, उसके हिसाब से सुरक्षा व्यवस्था और खतरे की चेतावनी देने वाले सूचक यंत्र पर्याप्त नहीं थे।जो उपलब्ध थे वो काम नहीं कर रहे थे। यह तो सामान्य हालत की बातें ठहरीं। 2 दिसम्बर जैसी असामान्य स्थिति का मुकाबला करने की कोई तैयारी या पूर्व योजना तो थी ही नहीं। जबकि 11 सितम्बर 1984 को लिखे गए यूनियन कार्बाइड के एक मेमोरेन्डम में ऐसी ही स्थिति की चेतावनी अमेरीका स्थित प्लांट के लिए दी गई थी। क्या अमेरीकी प्लांट ने इस तरह की सम्भावना की जानकारी भोपाल प्लांट को पहुंचाई? खतरा टालने की कोई तरकीब सोची? खतरनाक मिक की इतनी अधिक मात्रा का भंडारण करना क्या जरूरी था? मिक का तुरन्त उत्पादन और तुरन्त सेविन में परिवर्तन की प्रणाली क्यों नहीं अपनाई गई? सेविन का उत्पादन बिना मिक का उपयोग किए दूसरे तरीके से भी संभव है। वह तरीका क्यों नहीं अपनाया गया?

सुरक्षा में लापरवाही क्यों?





☐ कम्पनी के अमेरिकी विशेषज्ञों के अनुसार भी सुरक्षा साधन ठीक नहीं थे। अमेरीका में इस तरह कारखाना चलाने ही नहीं दिया जाता।

☐ अमेरीका में यूनियन कार्बाइड के कारखाने में कम्प्यूटर चलित सुरक्षा साधन हैं। भारत में हाथ से चलित सुरक्षा साधन हैं।

☐ पिछड़े देशों की गरीबी और विकास की जरूरतों का फायदा उठाकर बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ खतरनाक से खतरनाक कारखाने, सावधानी बरते बिना यहाँ चला लेती हैं। इन देशों का नियम इन मामलों में बहुत कमजोर और अपर्याप्त है।

☐ उत्पादन न होने वाले महीनों में सुरक्षा व्यवस्था भी बन्द कर दी जाती थी—मिक टंकी में भरी हो या नहीं। कहा जाता है कि सुरक्षा साधनों को चालू रखने पर हर दिन 20000 रुपए का खर्च आता है।

☐ आश्चर्य की बात यह है कि यूनियन कार्बाइड ने सभी सुरक्षा साधनों को एक साथ निष्क्रीय कैसे होने दिया, खासकर जब इतने विषैले पदार्थ उनके भण्डार में थे और कार्बराइल का उत्पादन 26 नवम्बर तक चालू था?

☐ कई सालों से भोपाल के कारखाने में बन रहे सेविन कीटनाशक की मांग घट रही थी। इस लिए कारखाना साल में तीन—चार महीने ही चल रहा था।

☐ पिछले चार सालों में यूनियन कार्बाइड को 5 करोड़ रुपए का घाटा हुआ।

☐ खर्चा बचाने के लिए मजदूरों की छंटनी हुई। प्रशिक्षित मजदूरों को बैटरी कारखाने भेजा जाने लगा। कई नौसिखिए और सस्ते मजदूर खतरनाक मिक प्लांट को सम्भाले थे। काम के घंटों में कटौती की गई।

☐ सेविन बनाने की दो विधियाँ उपलब्ध थीं। तो फिर खतरनाक मिक का उपयोग करने वाली प्रणाली ही क्यों अपनाई गई?



कारखाना चलाने की अनुमति कैसे?

अक्टूबर 1975 में भारत सरकार के उद्योग मंत्रालय ने यूनियन कार्बाइड को लाइसेंस दिया तब क्या इन बातों का ध्यान नहीं रखना चाहिए था कि-

□ सेविन कीटनाशक बनाने के सबसे सुरक्षित तरीके की ही अनुमति दी जाए (सेविन बनाने के ऐसे भी तरीके हैं जिनमें मिक का उपयोग नहीं होता)।

□ कारखाने में ऐसी चीजों का इस्तेमाल न हो जिससे मनुष्य जीवन और पर्यावरण पर ऐसा घातक असर पड़े जिसका इलाज तक नहीं मालूम? और जिन चीजों के असर के बारे में दुनिया भर में जानकारी ही बहुत कम हो।

The protagonists of the enlarged cyanogen pool theory have established that MIC in the body gets attached to the haemoglobin by a process of carbamylation. They believe that by a mechanism as yet unknown the cyanogen pool within the body is increased. In these circumstances, its conversion to thiocyanate by rhodanase, can be accelerated by administration of sodium thiosulphate (NTS). This is the rationale in using NTS as an antidote for cyanide poisoning. The resultant thiocyanates are excreted in urine, and this can be used to test the proposed theory itself.

The ICMR conducted a double blind clinical trial using sodium thiosulphate and glucose as a placebo on gas affected patients in January. Majority of patients who received NTS showed significant improvement and 10 out of the 19

patients showed an eight fold increase in urinary thiocyanate levels. Those who received glucose did not show significant changes. Unfortunately, and due to reasons best known to itself, the ICMR has not made the details of the findings of this crucial trial, public. The opponents of the theory too have conducted a trial-not double blind, which they say does not confirm the hypothesis. They too have withheld their findings from public scrutiny.

The Study by mfc

The mfc had decided at its annual meet held at the end of January 1985, to respond to a series of appeals from various non-governmental organizations(NGOs)and citizen's forums to undertake an epidemiological investigation, so as to support the victims and the NGOs in their struggle for proper relief and a more meaningful rehabilitation process. Some members of mfc visited Bhopal in mid-February to assess the situation and the actual epidemiological survey was conducted between 18-25 March 1985 by 11 members of mfc and 3 friends from the Baroda Medical College.

It must be admitted that the mfc had neither the human power nor the material resources to launch a full scale investigation. Our initial, fact finding survey revealed :

(i) official secrecy regarding all information on the disaster;

(ii) absence of open scientific debates;

(iii) lack of encouragement to NGOs.

The mfc therefore decided to:

(i) make an epidemiological assessment of the current health status and health problems of the people;

(ii) to examine the findings in the light of the two controversial theories;

(iii) to evolve a critique of the medical reasearch and relief programme;

(iv) to make recommendations for a more meaningful relief and rehabilitation policy.

The ICMR summaries of research undertaken and press releases available to us were inadequate and sketchy. We decided that we would go primarily by the broad range of symptomatology with which the patients in the community were presenting. We supplemented this by a thorough physical examination and undertook haemoglobin estimations and lung function tests. A criticism against this approach of reliance mainly on symptoms could be that it lacks objectivity. However, we believe that a thorough study of symptoms is a perfectly valid method of study as has been accepted in a whole range of medical conditions like chronic bronchitis, ischaemic heart disease, arthritis etc.

The study population

The study was a community based, case/control study. Two slums were selected for the study: (i) *J P Nagar* situated in the close vicinity of the Union Carbide factory and the worst affected by the gas leak. (ii) *Anna Nagar* 10 km away with the least exposure, which served as the control. There was no area which was similar to JP Nagar in socio-economic and environmental characteristics and yet escaped exposure and, therefore, Anna Nagar with the least exposure was the best control that could be chosen.

Rapport was established with the people by explaining to them our objectives and making it very explicit that we were not there to offer any financial compensation, medical treatment etc. The slum dwellers were given a hand out in Hindi explaining the role of mfc and a commitment was made that the salient findings of our study and our recommendations would be made available to them.

Sample Selection

The families for study were selected by random sampling, an accepted statistical method used in community

based studies. Only subjects above 10 years of age were selected. Those less than ten years were excluded in view of their probable inability to report symptoms correctly. All details were entered in a pre-designed proforma. In addition, lung function tests were done by standard procedures using a portable spirometer by a doctor fully familiar with measuring these under field conditions.

Observations

The two slum populations were similar in age and sex composition, in the number of smokers and of people with long standing respiratory problems like asthma, tuberculosis etc. The JP Nagar residents who were the more affected, were slightly better off economically but this is of no significance in so far as morbidity rates in JP Nagar are concerned. *(For details of actual figures, see our Report.)*

An unexpected finding was that people as far away as Anna Nagar (our control population) were minimally exposed and we observed a larger number of serious symptoms in this group than one would expect. This fact narrows down the differences in rates of symptoms observed between the two populations. The health impact of the toxic gases on the exposed population is therefore much greater than what our study reveals.

The subjects described *a broad range of symptoms arising from most of the different systems in the body.* Each symptom was described in such graphic detail that it was obviously based on the patient's own experience and could not be malingering or wild imaginations as some are apt to allege. Since these symptoms could arise due to different causes and since the residents of Anna Nagar, the controls, were also exposed to the gas, albeit to a small extent, the latter also reported those symptoms. However, *JP Nagar residents had a much higher (statistically highly significant) incidence of these symptoms compared to Anna Nagar.*

The commonest symptom was breathlessness on accustomed exertion. The following symptoms were highly significantly different (higher) in J P Nagar as compared to Anna Nagar: cough with expectoration, chest pain, blurred vision, photophobia, headache, fatigue, loss of memory for recent events, weakness in exremities, muscle ache, abdominal pain, nausea, and anxiety/depression (see table). The following six symptoms were also significantly different: dry cough, breathlessness at rest, watering of eyes, skin problems, bleeding tendency, and impotence. On grouping the symptoms according to the systems, most of them are related to the pulmonary system (respiratory), the gastrointestinal system (digestive), the eye and the central nervous system. It is important to note that this survey was conducted more than three months after the disaster, and the victims still continued to suffer so many multisystemic symptoms. Moreover *every individual in the J P Nagar sample reported atleast one serious symptom* but many in the Anna Nagar sample did not report any such. *Probably the most crucial finding of significance was that 35% of the patients had gastro-intestinal, central nervous system and eye symptoms in the absence of any lung findings.* This cannot be explained by the theory that the multisystemic symptoms are due to hypoxia (decrease of oxygen in blood stream) secondary to lung damage. It points to the possibility of a circulating toxin in the blood, affecting all the systems.

Our findings also refute the speculation that much of the present morbidity is due to a high prevalence of chronic diseases like tuberculosis, asthma, bronchitis etc., *and high rates of smoking* among the affected basti population.

Women in the reproductive age group reported menstrual irregularities such as shortened menstrual cycles, altered pattern of discharge, pain during menstruation and excessive white discharge. These symptoms were compared not only between the two populations, but also with respect to the

Salient Findings of the Study

Comparison of symptoms/investigations in J P Nagar and Anna Nagar

(expressed in percentage) (No. of cases are shown in brackets)

Sl No	Symptom	J P Nagar		Anna Nagar		P Value
1.	Breathless on usual exertion	87.16	(129)	35.50	(49)	<< 0.001
2.	Chest pain/tightness	50. 0	(74)	26.08	(36)	<< 0.001
3.	Weakness in extremities	65.54	(97)	36.95	(51)	<< 0.001
4.	Fatigue	81.08	(120)	39.85	(55)	<< 0.001
5.	Anorexia	66.21	(98)	28.26	(39)	<< 0.001
6.	Nausea	58.10	(86)	16.66	(23)	<< 0.001
7.	Abdominal pain	53.37	(79)	25.39	(35)	<< 0.001
8.	Flatulence	68.91	(102)	25.36	(35)	<< 0.001
9.	Blurred vision/photophobia	77.02	(114)	38.40	(53)	<< 0.001
10.	Abnormal distant vision	42. 0	(65/141)	21.88	(21/96)	< 0.001
11.	Loss of memory for recent events	45.27	(67)	11.59	(16)	<< 0.001
12.	Tingling & Numbness	54.72	(81)	20.28	(28)	<< 0.001
13.	Headache	66.89	(99)	42.02	(58)	<< 0.001
14.	Muscleache	72.97	(108)	36.23	(50)	<< 0.001
15.	Anxiety/depression	43.92	(65)	10.14	(14)	<< 0.001
16.	Impotence	8.10	(12)	0.72	(01)	< 0. 05
17.	Haemoglobin (male) (mean gm%)	14.68	(1.79)*	12.70	(1.35)*	< 0. 01
18.	Haemoglobin (female) (mean gm%)	12. 7	(1.46)*	10.79	(1.34)*	< 0.001

* Standard deviations of means

pattern in the same group before the gas disaster and the difference was found to be stastistically significant.

Nearly half of the nursing mothers in J P Nagar reported a decrease or complete failure of lactation.

8% of the men reported impotence.

The number of pregnant women in the sample is too small to come to any conclusion about the effect of the exposure on the outcome of pregnancy. We are conducting a detailed study of pregnancy outcome in September 1985.

Many residents had symptoms of anxiety, and some had frank depression. Many had loss of memory for recent events.

Mean pulse rates and respiratory rates were not significantly different in both sexes in JP Nagar and Anna Nagar. Mean haemoglobin concentrations in both males and females were significantly higher in JP Nagar than in Anna Nagar, suggesting that compensatory mechanisms in the body had begun to respond to the hypoxia.

The mean values of lung function tests were statistically significantly lower in JP Nagar as compared to Anna Nagar particularly in the age group 15-44 and 45-60 in both sexes. The pattern was primarily restrictive.

An important finding of grave significance is that 65% of the working persons in JP Nagar experienced a drop in income ranging from 20% to100% as opposed to only 9% in Anna Nagar. This reflects the way in which the physical/mental disability of the people caused by the disaster has affected their working and earning capacities.

The causative factor

The presence of such varied symptoms suggests the involvement of more organs and body systems than the lungs alone. These cannot be explained by the pulmonary

theory alone even though pulmonary lesions can cause peripheral hypoxia and hence muscular fatigue and so on. On the other hand, the enlarged cyanogen pool theory can better explain the varied and apparently unconnected symptomatology. It must be emphasised that both theories are probably playing a role in the causation of symptoms. However, the ICMR has not tested the cyanogen pool hypothesis rigourously. It has studied only the seriously ill, hospitalized patients and concentrated mainly on the lung symptoms. They do not say whether the non-pulmonary symptoms (symptoms not related to lungs) were also relieved by sodium thiosulfate and curiously has not made its findings public. One therefore, may also question whether the cyanogen pool theory is fully valid.

It must be stressed here that the mfc is not rejecting the cyanogen pool theory. It is only to point out that the country's main medical research pody has failed to be rigorously scientific in testing its own hypothesis.

Sodium thiosulphate therapy

We have already explained how sodium thiosulphate (NTS) will help remove cyanide radicals from the body. If the enlarged cyanogen pool theory has been established, even as one of two causative factors the victims should receive NTS treatment. Some of the local doctors and beaurocrats availed themselves of this, after the cyanide theory was proposed, yet the affected people in the bastis were not given the drug.

The ICMR at a meeting held on on 4 Feb 85, issued guidelines for NTS treatment. The medical group of Bhopal which was opposing the treatment, was also present at the meetings, according to the minutes. Yet they opposed the treatment later with the argument that they are not convinced of its efficacy. The question is not of a doctor's conviction. A doctor's choice of treatment cannot be arbitrary. The

question is whether there is scientific evidence in favour of NTS therapy and whether there is equally strong, if not stronger, evidence against the use of NTS in this situation.

NTS with its specific action is a better therapeutic agent than the non-specific remedies that are being used for the lung symptoms. A dominant section of the doctors of Bhopal are thus guilty of delaying treatment and by not revealing the findings of its clinical trial, the ICMR too has to accept part of the blame for the continuing suffering of the victims.

After a few weeks of controversy the NTS therapy has now been accepted but mass detoxification is still being strongly opposed.

The trial with NTS is not the only study launched by the ICMR. It has sponsored many other studies on the Bhopal victims, but they lack an integrated approach. Thus lungs, eyes etc., are being examined independent of each other, by different investigators and the ICMR is unwittingly lending support to the first theory, namely, that MIC gas damages only tissues with which it comes into dirrect contact.

What exactly happened to the gas victims?

So many months after the disastrous gas leak, one still does not know what exactly has happened to those who inhaled the gases and are still surviving. This is not because all attempts to unravel the mystery have failed but because an integrated approach has not been taken to do so. Months after the disaster, thousands of the survivors are still suffering from debilitating symptoms which prevent them from going back to work.

The medical community and the officialdom have been adhoc in their efforts to render adequate succour to these hapless victims. A powerful medical lobby in Bhopal have opposed sodium thiosulfate, a treatment, with good potential

to the patients. They have no convincing argument for their stand. The IMA, (Indian Medical Association) the organisation which has authority over the medical profession, has remained totally mute. The doctors as well as the ICMR have concentrated entirely on those who were hospitalised and have not evolved a holistic, community approach to understanding the problem. The ICMR sponsored local studies with exception of the NTS trials have lacked the rigour and the epidemiological orientation that are necessary in arriving at a meaningful understanding of the problem.

A point of utmost significance is that the victims of the Bhopal gas disaster mostly belong to the lowest strata of society and are not in a position to fight for their rights, be it medical aid or monetary compensation. It is, therefore, not very surprising that the government and its organisations have shown marginal interest in the after effects. It also reveals a lack of interest among our scientific community in investigating an environmental disaster of an unprecedented nature. On the other hand, one can observe the striking contrast with which all attempts were made to retrieve the Black Box of Kanishka, whose mid-air explosion resulted in the death of only 326 persons but needless to remind of the upper socio-economic class.

Recommendations

Research

1. The research and follow up studies should shift focus from hospital/dispensary based studies of seriously ill patients to family/community based ambulatory patients.
2. Well designed clinical trials should be further initiated using sodium thiosulphate as a therapeutic and epidemiological tool to further establish the significant could role it could play in mass therapy.

Care, Surveillance and Rehabilitation

3. Psychosocial assessment and consequent counselling and rehabilitation are urgently required.
4. Mass treatment with sodium thiosulphate based on ICMR guidelines should be initiated maintaining good medical records.
5. A surveillance programme should be undertaken to assess risks to pregnant mothers, unborn babies and new born babies. There should also be close monitoring of the gynaecological problems of women.
6. It is necessary to have a long term surveillance of lung function in view of the postulated damage to lungs and resultant lung fibrosis. Similarly, eyes should be examined regularly.
7. A comprehensive listing of all gas disaster victims is a long overdue task necessary for mass treatment, compensation and rehabilitation. This must be done immediately.

Communication

8. There is urgent need to evolve a continuing education strategy for all health personnel including doctors working in both government and non-governmental centres. These could be through newsletters, handouts and informal group meetings.
   The areas identified are:
   (i) sodium thiosulphate therapy;
   (ii) identification and management of psycho-social stress;
   (iii) risks to mothers and unborn foetus and need for surveillance;
   (iv) family planning advice till completion of detoxification;
   (v) role of respiratory physiotherapy;
   (vi) management of lactation failure;
   (vii) caution against overdrugging;

(viii) need for open minded surveillance of high risk groups;

(ix) importance of medical records.

9. There is also urgent need for dynamic creative non-formal health education of the affected community through group meetings, posters and pamphlets with information and messages built around their life style, culture and existing socio-economic situation.

The areas identified are :

(i) sodium thiosulphate therapy;

(ii) ongoing research programmes and informed consent;

(iii) risk to unborn and new born babies;

(iv) family planning advice;

(v) respiratory physiotherapy;

(vi) management of lactation failure including low cost weaning foods;

(vii) importance of records and regular check ups;

10. Occupational rehabilitation and compensation: In the ultimate analysis care of illness, health education, psychosocial counselling would be inadequate measures if they were not backed by adequate monetary compensation and urgent occupational rehabilitation of the disaster victims. This would have to be imaginatively done keeping their previous occupations and the residual disabilities in mind.

Coordination

11. The government machinery alone cannot handle such a massive task. The government must adopt a policy of enlisting the help of all non-governmental agencies and groups wishing to work in Bhopal. This enlistment must be active and supportive.

and finally

12. It is imperative that the victims as well as the entire country must be provided with all the details of how the accident occurred, of the nature of the chemicals released and of the reasons why the detoxification by sodium thiosulphate has been so badly mismanaged.

medico friend circle

The medico friend circle (mfc) is a circle of friends with medical /non-medical backgrounds who share the common conviction that the present system of health services and medical education is lopsided in the interest of the privileged few and must be changed to serve the interests of the large majority, the poor. mfc fosters a 'thought current': upholding human values, people and community orientation of health care and medical education, demystification of medical science and a commitment to the guidance of medical interventions by peoples' needs and not commercial interests.

mfc offers a forum for dialogue/debate, sharing of experience and experiments with the aim of realising the goals outlined above, and for taking up issues of common concern for action.

For further details regarding mfc BHOPAL STUDY contact--

Ashvin Patel
ARCH
21 Nirman Society
Alkapuri
Vadodara 390005

OR

Anil Patel
ARCH
Mangrol (At & P.O.)
Via Rajpipla
Dist Bharuch
Gujarat 393 150

(A detailed report of the study including background, objectives, materials and methods, observations and results, discussion, recommendations, important appendices including proformas and references and reading list is also available on request from the **mfc organizational office** *326 V Main I Block Koramangala Bangalore 560034*

Price Rs. 8. 00)



हमारी सेहत हमारी लड़ाई

भोपाल गैस पीड़ितों के लिए स्वास्थ्य की पुस्तिका

मेडिको फ्रेंड सर्कल 1986 एकलव्य

इस किताब में क्या है?

इस किताब में भोपाल गैस हादसे से पैदा हुई स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में चर्चा है।

- लोगों की स्वास्थ्य समस्यायें क्या हैं?
- उनके बारे में हम क्या जानते हैं?
- शरीर के बारे में जानकारी।
- सही इलाज के बारे में हमें आज तक क्या मालूम है और
- क्या मालूम नहीं है?
- सही इलाज कैसे प्राप्त किया जा सकता है?
- स्वास्थ्य के मामले में हमारे क्या हक हैं?

यह किताब इनके लिये है

- गैस पीड़ितों के लिये।
- स्वास्थ्य कार्यकर्त्ताओं के लिये।
- अन्य स्वयंसेवकों के लिये।
- आम नागरिकों के लिये।
- गैस पीड़ितों के बीच काम करने वाली संस्थाओं के लिये।
- स्वास्थ्य योजना बनाने वाले और स्वास्थ्य अधिकारियों के लिये।

इस किताब का पूरा लाभ उठायें

- खुद पढ़कर।
- अनपढ़ लोगों को चित्रों द्वारा समझाकर।
- स्वास्थ्य कार्यकर्त्ताओं को प्रशिक्षण देकर।
- स्वास्थ्य और सूचना केन्द्रों में लोगों को जानकारी देने के लिये।
- स्वास्थ्य अधिकारियों और डाक्टरों को बताकर।

इस किताब की प्रतियाँ पाने के लिये इन पतों पर लिखें:

एकलव्य,
ई 1/208, अरैरा कालोनी,
भोपाल (म.प्र.)
462016

मेडिको फ्रेंड सर्कल
1877, जोशी गली
निपाणी 591 237
जिला. बेलगाम (कर्नाटक)



भूमिका



इस किताब का इतिहास गैस पीड़ितों की लड़ाई से जुड़ा है। यूनियन कार्बाइड से जहरीली गैसों के रिसन के बाद कुछ ही दिनों में यह साफ हो गया था कि ज्यादातर गैस से मरने वाले और गैस के असर से बीमार लोग गरीब हैं। इसलिये उनकी समस्याओं को नजरअंदाज करने की कोशिश लगातार होती रही है। गैस पीड़ितों को कदम-कदम पर अपने हक, मुआवजे, स्वास्थ्य और दोषी लोगों को सजा दिलवाने के लिए लड़ना पड़ रहा है। आज भी न तो सभी लोगों को अंतरिम राहत मिली है और न ही उनके इलाज का सही इंतजाम हो पाया है।

यह साफ है कि उनके स्वास्थ्य की समस्या कई सालों तक रहेगी। एक मुश्किल यह भी है कि इस तरह का हादसा पहले कभी नहीं हुआ था। इसलिये डाक्टर लोग खुद भी पूरी तरह से नहीं जानते कि इस हादसे से उपजी स्वास्थ्य समस्यायें क्या हैं, और उनका सही इलाज क्या है। जो जानकारी है वह भी बहुत कम लोगों को दी गई है। खासकर गैस पीड़ितों के पास तो बहुत ही कम लोगों ने सही जानकारी पहुँचायी है। इस माहौल में गलत इलाज, डाक्टरों (कुछ को छोड़कर) और दवा कंपनियों द्वारा मरीजों की लूट आदि का बाज़ार गर्म रहा है। दूसरी ओर गैस पीड़ितों में अपने अच्छे होने की उम्मीद बंधने के बजाय धीरे-धीरे टूट रही है।

इन हालातों में अपने सीमित साधनों के बावजूद स्वयंसेवी संगठनों ने महत्वपूर्ण काम किया है। हादसे के तुरंत बाद हजारों स्वयंसेवक मदद के लिए कूद पड़े। सबसे पहले भोपाल के ही छात्रों, कर्मचारियों और नागरिकों ने अथक मेहनत की। आज भी गैस पीड़ितों के इलाज और हक की लड़ाई में इन स्वयंसेवी संस्थाओं और व्यक्तियों का योगदान बहुत अहम है। गैस पीड़ितों को ज्यादातर जानकारी इन्हीं लोगों की पहलकदमी से मिली है।

यह किताब भी कुछ ऐसे ही लोगों की कोशिशों का नतीजा है। इसके लिखने वालों ने भोपाल में खुद 'जन स्वास्थ्य केन्द्र' में बैठकर लोगों का इलाज किया है और गैस पीड़ितों के घरों में जाकर उनसे लंबी बातचीत की है। इसके अलावा अन्य स्वयंसेवी संगठनों के

स्वास्थ्य कार्य और जनआंदोलनों से भी सीखा है। इन संगठनों की रपटों से भी काफी जानकारी मिली। कई अखबारों और पत्रिकाओं के छपे लेखों से महत्वपूर्ण जानकारी मिली। इन जानकारियों के मूल स्त्रोत के पीछे अक्सर कुछ सरकारी सेवा में काम करने वाले वैज्ञानिक और डाक्टर रहे हैं जिन्होंने तमाम तरह के दबावों के बावजूद सच्चाई को सामने लाने की कोशिश की है।

कहने का मतलब यह है कि यह किताब गैस पीड़ितों के पास सही जानकारी पहुंचाने और उनके हक की लड़ाई में भागीदारी की सारी कोशिशों का एक छोटा हिस्सा है। यह भागीदारी आगे भी रहेगी, क्योंकि यह लंबी लड़ाई है। हमें उम्मीद है कि इस किताब के सही उपयोग जैसे स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण, जानकारी केन्द्र चलाना आदि के साथ हम भी रहेंगे। साथ ही यह किताब उन लोगों की भी मदद करेगी जो गैस पीड़ितों के राहत और पुनर्वास के लिये एक सही योजना बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

हम यह उम्मीद भी करते हैं कि इस प्रकार के सामूहिक प्रयास से इस किताब की कमियाँ पूरी होंगी।

एक अच्छा नेता लोगों से यह नहीं कहता कि वे यह करें. वह तो उनके सामने खुद काम करके आदर्श पेश करता है.

लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा का बहुमूल्य साधन स्वयं लोग ही हैं.

जब लोग अपने समुदाय के स्वास्थ्य की जिम्मेदारी अपने सिर पर लेने को तैयार हों तभी खास बदलाव हो सकते हैं.

इस किताब में क्या है?

डॉक्टर के नाम एक मज़दूर का पत्र - १



परिचय

यूनियन कार्बाइड से निकली गैस ने हजारों लोगों को मौत के घाट उतार दिया और लाखों लोगों को बीमार बनाकर छोड़ दिया है। हादसे के डेढ़ साल बाद भी गैस पीड़ितों को तरह-तरह की शारीरिक तकलीफें हैं जिनका पूरा और सही जवाब नहीं मिल पा रहा है। कुछ लोग तो इतने परेशान हैं कि वे कहते हैं, हमसे तो वे अच्छे रहे जो मर गये।

सवाल पर सवाल

- वह कौन सी गैस थी जिसने हम लोगों को इस तरह रातों-रात बरबाद कर दिया ?
- इस गैस से हमारी सेहत पर क्या असर हुआ है ? इसका इलाज क्या है ?
- आने वाले दिनों में हमें हमारी सेहत के लिए क्या करना चाहिये ?
- बच्चे, जो ज्यादा नाजुक हैं, उनकी सेहत का क्या होगा ? हमें क्या करना चाहिये ?

इस छोटी सी किताब में हम इस तरह के सवालों के जवाब देने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि हालात बहुत खराब हैं लेकिन आप हिम्मत न हारें। आदमी बड़ी से बड़ी

मुसीबतों का मुकाबला कर सकता है यदि वह हिम्मत रखे। हमें एक जुट होकर सही जानकारी और इलाज पाने के लिये लड़ना होगा। इसीलिये इस किताब का नाम 'हमारी सेहत - हमारी लड़ाई' रखा है।

सही जानकारी की खोज

यूनियन कार्बाइड ने शुरू से ही गैस रिसन के बारे में सही जानकारी को छिपाया है। उनकी यह कोशिश रही है कि हादसे की जिम्मेदारी उन पर कम से कम आये। ताकि वे कम से कम मुआवजा देकर छुट्टी पा लें। इस मामले में सरकार ने भी यूनियन कार्बाइड के खिलाफ कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।

जो जानकारी हमारे पास है, वह अभी भी अधूरी है। यह कई वैज्ञानिकों, डॉक्टरों (जिनमें कुछ सरकारी भी है), अखबार के खोजी पत्रकारों और स्वयंसेवी संगठनों की कोशिश और लड़ाई का नतीजा है।

इन्होंने यह पता लगाया कि एम. आई. सी. (मिक) की टंकी नंबर 610 से दिसंबर 2 और 3, 1984 की रात को जो चीज निकली वह कई रासायनिक गैसों और चूरे का मिश्रण था। इनमें मिक गैस के साथ जहरीली हायड्रोजन सायनाइड गैस, कार्बन मोनो आक्साइड गैस और कई अन्य गैसें भी रही होंगी। इनमें मिक के साथ हमेशा रखी जाने वाली फास्जीन गैस भी जरूर रही होगी। मोनोमिथाइल अमीन नाम की गैस जो बहुत नुकसान देह है, हवा में मिक के छूटने से बनी होगी। इन जहरीली गैसों से ही कई हजार लोग कुछ ही समय में मर गये। बचे लोगों के शरीर में जहर फैल गया। इसमें कई तकलीफें लंबे समय तक रही हैं और रहेंगी।

नीचे उन तकलीफों की सूची दे रहे हैं जिनके बारे में लोगों ने बताया है या जो डॉक्टरी जाँच से सामने आयी हैं। साथ ही उन अध्यायों का नाम या संख्या भी लिखी है जिनमें उनकी चर्चा की गई है।

सेहत की आम तकलीफें

- ☐ साँस फूलना, सूखी या खरखर वाली खाँसी, सीने में जलन (अध्याय दो - फेफड़ों को नुकसान, अध्याय तीन - फेफड़ों का इलाज)।
- ☐ आँखों में जलन और पानी आना, धुंधलापन, चौंधियाना (अध्याय चार)

सारे शरीर में जहर फैलने से कई और समस्यायें आयीं, जैसे -

- ☐ कमजोरी और थकान के कारण पहले जैसा काम न कर पाना (अध्याय पाँच - खून पर असर)
- ☐ पेट और पाचन में गड़बड़ी (अध्याय छह)

- महिलाओं और पुरुषों के प्रजनन अंगों की समस्यायें (अध्याय सात)
- कमजोर बच्चे पैदा होना और उनका बार-बार बीमार पड़ना (अध्याय आठ)
- दिमागी समस्यायें - दिल धड़कना, घबराहट, गहरी उदासीनता, याददाश्त कमजोर होना (अध्याय नौ)
- बूढ़े लोगों की विशेष समस्यायें (अध्याय दस)

अगले अध्यायों में हमने इन सब समस्याओं की सिलसिलेवार चर्चा की है। साथ ही दवाईयों के बारे में कुछ सलाह दी है (अध्याय ग्यारह)।



डॉक्टर के नाम एक मजदूर का पत्र

हमें मालूम है अपनी बीमारी का कारण
वह एक छोटा सा शब्द है
जिसे सब जानते हैं
पर कहता कोई नहीं
जब बीमार पड़ते हैं
तो बताया जाता है
सिर्फ तुम्हीं (डॉक्टर) हमें बचा सकते हो
जनता के पैसे से बने
बड़े-बड़े मेडिकल कालेजों में
खूब सारा पैसा खर्च करके
दस साल तक
डाक्टरी की शिक्षा पाई है तुमने
तब तो तुम,
हमें अवश्य अच्छा कर सकोगे।
क्या सचमुच तुम हमें स्वस्थ्य
कर सकते हो।
तुम्हारे पास आते हैं जब
बदन पर बचे, चिथड़े खींचकर
कान लगाकर सुनते हो तुम
हमारे नंगे जिस्मों की आवाज
खोजते हो कारण शरीर के भीतर।
पर अगर
एक नजर शरीर के चिथड़ों पर डालो
तो वे शायद तुम्हें ज्यादा बता सकेंगे
क्यों घिस-पिट जाते हैं
हमारे शरीर और कपड़े
बस
एक ही कारण है दोनों का
वह एक छोटा सा शब्द है
जिसे सब जानते हैं
पर कहता कोई नहीं।
तुम कहते हो



कंधे का दर्द टीसता है
नमी और सीलन की वजह से
डॉक्टर
तुम्हीं बताओ यह सीलन कहाँ से आई ?
बहुत ज्यादा काम
और बहुत कम भोजन ने
कमजोर और दुबला कर दिया है हमें
नुस्खे पर लिखते हो
'और वजन बढ़ाओ'
यह तो वैसा ही है
दलदली घास से कहो
कि वो खुश्क रहे।
डॉक्टर
तुम्हारे पास कितना वक्त है
हमजैसों के लिये ?
क्या हमें मालूम नहीं
तुम्हारे घर के एक कालीन की कीमत
पाँच हजार मरीजों से मिली फीस के
बराबर है
बेशक तुम कहोगे
इसमें तुम्हारा कोई दोष नहीं
हमारे घर की दीवार पर
छाई सीलन भी
यही कहानी दोहराती है
हमें मालूम है अपनी बीमारी का कारण
वह एक छोटा सा शब्द है
जिसे सब जानते हैं
पर कहता कोई नहीं
वह है 'गरीबी'।

बर्टोल्ड ब्रेख्त

अध्याय 2

फेफड़ों को नुकसान



हम अपनी बात फेफड़ों से शुरू करते हैं। जहरीली गैसों ने फेफड़ों को बहुत नुकसान पहुँचाया है। इस नुकसान को पहचानना और समझना जरूरी है। इसके लिये यह समझना भी जरूरी है कि स्वस्थ फेफड़े कैसे होते हैं और कैसे काम करते हैं।

2·1 फेफड़ों की बनावट



हमारे फेफड़े नीचे लिखे तीन भागों से मिलकर बनते हैं:

1. हवा की नलियों का एक जाल जो पतली-पतली शाखाओं में बँटती जाती है। यह जाल बिल्कुल पेड़ की जड़ों के जाल जैसा दिखता है।
2. ये बारीक शाखायें छोटी-छोटी हवा की थैलियों के रूप में खत्म होती हैं। ऐसी हजारों थैलियों के गुच्छे हैं जो अंगूर के गुच्छे जैसे दिखते हैं।
3. ये थैलियाँ छोटी व नरम नलियों के एक जाल से घिरी रहती हैं। इनको केशिकायें कहते हैं और इनमें खून बहता है।

जब हम साँस लेते हैं तो हवा फेफड़ों की छोटी-छोटी थैलियों तक पहुँचती है। हवा में कई गैसों का मिश्रण होता है। इनमें से एक गैस ऑक्सीजन है जो जीवन के लिये बहुत जरूरी है। थैलियों की दीवारें बहुत पतली होती हैं। ऑक्सीजन इन दीवारों में से होकर केशिकाओं में बहने वाले खून तक पहुँचती है। खून में एक



लाल पदार्थ रहता है जिसे हीमोग्लोबिन कहते हैं। यह हीमोग्लोबिन आक्सीजन को अपने साथ जोड़ लेता है, जैसे एक चुम्बक लोहे के बुरादे को चिपका लेता है। खून के द्वारा यह आक्सीजन शरीर के सभी अंगों तक पहुँचती है।

आक्सीजन क्यों जरूरी है? हमारा शरीर एक इंजन की तरह है। उसे चलाने के लिये ईंधन की जरूरत पड़ती है। यह ईंधन हम अपने खाने से प्राप्त करते हैं। पाचन द्वारा यह खाना शरीर के लिये उपयोगी रसायनों में बदला जाता है।

आक्सीजन का उपयोग इसी ईंधन का इस्तेमाल करने में होता है। (चूल्हे की लकड़ी जलाने में भी इसी तरह से आक्सीजन की जरूरत पड़ती है।) आक्सीजन और भोजन की इस क्रिया से हमारे शरीर को शक्ति (या ऊर्जा) मिलती है। इसी शक्ति से हमारा शरीर ढेर सारा काम करता है।

इस क्रिया में एक अन्य गैस बनती है - कार्बन डाय आक्साइड। यह बेकार गैस, शरीर के विभिन्न अंगों से खून के द्वारा फेफड़ों तक लायी जाती है। यहाँ कार्बन डाय आक्साइड केशिकाओं से होकर फेफड़ों की थैलियों में पहुँच जाती है। जब हम सांस छोड़ते हैं तब यह कर्बन डाय आक्साइड शरीर के बाहर चली जाती है।

शरीर को आक्सीजन मिलने व कार्बन डाय आक्साइड निकलने की पूरी क्रिया को श्वसन कहते हैं।

2·2 श्वसन पर गैसों का असर

यूनियन कार्बाइड की जहरीली गैसों ने श्वसन को मुख्य तौर पर तीन तरह से प्रभावित किया:

1. आसपास की हवा की आक्सीजन और शरीर के खून की आक्सीजन को हटाकर वहाँ विषैली गैसें फैलाकर।
2. फेफड़ों की नलियों में रुकावट पैदा करके और
3. थैलियों व केशिकाओं को खराब करके, जिससे आक्सीजन का खून में जाना रुका।



जहरीली गैस में साँस लेने पर लोगों को ऐसा लगा था जैसे मिर्ची जलायी जा रही है। फेफड़ों की नलियों में जलन होने पर पानी आता है। इस पानी ने आक्सीजन के रास्ते में एक हद तक रुकावट पैदा की। (पानी इकट्ठा होने की स्थिति को डॉक्टर पल्मोनरी इडीमा कहते हैं, यानी फेफड़ों में सूजन।)

यही पानी हवा से मिलकर सफेद झाग के रूप में मुँह से निकला। कई लोग इसी कारण से मरे। एक प्रकार से उनके फेफड़े खुद के द्वारा छोड़े गये पानी में डूब गये।

सामान्य तौर पर हमारे फेफड़ों की नलियाँ व थैलियों की कोशिकायें मरती रहती हैं और नई कोशिकायें बनती रहती हैं। ये मरी हुई कोशिकायें नलियों की दीवारों से झड़कर गिरती रहती हैं, जैसे पेड़ों से पत्तियाँ गिरती हैं। हमारा शरीर हवा के रास्ते में आने वाली ऐसी अनचाही चीजों को निकाल फेंकने के लिये खाँसी का सहारा लेता है। ठीक वैसे ही जैसे नाक में कुछ चला जाये तो हमें छींक आती है।

जहरीली गैस सूँघने के कारण नलियों व थैलियों की कोशिकायें बड़ी संख्या में मरीं। मृत कोशिकायें एक चिपचिपे पदार्थ के रूप में फेफड़ों में इकट्ठी हो गयी। इस पदार्थ को निकालने की कोशिश में लोगों को खाँसी आयी। जिनके फेफड़ों में अधिक नुकसान हुआ, वहाँ चिपचिपा पदार्थ नहीं निकल पाया। यह ठोस बलगम के रूप में फेफड़ों में जमा हो गया। इससे हवा के लिये रास्ता संकरा हो गया। धीरे-धीरे हवा का रास्ता बंद भी हो सकता है। इस बीमारी को डाक्टर ब्रोंकियोलाइटिस कहते हैं।

रासायनिक उत्तेजना से पानी आना



जख्म के कारण पानी आना "पल्मोनरी इडीमा"



श्वास नली व थैली में कचरा चिपकना
"ब्रोंकियोलाइटिस, एल्वीयोलाइटिस"



जख्मी नली व थैली पर रेशे की झिल्ली व सिकुड़न "फ्रायब्रोसिस"

ऐसे नुकसान के कारण फेफड़े कमजोर पड़ गये। इस हालात में संभावना यह है कि फेफड़ों के घावों में कीटाणु आसानी से घुस जाते हैं। कीटाणुओं के घुसने और उनके कारण शरीर में मवाद बनने को छूत की बीमारी कहते हैं। फेफड़ों की छूत की बीमारी को खखार में आने वाले मवाद को देखकर पहचाना जा सकता है। कभी-कभी बुखार भी आ सकता है। इससे खाँसी बढ़ती है और साँस भी अधिक फूलती है।

क्षय रोग या टी.बी. भी एक छूत की बीमारी है जो कि इसके कीटाणुओं द्वारा कमजोर फेफड़ों और शरीर पर हमला करने से होती है।

कुछ लोगों के फेफड़े गैस से रासायनिक रूप से जख्मी हुये हैं। जख्म धीरे-धीरे नये रेशेदार उत्तकों से भर गये। इसे फ्रायब्रोसिस कहते हैं। हमारी चमड़ी पर जब कोई घाव भरता है तो यही होता है और मुलायम चमड़ी की जगह पर एक दाग बन जाता है।

फायब्रोसिस के कारण फेफड़ों की नलियों और थैलियों की दीवारें मोटी हो जाती हैं। इससे ऑक्सीजन का केशिकाओं में पहुँचना और कार्बन डाय ऑक्साइड का निकलना धीमा और मुश्किल हो जाता है।

फ्रायब्रोसिस फेफड़ों को सिकोड़ सकता है जिससे फेफड़े पहले जितनी हवा भर सकते थे अब, उतनी हवा नहीं भर सकते हैं। फ्रायब्रोसिस गंभीर रूप से होने पर साँस हरदम फूलती है और बहुत तकलीफ होती है। यह रोग ऐसे मजदूरों को अक्सर होता है जो ऐसे काम करते हैं जिनमें फेफड़ों में रासायनिक गैसें, रेशे, धूल या धुएं के कण घुसते रहते हैं।

गैस पीड़ितों पर **पहले** के मुकाबले **अब इन** चीजों का ज्यादा असर होगा। कपड़ा मिल, दाल मिल, पत्थर और सीमेन्ट का काम, पुट्ठा मिल, प्लास्टिक और रासायनिक उद्योग, धुएं वाले चूल्हों पर खाना पकाना आदि इसी तरह के काम हैं।

दमा

कुछ लोगों में जहरीली गैसों (शायद मिक ही से) ने अतिसंवेदन शीलता या एलर्जी पैदा कर दी है। इससे उन्हें दमे की शिकायत हो गयी है। जब दमे का दौरा पड़ता है तो फेफड़ों की नलियाँ यकायक संकरी हो जाती हैं और जितनी हवा शरीर को चाहिये उससे कम पहुँचती है। इससे साँस जोरों से फूलती है। संकरी हो गयी नलियों में हवा बहने के कारण सीटी बजने जैसी आवाज पैदा होती है। यह आवाज रोगी की पीठ या छाती पर कान लगाकर सुनी जा सकती है। रोगी को डाक्टरी सहायता की जरूरत पड़ सकती है।



पेशियों की थकान

साँस फूलने का एक कारण यह भी है कि साँस लेने में लगने वाली पेशियाँ कमजोर पड़ गयी हैं। यह कमजोरी जहरीली गैस से किस तरह पैदा हुई है यह अब तक ठीक से मालूम नहीं हो सका है।

स्वास्थ्य की देखभाल के दो अलग दृष्टिकोण



अध्याय 3

फेफड़ों का इलाज



3·1 समय पर पूरी जाँच

अपने फेफड़ों और साँस लेने की ताकत की पूरी और समय-समय पर मेडिकल जाँच की जरूरत को समझें। यह आपके स्वास्थ्य और खुशहाली के लिये तो जरूरी है ही, जहरीली गैस का लोगों पर कितना असर पड़ा यह मापने के लिये भी महत्वपूर्ण है। अब तक स्वास्थ्य अधिकारियों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया है। यदि वे लेते तो आपमें से हरेक के पास एक स्वास्थ्य कार्ड होता और डॉक्टर या स्वास्थ्य कार्यकर्ती समय-समय पर जाँच के लिये बुलाते। आपको सही इलाज की माँग करनी चाहिये और इसलिये इसका मतलब समझना होगा। यदि गैस रिसन के बाद आपको खाँसी या साँस फूलने की तकलीफ हुई है तो आपकी डॉक्टरी जाँच होनी चाहिये और एक कार्ड पर जाँच के कुछ महत्वपूर्ण नतीजों को दर्ज करना चाहिये। विशेष जाँच जरूरी हो तो वह होनी चाहिये। नयी जाँच के नतीजों को पिछली जाँच के नतीजों से तुलना करके देखना चाहिये।

डॉक्टर सबसे पहले शरीर की बाहरी जाँच करता है जिसमें वह स्टेथेस्कोप से आपकी छाती की आवाज भी सुनता है। उसके बाद फेफड़ों में हवा की जगह और आपकी साँस लेने की ताकत को मापना चाहिये। यह एक छोटी इलेक्ट्रॉनिक मशीन स्पाइरोमीटर की सहायता से करता है - जिसमें वह आपको फूँकने के लिये कहेगा। स्पाइरोमीटर जाँच के नम्बर को कार्ड में दर्ज करना चाहिये।

यदि खाँसी में बलगम आता है तो टी॰ बी॰ के कीटाणुओं की जाँच करनी चाहिये, विशेषकर यदि आपका स्वास्थ्य न सुधर रहा हो तब। एक्स-रे की भी जरूरत पड़ सकती है। आपका अधिकार है कि सभी जाँच सरकारी दवाखाने में मुफ्त में करवा सकें।

3·2 फेफड़ों की समस्या

जो बच गये हैं उनका पल्मोनरी एडिमा काफी दिन पहले ही ठीक हो गया है। आज गैस पीड़ितों को नीचे लिखी तकलीफें हैं जो उन्हें साँस लेने में दिक्कत देती हैं :

1. ब्रोंकियोलाइटिस, साँस की हवा की नली को बंद करने वाली लम्बी बीमारी,
2. फ्रायब्रोसिस, साँस लेने में तकलीफ देने वाली लम्बी बीमारी,
3. दमा,
4. फेफड़ों की आम छूत की बीमारियाँ जैसे ब्रोंकाइटिस और निमोनिया,
5. टी॰ बी॰
6. खाँसी,
7. थोड़े काम के बाद साँस फूलना,।

इलाज (जहां संभव है) रोग पर निर्भर करता है।

ब्रोंकियोलाइटिस

इन रोगों की शुरुआत में कुछ दवाओं से जिन्हें ब्रोंकोडायलेटर कहते हैं, राहत मिल सकती थी। इसके अलावा भाप से साँस लेने से, साँस लेने के व्यायाम करने से और सिर को छाती और बाकी शरीर की तुलना में नीचे रखकर साँस लेने व साथ-साथ पीठ और बगल में जोर-जोर से थपथपाने से फायदा हो सकता था। इससे हवा की नली में फँसे हुये चिपचिपे पदार्थों को निकालने में मदद मिल सकती थी। लेकिन जिन लोगों को यह रोग अब भी है, इन तरीकों से फायदा नहीं होगा। फिर भी इन्हें आजमाया जा सकता है यदि उनसे कुछ फायदा हो रहा है और खासकर यदि छूत की बीमारी हो।

फ्रायब्रोसिस

यह फेफड़ों में खिंचाव लाने वाला रोग है और एक बार इसके होने के बाद इसके लिये कुछ भी नहीं किया जा सकता है। सिवाय इसके कि इसे मापा जाये और इससे जितनी विकलांगता आती है उस अनुपात में मुआवजा माँगा जाये।

दमा

तकलीफ से बचने के लिये सही इलाज जरूरी है। लम्बे इलाज के लिये और दौरे पड़ने पर राहत के लिये साँस के व्यायाम मदद कर सकते हैं। इसके अलावा ब्रोंकोडायलेटरस दवाईयाँ भी कुछ राहत दे सकती हैं। आमतौर पर गोलियों से काम चल जाता है लेकिन बहुत गंभीर हालत हो तो इन्जेक्शन देने की जरूरत पड़ सकती है। आजकल दमे की दवा सुंघनियों (इनहेलर) में भी आती हैं जिससे जल्दी राहत पाने के लिये कम दवा लगती है।

एक दवाई, जिसे 'स्टीराइड' कहते हैं, दमें के गंभीर दौरे पड़ने पर जान बचा सकती है। किंतु दमे के रोगी स्टीराइड दवाओं पर जल्दी ही निर्भर हो जाते हैं और इनके काफी खराब असर भी होते हैं। इसलिये दमे के रोगियों को यह दवा कम से कम देनी चाहिये। यदि आप दमा के रोगी हैं तो यह जानना चाहिये कि कौन सी दवा स्टीराइड है।

यहाँ दवाओं के वैज्ञानिक नाम लिखे हैं। दवा कम्पनिया अलग-अलग नामों से दवाइयों को बेचती हैं किन्तु उन्हें दवाओं के वैज्ञानिक नाम भी छापना पड़ता है। अक्सर यह छोटे अक्षरों में अंग्रेजी में छपा होता है। इसलिये किसी की मदद से यह जानना चाहिये कि बाजार में बिकने वाली कौन सी दवा काम की है।

फेफड़ों की छूत की बीमारियाँ

ब्रोंकाइटिस और निमोनिया जैसी बीमारियाँ गैस पीड़ितों में अधिक हो सकती हैं, क्योंकि उनके फेंफड़े मिक गैस के कारण पहले ही कमजोर हो गये हैं मिक शरीर की छूत की बीमारियों से बचाने की ताकत को कम करती है। यदि रोगी को खाँसी के साथ पीला बलगम आता है, बुखार आता है और साँस फूलती है तो डॉक्टर को दिखाना चाहिये।

कुछ आम दवाईयाँ

ब्रोंकोडायलेटर (दमा) BRONCODILATORS

एड्रेनालीन (ADRENALINE)	इंजेक्शन
एफीड्रीन (EPHEDRINE)	गोलियाँ
अमीनोफायलीन (AMINOPHYLLINE)	गोलियाँ
थियोफायलीन (THEOPHYLLINE)	गोलियाँ और सिरप
डेरीफायलीन (DERIPHYLLINE)	इंजेक्शन
टरबुलालीन (TERBULALINE)	गोलियाँ
सालबूटामोल (SALBUTAMOL)	गोलियाँ, इंजेक्शन, सुँघनी

स्टीरायड (दमा) STEROIDS

हायड्रोकार्टीजोन (HYDROCORTISONE)	इंजेक्शन
प्रेडनीसालोन (PREDNISALONE)	गोलियाँ
डेक्सामथाजोन (DEXAMETHASONE)	गोलियाँ
बीटामेथाजोन (BETAMETHASONE)	गोलियाँ

एंटीबायोटिक (छूत की बीमारियाँ)

सल्फोनामाइड (SULFONAMIDE) (या सल्फा दवाईयां) (SULFA)	गोलियाँ
पेनीसीलीन (PENICILLIN)	गोलियाँ, इंजेक्शन
टेट्रासायक्लीन (TETRACYCLINE)	कैपसूल, इंजेक्शन
'सल्फा' और ट्रायमेथोपोरीन (SULFA/TRIMETHOPRIM) (को-ट्रायमोक्साजाल) (CO-TRIMOXAZOLE)	गोलियाँ, सिरप.
एरिथ्रोमायसीन (ERYTHROMYCIN)	गोलियाँ, सिरप

टी.बी.

स्ट्रेप्टोमायसीन (STREPTOMYCIN)	इंजेक्शन
आइसोनेक्स (या आई.एन.एच.) (ISONEX)	सफेद गोली
थायासेटाजान (या टी.एच.2) (THIACETAZONE)	पीली गोली
पी. ए. एस. (P.A.S.)	दाने या गोली

टी.बी. की नई दवाईयाँ

इथाम्बुटाल (ETHAMBUTOL)	गोली
रिफायम्पीसीन (RIFAMPICIN)	केप्सूल
पिराजीनामाइड (PIRAZANIMIDE)	गोली

एंटीबायोटिक दवाओं के पूरे कोर्स लेना चाहिये जो छूत की बीमारियों के कीटाणुओं को मारते हैं। टी॰ बी॰ भी कीटाणुओं द्वारा होने वाली छूत की बीमारी है। गैस रिसन के पहले भी यह रोग गैस प्रभावित इलाके के गरीबों में मौजूद था। गैस रिसन के बाद यह और बढ़ सकता है।

सरकार की टी॰ बी॰ रोकथाम की एक राष्ट्रीय योजना है जिसके अनुसार हरेक टी॰ बी॰ मरीज को पूरा इलाज मुफ्त मिलना चाहिये। इलाज पूरा होने में डेढ़ साल लगता है और समय-समय पर जाँच जरूरी है।

यदि इन दवाओं से फायदा न हो रहा हो या जिन लोगों का इलाज लगातार न हुआ हो और जिनमें ये दवायें अब असर नहीं करती हों तो अब कुछ नयी और मँहगी दवायें मिल रही हैं।

ज्यादा अच्छा होगा कि पहले तीन महिने लगातार सरकारी दवाखानों से पहले से चलने वाली और सस्ती दवाओं का इस्तेमाल करके देखें फायदा न होने पर मँहगी दवाओं का इस्तेमाल करें।

खाँसी

ज्यादातर फेफड़ों की बीमारियों से सूखी खाँसी या बलगम के साथ खाँसी आती है। यदि खाँसी में बलगम आता है और खासकर जब कि बलगम में छूत की बीमारी हुई है (मवाद है) तो यह जरूरी है कि फेफड़ों से ज्यादा से ज्यादा बलगम निकाला जाये। पीने की गरम चीजें और भाप की साँस लेने से फायदा होता है। सिर और छाती को नीचे करके खाँसने और पीठ थपथपाने से भी बलगम निकालने में मदद मिलती है।

यदि खाँसी सूखी है और रात को नींद नहीं आने देती है तो सस्ती एंटीहिस्टामीन की गोलियाँ काफी होंगी। इनमें सबसे आम दवा है क्लोरफेनीरामाइन, जो बाजार में कई नामों से बिकती है। यदि एंटीहिस्टामीन काफी नहीं है तो डॉक्टर आपको कुछ दिनों के लिये कोडीन की गोलियाँ देगा। रात को सोते वक्त एक गोली लेने से खाँसी से भी आराम मिलेगा और अच्छी नींद भी आयेगी। मँहगे कफ सिरप या कफ लोजेंज न खरीदें। इसके बदले गरम काढ़ा लें जिसमें अदरक, काली मिर्च, तुलसी, हल्दी, अजवाइन और गुड़ जैसी घरेलू दवायें होती हैं, जो पीढ़ी दर पीढ़ी लोगों को खाँसी से आराम देती आई हैं।

साँस फूलना

ज्यादातर गैस पीड़ितों की शिकायत है कि थोड़े से काम के बाद उन्हें थकान आती है और साँस फूलती है। इनका किसी फेफड़े की बीमारी से सीधा सम्बन्ध नहीं है। (बल्कि जैसा कि अध्याय पाँच में बताया जायेगा) यह शरीर में जहर फैलने के कारण हुआ है, जिससे खून में आक्सीजन के इस्तेमाल करने में रुकावट पहुँची। यह देखा गया है कि सोडियम थायोसल्फेट इन्जेक्शन से इस तरह की थकान और साँस फूलने में कुछ और कभी-कभी फायदा पहुंचता है। सोडियम थायोसल्फेट जो कि सायनाइड जहर की जानी मानी काट है, को बड़े-बड़े डॉक्टरों ने भोपाल में उपयोग करने के लिये कहा है। इनमें भारतीय आयुर्विज्ञान शोध परिषद (आ॰ सी॰ एम॰



आर.) भी हैं जिसने इस विषय पर जनवरी, 1985 में 'डबल ब्लाइंड' प्रयोग किया था। सोडियम थायोसल्फेट पर विस्तार से अध्याय पाँच में चर्चा की गई है। हम इसे उन गैस पीड़ितों को लेने के लिये कहेंगे जिनकी आज भी थोड़े से काम के बाद साँस फूलती है। उन्हें इसकी (नज़दीक के पॉली क्लीनिक या जन स्वास्थ्य केन्द्र से) माँग करनी चाहिये। क्योंकि इससे अब भी उन्हें राहत मिलने की और शरीर से बचा-खुचा जहर निकालने की संभावना है।

उ·उ और नुकसान से बचाव

गैस पीड़ितों को उनके फेफड़ों के और भी ज्यादा नुकसान होने से बचाने के लिये, बचाव के तीन पहलुओं पर ध्यान देना चाहिये:

1. शरीर और फेफड़ों को ताकत देने के लिये पौष्टिक भोजन
2. हवा में प्रदूषण (गंदगी फैलाने वाली चीजों) से बचाव और
3. व्यक्तिगत आदतों में सुधार

पोषण

इस पुस्तिका के अन्य अध्यायों में हमने बच्चों, गर्भवती महिलाओं और बूढ़ों के पोषण की

विशेष जरूरतों पर चर्चा की है। परन्तु साधारण वयस्क महिलाओं और पुरुषों के लिये भी, ताकत वापस लाने के लिये और बीमारियों से बचाव के लिये सन्तुलित और पर्याप्त आहार जरूरी है। चूँकि ज्यादातर गैस पीड़ितों की काम करने और आमदनी की क्षमता घट गई है, **पोषण** का प्रश्न बहुत महत्व-पूर्ण हो जाता है। जरूरत के मुताबिक मुफ्त राशन तब तक मिलना चाहिये जब तक कि लोगों का **स्वास्थ्य और** कमाने की ताकत पूरी तरह से सामान्य नहीं हो जाती है। राशन की दुकानों से अनाज **के अलावा** खाने का तेल, चीनी दाल **भी** मिलना चाहिये।

हवा में प्रदूषण

धुंआ, धूल रेशे और रासायनिक धूएं वाले वातावरण से बचिये। इसके लिये आप कुछ विशेष रोजगार या धंधे नहीं कर सकेंगे। या फिर कारखाने के मालिक को सुरक्षा के ऐसे उपाय करने होंगे जिससे खतरनाक पदार्थ साँस के साथ शरीर में घुसने से रोके जा सकें (जैसे सुरक्षा नकाब आदि)। सरकार को प्रदूषण रोकने के लिये कानून बनाने होंगे, ताकि उद्योगों का वातावरण प्रदूषित करने से रोका जा सके। चूँकि लकड़ी, कोयले या घासलेट से खाना पकाने में धुआँ पैदा होता है, इसलिये सरकार को चाहिये कि वह गैस पीड़ितों को गैस के चूल्हे प्राथ-मिकता के आधार पर मुहैय्या करवाये। गैस चूल्हों के बाद गैस पीड़ितों के स्वास्थ्य की दृष्टि

से नये किस्म के बत्ती वाले स्टोव का नम्बर आता है (जैसे नूतन स्टोव)। कारखानों और घरों में साफ हवा आने का इंतजाम होना चाहिये।

व्यक्तिगत आदतें

गैस पीड़ित व्यक्तियों को अपनी साँस लेने की आदत को थोड़ा बदलने से बहुत फायदा होगा। उन्हें एक खास तरीके से गहरी और लंबी साँसें लेनी चाहिये (इन्हें सिखाया जा सकता है) इससे उनके फेफड़ों में आक्सीजन घुसने और कार्बन डाय आक्साइड निकलने के लिये अधिक जगह और समय मिलेगा। स्वस्थ लोगों के लिये भी बीड़ी-सिगरेट पीना खराब है। गैस पीड़ित यदि बीड़ी पीना छोड़ दें तो उनकी ठीक होने की संभावना बढ़ जायेगी।
जहाँ तक संभव हो सके ठंड से बचें क्योंकि इससे फेफड़ों में छूत की बीमारियां हो सकती हैं।

३. नया रोजगार

जैसा कि हमने पहले बताया डॉक्टर स्पाइरोमीटर जैसे आधुनिक उपकरणों की मदद से फेफड़ों की हर महिने जाँच करके यह बता सकते हैं कि आपको अपने वर्तमान रोजगार में रहना चाहिये या नहीं। यदि डॉक्टर को लगता है कि आपको मौजूदा काम छोड़ देना चाहिये तो वह यह भी बता सकेंगे कि किस प्रकार का काम आपके लिये ठीक होगा। आपको लगता है कि आप पहले जैसा काम नहीं कर पा रहे तो सरकारी डॉक्टर आपके फेफड़ों की क्षमता की जाँच करके प्रमाण पत्र दे सकते हैं। इस प्रमाण पत्र के आधार पर आप सरकार से मांग कर सकते हैं कि आपकी आय में जो कमी आयी है उसे पूरक पेंशन देकर पूरा किया जाये। इस प्रकार से जो खर्च सरकार को उठाना पड़े वह असल में यूनियन कार्बाइड से वसूल किया जाना चाहिये।



आँखों को नुकसान

गैस रिसन के समय गले में घाँस लगने के साथ-साथ आँखों में तेज जलन और पानी आने की शिकायत भी देखी गई है। आँखों को मसलने की इच्छा होती थी। बहुत कम लोगों को पता था कि मसलने के बजाय आँखों पर पानी छींटना था और पूरे चेहरे को गीले कपड़े से ढक लेना था। धीरे-धीरे आँखों में सूजन तथा अधिक पानी आने लगा। जो लोग फैक्ट्री के पास रहते थे, वे कई दिन तक आँख नहीं खोल सके। उनकी आँखों में तीखा दर्द होता रहा।

कुछ समय बाद सूजन कम हो गयी। पर जलन होती रही और पानी आता रहा। आग पर खाना पकाना मुश्किल हो गया क्योंकि धुएं से आँखों में तकलीफ होती थी। चकाचौंध के कारण धूप में काम करने में भी तकलीफ होने लगी। धुँधला नजर आने लगा। दर्जी, साइकल या मोटर मैकेनिक, बीड़ी मजदूर, ट्रक ड्रायवर आदि लोगों को अपना काम करने से आँखों में तकलीफ होने लगी। कइयों को तो काम छोड़ना भी पड़ा। कुछ लोगों को आज भी ऐसी तकलीफें हैं जो गैस रिसन के पहले नहीं थीं। इससे पता चलता है कि गैस ने आँखों पर केवल अस्थायी असर नहीं डाला। आँखों की बनावट को भी प्रभावित किया। यह बात बहुत अच्छी तरह से नहीं समझी जा सकी है, पर कुछ डॉक्टर और वैज्ञानिक जवाब ढूँढ़ने की कोशिश कर रहे हैं।



बहुत कम लोगों की आँखों के पारदर्शी हिस्से (कोर्निया) पर सफेद धब्बे देखे गए हैं। चिकित्सा की भाषा में इसे कोर्निया अपारदर्शिता कहते हैं। इसके कुछ मामलों में आँखों की रोशनी बहुत कमजोर हो गयी है। कुछ की आँखो के लेंस अपारदर्शी हो गये हैं।

कुछ डॉक्टरों का कहना है कि कोर्निया अपारदर्शिता और मोतियाबिंद गैस की वजह से नहीं हुआ है। लोग ज्यादा मुआवजा पाने के लिये झूठ बोल रहे हैं। उनको ये तकलीफें पहले से ही थीं। कुछ मामलों में यह बात सच हो सकती है पर ज्यादातर मामलों में यह कहना सही नहीं होगा। मरीजों के रिकार्ड इतनी बुरी तरह लिखे गये हैं कि गैस

के देर से असर होने पर उभरी तकलीफों को साबित करना मुश्किल है।

वैज्ञानिकों ने पाया है कि चूहों को मिक के पास रखने से कुछ समय बाद उनकी आँखों में मोतिया-बिन्द बन जाता है। इसलिये संभव है कि खासकर कम उम्र लोगों में मोतियाबिन्द गैस के असर से हुआ हो।

जिन लोगों को कोर्निया अपारदर्शिता या मोतिया-बिन्द के अलावा किसी और कारण से नजर में दिक्कत है उन्हें चश्मा लगाने से मदद मिलेगी। आँखों की मुफ्त जाँच व मुफ्त चश्मा पाना गैस पीड़ितों का हक है। कोर्निया अपारदर्शिता या मोतियाबिन्द की चिकित्सा आपरेशन के द्वारा की जा सकती है। यह सुविधा भी मुफ्त होगी। जिन मामलों में यह साबित किया जा सकता है कि कोर्निया अपारदर्शिता या मोतियाबिन्द गैस के प्रभाव से हुआ है, उनके लिये अतिरिक्त मुआवजे की माँग की जाना चाहिये।

लोगों को मांग करनी चाहिये कि उनकी आँखों की जाँच नियमित रूप से हो। जांच के रिकार्ड सरल हिन्दी में रखे जायें। इससे लोगों को पता रहेगा कि क्या लिखा जा रहा है। यह जानकारी पाना लोगों का हक है।



खून पर असर



शरीर में खून की नलियों का जाल

जहरीली गैसों के फेफड़ों में से होकर खून में मिल जाने के कारण फेफड़ों व आँखों के अलावा शरीर के अन्य अंगों पर भी असर पड़ा है। गैस रिसन के बाद पहले दो दिन में सैकड़ों लाशों के पोस्टमार्टम से यह पता चला कि पूरे शरीर का खून चटक लाल रंग का हो गया था। गैस पीड़ित लोगों के चेहरे व चमड़ी पर भी लाली देखी गयी थी। खींचे गये रंगीन फोटो में यह साफ दिखती है। कुछ अंगों (जैसे दिमाग) में तो शिराओं और धमनियों में अंतर कर पाना मुश्किल हो गया था। क्योंकि वे एक ही रंग की दिखती थीं। आमतौर पर शिरायें नीली दिखती हैं, क्योंकि उनमें काले लाल रंग का खून होता है। पर गैस रिसन के बाद शिराओं में भी धमनियों की तरह चटक लाल रंग का खून पाया गया।

खून इस तरह लाल क्यों हो गया था?

अध्याय दो में आपने पढ़ा होगा कि फेफड़े कैसे काम करते हैं। फेफड़े हवा से आक्सीजन लेकर खून में पहुंचाते हैं और कार्बन डाय आक्साइड छोड़ते हैं। आपने यह भी पढ़ा होगा कि खून में लाल रंग होता है जो हीमोग्लोबिन कहलाता है। शरीर के अंगों के ऊतकों को काम करने के लिये आक्सीजन की आवश्यकता होती है। यह आक्सीजन हीमोग्लोबिन ही पहुँचाता है। हीमोग्लोबिन जब आक्सीजन ले जाता है तब उसका रंग चटक लाल होता है। आक्सीजन छोड़ देने पर वह काले लाल रंग का हो जाता है।

आमतौर पर धमनियों में बहने वाला लाल खून फेफड़ों से ताजी आक्सीजन लेकर आता है, जबकि शिरायें काले लाल रंग के खून में कार्बन डाय आक्साइड को लेकर फेफड़ों में छोड़ने जाती हैं।

शरीर में खून चटक लाल रंग का क्यों हो गया था? वैज्ञानिकों ने इसको समझने की कोशिश की है। उनका कहना है कि इस लक्षण के तीन संभव कारण हो सकते हैं;

1. सायनाइड गैस ने शरीर के सभी ऊतकों में जहर भर दिया। जिससे वे खून की ऑक्सीजन का उपयोग नहीं कर पाये।

2. कार्बन मोनो आक्साइड गैस हीमोग्लोबिन को इस तरह बदल देती है कि वह न तो आक्सीजन छोड़ सकता है और न ही कार्बन डाय आक्साइड ले सकता है।

3. मिथायल आइसो सायनेट (मिक) हीमोग्लोबिन के साथ जुड़कर उसकी आकृति बदल देता है, जिससे वह न तो आक्सीजन छोड़ सकता है और न ही कार्बन डाय आक्साइड ले जा सकता है।



इन सबके कारण जब तक गैस पीड़ितों के शरीर में जहर है वे चाहे कितनी ही साँस क्यों न लें, उनका शरीर आक्सीजन का फायदा नहीं उठा सकता। जैसा कि अध्याय एक में कहा गया है, शायद ये तीनों गैसें कार्बाइड से निकलने वाली गैसों में थीं।

खून में आक्सीजन और कार्बन डाय आक्साइड की मात्रा को एक मंहगी मशीन 'खून गैस विश्लेषक' से मापा जा सकता है। वैज्ञानिकों ने कई गैस पीड़ितों के खून की जाँच की और पाया कि वह सामान्य खून से भिन्न था। एक दूसरी मशीन से हीमोग्लोबिन को मापा गया। गैस रिसन के दो महिने बाद भी गैस पीड़ितों के खून में हीमोग्लोबिन की मात्रा सामान्य से अधिक पायी गयी। यह आश्चर्यजनक है क्योंकि अक्सर गरीब लोगों को 'अनीमिया' (खून की कमी) की शिकायत होती है।

खून में सायनायड जहर की मात्रा नापना कठिन है। पर यह जहर कटने के बाद सायनेट बनकर पेशाब

के साथ शरीर के बाहर निकलता है। तब 'स्पेक्ट्रोफोटोमीटर' से पेशाब में सायनेट की मात्रा मापी जा सकती है। इससे शरीर में सायनायड की उपस्थिति का पता चलता है।

सायनायड जहर की जानी मानी काट सोडियम थायोसल्फेट है। गैस रिसन के बाद थायो-सल्फेट से इलाज की एक अजीब कहानी है। पूरा किस्सा 'थायोसल्फेट की लड़ाई' नामक पुस्तिका में छपा है। गैस पीड़ितों को सोडियम थायोसल्फेट इन्जेक्शन दिलवाने में भी 'जन स्वास्थ्य केन्द्र' ने एक बड़ी भूमिका निभाई है। गैस पीड़ितों को आज भी यह इंजेक्शन दिया जा रहा है। यह दवा सायनायड जहर को काटकर उसे अहानिकारक थायोसायनेट में बदल देती है। थायो सायनेट पेशाब के साथ बाहर निकल आता है।

गैस पीड़ितों के शरीर में एक साल बाद भी सायनायड जहर क्यों मौजूद है? यह अभी तक वैज्ञानिकों के लिये एक पहेली है।

यूनियन कार्बाइड ने सायनायड के मामले को दबाने की पूरी कोशिश की है। इसका यह नतीजा रहा है बहुत से वैज्ञानिकों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया है। भारतीय आयुर्विज्ञान शोध परिषद (आई॰ सी॰ एम॰ आर॰) एक मात्र ऐसी संस्था है जिसने मार्च 1985 में दी गई अपनी रिपोर्ट में बताया कि, कैसे सोडियम थायो सल्फेट से गैस पीड़ितों के खून में मिली गैसें सामान्य हो जाती हैं और पेशाब मे थायो-सायनेट की मात्रा बढ़ जाती है।
किसी और वैज्ञानिक संस्था ने इस विषय पर कोई रिपोर्ट नहीं दी।

पर यह पाया गया कि गैस पीड़ितों को सोडियम थायो सल्फेट से राहत मिलती है। यदि आप गैस पीड़ित हैं और आपको अभी भी सिरदर्द, घकान, साँस फूलना, पेट में गड़बड़, माँस-पेशियों में दर्द आदि की तकलीफ है तो संभव है कि इस इन्जेक्शन से लाभ हो। आप नजदीक के सरकारी अस्पताल या पॉली क्लीनिक में जाकर इसके बारे में पूछें। सरकार द्वारा ये इंजेक्शन मुफ्त दिये जाते हैं। भारत सरकार के विशेष आदेश पर भोपाल के लिये एक सरकारी दवा कम्पनी आई॰ डी॰ पी॰ एल॰ द्वारा यह इंजेक्शन बनाया जा रहा है।

इन इन्जेक्शनों को पाने में यदि आपको कोई दिक्कत आती है तो आपको चीफ मेडिकल आफीसर, गैस राहत, बैरसिया रोड, भोपाल से शिकायत करनी चाहिये। आप जन स्वास्थ्य केन्द्र, भोपाल के



डाक्टरों के पास भी जा सकते हैं। जन स्वास्थ्य केन्द्र के कैंची छोला स्थित क्लीनिक में कुछ मरीजों को ये इंजेक्शन दिये जा रहे हैं। अन्य गैर सरकारी स्वयं सेवी स्वास्थ्य राहत संस्थाएँ भी सरकार से इन इन्जेक्शनों की सप्लाई लेने की हकदार हैं। और जनता यह मांग करे तो उन्हें इस काम के लिये तैयार भी किया जा सकता है।

अच्छी सेहत का हक हमारे जीने के हक से जुड़ा है.

सेहत की लड़ाई हक की लड़ाई है.

पेट और पाचन

कुछ गैस पीड़ितों को सबसे ज्यादा पेट की तकलीफों ने परेशान किया है। शुरू में उल्टी व टट्टी पर काबू न होना और बाद में दस्त बहुत आम शिकायत थी। गैस रिसन के महिनों बाद तक पेट में गड़बड़ लगती रही और थोड़ी सी उत्तेजना से मितली आने लगती। कुछ बीड़ी बनाने वाली औरतों को यह काम छोड़ना पड़ा। क्योंकि तम्बाखू की गंध से उन्हें मितली आती थी। ज्यादातर लोगों की भूख कम हो गयी। वे एक-दो रोटी से ज्यादा नहीं खा पाते थे और पेट में गड़बड़ लगने लगती थी। पेट भारी होकर फूल जाता था। कुछ लोगों ने पेट दर्द की शिकायत भी की।



जून, 85 में जब जन स्वास्थ्य केन्द्र के डॉक्टरों ने काम शुरू किया तो एक अजीब बात देखी। सोडियम थायो सल्फेट इन्जेक्शन लेने के बाद लोगों ने बताया कि उन्हें अब भूख लगती है। खाना अच्छा लगता है और सरकार द्वारा दिया जा रहा राशन अचानक कम लगने लगा है। सितम्बर 85 तक मरीज पेट के ऊपरी हिस्से में दर्द और दबाने पर दर्द की शिकायत कर रहे थे। सोडियम थायो सल्फेट देने से यह परेशानी भी दूर हुई। इन सब बातों के कारण अभी पूरी तरह नहीं समझे जा सके हैं। शुरू के पोस्टमार्टमों में पेट के अन्दर की झिल्लियां असामान्य रूप से लाल व सूजी हुई पायी गयी थी। ऐसा ही दुर्घटना के महीने भर बाद मरे लोगों में भी पाया गया। इससे ऐसा लगता है कि सोडियम थायो सल्फेट पाचन तंत्र में पहुँचे जहर को भी काटता है। और इसलिये सोडियम थायो सल्फेट से इलाज के बाद पाचन तंत्र ठीक से काम करने लगता है।

आमतौर पर जिन लोगों को पेट के ऊपरी हिस्से में जलन वाला दर्द है (जैसा कि हमने चित्र में दिखाया है) और थोड़ा-सा खाने पर ही अजीब तरह का भारीपन लगता है, उन्हें 'अति अम्लीयता' सता रही है। इन लोगों को अम्लनाशक या <u>एन्टासिड</u> नामक दवाईयाँ दी जाती हैं। यदि दर्द ज्यादा है तो उनके पेट व आँत को आराम देने के लिये कुछ और दवाईयाँ दी जाती हैं जिन्हें ऐंठन विरोधी या <u>एन्टीस्पास्मोडिक</u> कहा जाता है। डाक्टरों ने मरीजों को ढेर सारी अम्लनाशक व ऐंठन विरोधी दवाईयाँ दी हैं जिनसे मरीजों को कुछ वक्त के लिये थोड़ी राहत मिली है। परन्तु चूँकि उनके पीछे कारण काफी गहरे हैं इसलिये इन दवाईयों से बीमारी ठीक नहीं हुई। यदि आपको सोडियम थायोसल्फेट लेने के बाद भी पेट में तकलीफ है तो आपको इन दवाओं से राहत मिलेगी। कोई भी चीज जो उत्तेजक है आपके पेट में अम्लीयता बढ़ा सकती है। इसलिये अच्छा होगा कि आप कड़क चाय, काफी, मिर्ची, तम्बाकू आदि से परहेज रखें।

महिला : इतनी मंहगी दवा !

पुरुष : हां, पर डॉक्टर ने तुम्हें तीन गोली रोज खाने के लिए कहा है।

महिला : पर इसके लिए हमें मकान किराया, किराने दूध और सब्जी का खर्च बंद करना होगा।

प्रजननअंग

कई महिलाओं को गैस रिसन के बाद प्रजनन तंत्र से संबंधित दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हमेशा की तरह डॉक्टरों द्वारा महिलाओं की समस्याओं की तरफ ध्यान नहीं दिया गया। आज तक भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद् या अन्य किसी संस्था द्वारा माहवारी की अनियमितता, योनि से बहुत ज्यादा सफेद पानी आना, सैकड़ों महिलाओं द्वारा बतायी गयी **दूध की कमी** आदि पर **एक भी** रपट नहीं दी गयी है। गर्भपात, मृत शिशु जन्म, जन्म के तत्काल बाद मौतें और **गैस** रिसन के बाद पैदा हुये बच्चों में विकृतियाँ अवश्य **सनसनी**-खेज खबरों का विषय रहे हैं। इनमें से कुछ खबरें सही भी नहीं थीं। ज्यादातर महिलाओं की प्रजनन से जुड़ी समस्याओं को घर ही घर में चुपचाप निपटा दिया जाता है। इसलिये ये कभी ठीक तरह से रिकार्ड में नहीं आ पातीं।

7.1 महिलाओं के रोग

हांलाकि सरकार ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया, लेकिन कुछ मेडीकल स्वयंसेवी संस्थाएं व महिला संस्थाओं ने जो कुछ हुआ है उसके बारे में जानने के प्रयत्न किये हैं।

इन सभी संस्थाओं द्वारा किये गये अध्ययन में गैस रिसन द्वारा महिलाओं के रोगों संबंधी नीचे लिखी शिकायतें पायी गयीं।

1. गैस रिसन के तुरंत बाद के महिनों में गैस प्रभावित अधिकांश महिलाओं की योनि से बहुत ज्यादा सफेद पानी निकल रहा था। यह विशेष रुप से गाढ़ा पीलापन लिये सफेद था. और इसमें कोई दुर्गंध न थी और न ही किसी तरह की जलन या खुजली थी। यह सामान्य तौर पर छूत के रोगों के कारण निकलने वाले सफेद पानी से बिल्कुल अलग था।



2. कई गैस प्रभावित महिलाओं को पहले तीन माह तक माहवारी के समय बहुत अधिक खून आ रहा था। तुलना समूह वाले इलाके सुदामानगर में केवल











एक प्रतिशत महिलाओं को ही यह शिकायत थी।

3. महिला डॉक्टरों द्वारा मार्च में महिलाओं के गर्भाशय की जाँच करने पर पाया गया कि अधिकांश महिलाओं के गर्भाशय के दोनों ओर (ऊपर व नीचे) सूजन आ गयी थी। सुदामा नगर मे जाँच करने पर पाया गया कि वहाँ यह शिकायत बहुत कम महिलाओं को थी।
4. अधिकांश महिलाओं के गर्भाशयों के मुँह पर छाले पाये गये। तुलना समूह सुदामा नगर में यह शिकायत बहुत कम में पायी गयी।

इन्हीं महिला डाक्टरों ने सितम्बर 85 में फिर से क्लीनिक में औरतों की जाँच की व पाया कि ये शिकायतें धीरे-धीरे कम हो रहीं हैं।

हमने इस भाग को और अच्छी तरह से समझाने के लिये चित्र 7.2 और 7.3 में महिलाओं के प्रजनन अंग दिखाये हैं।

7.2 क्या समस्यायें अभी हैं?

यदि आप महिला हैं और आपको अभी भी कुछ तकलीफें हैं, जैसे योनि से बहुत ज्यादा सफेद पानी आना, माहवारी में तकलीफ, निचले पेट में या पीठ में दर्द, पेशाब में जलन, खुजली और छाले पड़ना या इसी तरह की कोई खास शिकायत, या कोशिश करने पर बच्चे नहीं होना आदि। तो आप डॉक्टर को दिखायें और पूरी जाँच करवायें। तकलीफों का कारण जहरीली गैस न भी हो तो भी यह जाँच महत्वपूर्ण है।

यदि गर्भाशय पर सूजन हो तो डॉक्टर एंटी बायोटिक दवायें देंगे और एक हफ्ते बाद फिर जाँच करके देखेगें कि सूजन कम हुयी है या नहीं।

यदि आपको माहवारी में दर्द होता है तो 'एस्प्रिन' नाम की एक सस्ती गोली लेने से दर्द कम हो जायेगा। यह वही गोली है जिसे सिरदर्द होने पर लेते हैं। यदि एस्प्रिन से दर्द कम नहीं होता है तो डॉक्टर को दिखायें।

यदि माहवारी में बहुत खून निकलता है तो सरल और सस्ती **गोलियाँ**, जिन्हें 'फेरस सल्फेट' कहते हैं, **लेनी चाहिये** जिससे आपके शरीर में खून बनने में **मदद** होगी।

यदि योनि से बहुत **ज्यादा सफेद** पानी आने की शिकायत है तो डॉक्टर से अंदरुनी जाँच करवाना चाहिये। यह भी **याद** रखें कि थोड़ा बहुत सफेद पानी जाना आम बात है। थोड़ा बहुत **ध्यान** रखें तो पायेंगी कि एक माहवारी चक्र के बीच कुछ दिनों तक यह सफेद पानी अलग किस्म और अलग मात्रा में होता है। यह महिला के उपजाऊ दिनों की वज़ह से होता है यानी इन दिनों यदि संभोग किया जाये तो गर्भाधान की निश्चितता बढ़ती है। कुछ औरतों ने इन दिनों में संभोग न कर प्राकृतिक परिवार नियोजन का यह तरीका भी सीख लिया है। सफेद पानी में बदबू हो या जिससे जलन या खुजली हो या छाले पड़ गये हों, तब इलाज की **जरूरत** रहती है। 'जेंशन वायलेट' नाम का एक मरहम गर्भाशय के मुँह पर हुये छालों पर लगाने के लिये आता है। छालों की वजह से ही बहुत अधिक सफेद पानी जाने की शिकायत होती है।

आपको पति **से** माँग करनी चाहिये कि वे आपकी स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति उतने ही संवेदनशील **हों** जितनी कि आप उनके प्रति हैं। यदि आपको संभोग के समय दर्द होता है तो उन्हें कहें कि वे इसके लिये जोर न दें। ऐसी समस्या के बारे में किसी महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता से सलाह लें।

कुछ गैस प्रभावित महिलाओं ने फरवरी'८५ में महिला डॉक्टरों को बताया था कि गैस रिसन के बाद उनके पति कमजोरी के कारण संभोग करने में असमर्थ रहते हैं। कई पुरुषों ने भी 'जन स्वास्थ्य



केन्द्र' के डॉक्टरों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को इस समस्या के बारे में बताया है। यह संभव है कि गैस रिसन के कुछ दिनों बाद तक ऐसा गैस के असर के कारण हुआ हो पर अब यह उसके कारण नहीं लगता। बहरहाल, यदि ऐसी कोई समस्या है तो डॉक्टर या स्वास्थ्य कार्यकर्ता से संपर्क करें। कभी-कभार इस ढंग की दिक्कत सभी पुरुषों को आती है परन्तु यह समस्या तभी बनती है जब इसकी बहुत चिंता की जाये। शारीरिक संबंध बहुत कुछ मूड और दिमागी हालत पर निर्भर करते हैं। याने इसका मतलब नहीं कि आप मर्द नहीं हैं। इस दिक्कत को नामर्दी का नाम भी नहीं देना चाहिये।

7.3 गर्भाशय व गर्भधारण

गर्भ पर जहरीली गैस का असर और खासकर गर्भ में बढ़ रहे बच्चों पर असर सबसे ज्यादा चिंता और विवाद का विषय रहा है। गर्भपात व मृत शिशु जन्म की संख्या में बढ़ोतरी हुई है, इस बात को मानने में सरकार को बहुत समय लगा। किंतु कुछ स्वतंत्र सर्वेक्षणों व महिला डॉक्टरों, दाइयों, गैस पीड़ितों के बयान और श्मशान के रिकार्ड शुरू से ही इससे ठीक उल्टी बात बताते हैं।

मेडिको फ्रेंड सर्कल द्वारा की गई पहली छानबीन (फरवरी 1985) के समय कई सरकारी और प्रायवेट डाक्टरों ने आंतरिक गर्भपात की बात बतायी। आंतरिक गर्भपात का मतलब है कि शिशु गर्भ में मर गया और मृत अवस्था में माँ के गर्भ में ही रहा। इससे यह समझ में आया कि भ्रूण (बढ़ता हुआ शिशु) को नुकसान अथवा मौत तो जहरीली गैस के संपर्क में आने पर ही हो गयी थी परंतु गर्भ गिरा कुछ समय बाद ही। किन्तु अब तक किसी रपट में इस अनुमान का वैज्ञानिक प्रमाण नहीं छपा है।

गर्भपात व मृत शिशु जन्म दर बढ़ने के पीछे शारीरिक व मानसिक तनाव की भूमिका रही होगी। इतनी भयानक उथल-पुथल डर और विषाद के दौर में इस प्रकार के तनाव होना स्वाभाविक है। यूनियन कार्बाइड इसके लिये भी उतनी जिम्मेदार है जितनी कि गैस के सीधे जहरीले असर के लिये।

जिन औरतों ने गैस रिसन के बाद बच्चों को जन्म दिया उनमें से कई ने इस बार पहले की जचकी से ज्यादा परेशानी और दर्द की शिकायत की। यह मालूम नहीं है कि यह जहरीली गैस का सीधा असर है और यदि ऐसा

है तो क्या ?

7·4 दूध आना

गैस रिसन के समय जो माँयें बच्चों को दूध पिलाने की अवस्था में थीं उनमें से अधिकांश ने दूध की कमी हो जाने की शिकायत की है। यहाँ तक कि सरकारी सूत्रों के अनुसार गाय व भैंसों का दूध भी बहुत कम हो गया है। औरतों के मामले में दूध को नापना वैसे ही मुश्किल है और इस तरफ अधिकारियों ने ध्यान भी नहीं दिया। इस कारण से कुछ भी साबित कर पाना कठिन है। परंतु हमने कई बहुत कमजोर बच्चों को देखा जिन्हें हमारे पास दस्त के कारण लाया गया था। बोतल से दूध पिलाने के कारण भी ऐसा हुआ था।

दूध की कमी

7·5 नवजात शिशु

कई माँओं ने हमें बताया कि जन्म के समय उनके बच्चों की हथेलियों और एड़ियों की चमड़ी खिर रही थी और शरीर के दूसरे हिस्से पर फफोले थे। ऐसे कुछ मामले हमने खुद देखे। उन्होंने यह भी बताया कि बच्चों का रंग हरा-सा था जो कि करीब एक महिने तक रहा। इस बात की पुष्टि हम खुद देखकर नहीं कर पाये हैं।

आमतौर पर यह बताया गया कि अभी जन्मे बच्चे अपने बड़े भाई-बहनों के जन्म के समय के आकार की तुलना में छोटे थे। जैसा कि हाल की सरकारी रपट में बताया गया है कि



औसत वजन का स्वस्थ्य बच्चा



कम वजन का कमजोर बच्चा



गैस प्रभावित इलाकों में जन्म के एक महिने के अंदर नवजात शिशुओं की मृत्यु दर सामान्य से अधिक बढ़ गई है।

7.6 बच्चों की विकृतियाँ

हाल ही में सरकारी रपट में कहा गया है कि नवजात शिशुओं में 3 से 4 प्रतिशत विकृतियाँ आयीं है। यह सामान्य से लगभग दुगुनी है पर आशंका इससे भी ज्यादा की है। किन्तु दुर्भाग्य से कई बार शव परीक्षा ही नहीं की गई और कई बार डॉक्टर नहीं थे, जिससे यह पता लगे कि जहरीली गैस से कितनी और किस तरह से विकृतियाँ पैदा हुई।

हमने पाया कि सबसे अधिक मामले दिमाग न बनने (जिसे एनेन सिफेली कहते हैं) और रीढ़ की हड्डियों में दरार रह जाने (जिसे स्पायना बिफिडा कहते हैं) के थे। पहले वाली विकृति में खोपड़ी भी नहीं बनती और दूसरी वाली में रीढ़ की हड्डी में होने वाली तंत्रिकायें बाहर निकल आती हैं। कुछ ऐसे मामलों का भी पता चला है जिनमे रीढ़ की हड्डी की विकृति के साथ बंद गुदा नली और पैरों में भी विकृति थी।

यदि आपके बच्चे में कोई विकृति है तो संभावना है कि **आपरेशन** से इसे ठीक किया जा सके। ऐसे बच्चे के लिये आपको यूनियन कार्बाइड से आजीवन सहायता की माँग करना चाहिये।

7.7 मानसिक पिछड़ापन

जैसा कि हमने पहले बताया था कि हो सकता है कि माँ के पेट में शिशु के मस्तिष्क को आवश्यकता से कम आक्सीजन मिली हो। इस आक्सीजन की कमी का एक परिणाम मानसिक पिछड़ापन हो सकता है। बचपन में आपके बच्चे के मानसिक विकास और क्षमताओं का नापना बहुत आसानी से हो सकता है। यदि आपको चिंता है कि आपका बच्चा मानसिक रूप से पिछड़ा है तो आप नजदीक के सरकारी पॉली क्लीनिक के बच्चों के डॉक्टर के पास जायें। जो बच्चे गैस रिसन के कारण

मानसिक रूप से पिछड़ गये हैं उन्हें यूनियन कार्बाइड व सरकार से आजीवन सहायता मिलनी चाहिये। उनके माँ-बाप को इसकी माँग करना चाहिये

7.8 भविष्य में गर्भधारण

वे सारे शिशु जो गैस रिसन के समय गर्भ में थे सितम्बर के अन्त तक जन्म ले चुके हैं। उसके बाद गैस प्रभावित दंपत्तियों के जो बच्चे होंगे वे गैस रिसन के बाद के गर्भ धारण से होंगे।

आज हम यह कहने की स्थिति में नहीं हैं कि आपके अजन्मे बच्चों या बच्चों के बच्चों में गैस के प्रभाव से कोई नुकसान होगा या नहीं। सरकार को चाहिये कि वह आने वाली दो पीढ़ियों तक लगातार जाँच करती रहे कि कोई नई बात तो नहीं हो रही है।

यदि आप अभी बच्चा नहीं चाहते हैं तो इसके लिये सबसे अच्छा तरीका यही होगा कि पुरुष निरोध का इस्तेमाल करें। आपके स्वास्थ्य को देखते हुये गर्भ रोकने वाली हारमोन गोलियों या इन्जेक्शनों का उपयोग न करें। आप देखती रहें कि आपके पति निरोध का बराबर इस्तेमाल कर रहे हैं या नहीं।

आपको प्राकृतिक परिवार नियोजन के लिये ग्यूकस वाला तरीका भी सीखना चाहिये जिससे आप अनचाहे गर्भ से बच सकें। इन तरीकों से आपको पता चल जायेगा कि महिने के किन दिनों में आपको संभोग नहीं करना चाहिये। यदि आप सचमुच भविष्य में कोई बच्चा नहीं चाहते हैं तो पति या पत्नी अपना आपरेशन भी करवा सकते हैं।

गैस रिसन से कुछ लोगों के छोटे बच्चे मर गये हैं और वे फिर से बच्चा चाहते हैं लेकिन उन्होंने आपरेशन भी करवा लिया था। वे लोग अपना आपरेशन उलटवा सकते हैं। कई लोग अपना आपरेशन उलटवा भी चुके हैं। इसमें कुछ हद तक सफलता मिल सकती है। अपने स्वास्थ्य कार्यकर्ता से इस बारे में जानकारी प्राप्त करें। आपरेशन के दौरान और तुरन्त बाद में आपको विशेष देखभाल की जरूरत रहेगी। आपरेशन मुफ्त में होगा।

यदि आपको पता चलता है कि आप गर्भवती हैं तो हम चाहेंगे कि आप अपनी दैनिक देखभाल के लिये आवश्यक सलाह लें। ये सलाह सभी गैस प्रभावित गर्भवती महिलाओं के लिये है। सरकार ने इसके लिये विशेष केन्द्र स्थापित किये हैं। ऐसे और भी केन्द्रों की जरूरत है, जो और भी अधिक और बेहतर सुविधायें मुहैय्या करा सकें।

बच्चों का स्वास्थ्य

बड़ों के मुकाबले बच्चों का शरीर मुलायम और नाजुक है। इसलिये उन पर गैस का ज्यादा असर हुआ है। उनमें से कुछ तो इस नुकसान के बोझ को जिंदगी भर उठायेंगे। कुछ बच्चों में हो सकता है कि यह उम्र के साथ बढ़ता जाये। उन्हें स्वास्थ्य की सही देखभाल और सही सलाह मिलना जरूरी है। इसके साथ-साथ इन बच्चों के स्वास्थ्य की प्रगति और किसी भी गड़बड़ी का लेखाजोखा रखना होगा। इसी के आधार पर इनके लिये जो विशेष साधन जुटाने होंगे उनका हर्जाना यूनियन कार्बाइड से वसूल किया जा सकेगा। यह सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है कि गैस प्रभावित इलाके के बच्चों के स्वास्थ्य की सही देखभाल हो।

8.1 बीमारी में चिकित्सा

बच्चों की खास देखभाल के लिये सरकार को चाहिये कि वह गैस प्रभावित इलाकों में पर्याप्त डॉक्टर व स्वास्थ्य कार्यकर्ता मुहैया कराये। कमजोर हो गये बच्चों (जिन्हें ज्यादा खतरा है) को खोजने में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को डॉक्टर की मदद करना चाहिये। बार-बार डाक्टर और स्वास्थ्य केन्द्र बदलना ठीक नहीं। बल्कि एक ही केन्द्र पर रहें। इससे आपके बच्चे को सबसे अच्छी स्वास्थ्य सुविधा मिल सकेगी।

४.२ नियमित जाँच व वज़न



डॉक्टर या स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा आपके बच्चे की नियमित जाँच हर महिने होनी चाहिये। जाँच का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बच्चे का वज़न लेना होगा। जन्म से पाँच साल तक यह नियम से होना चाहिये। इससे आप जान सकेंगे कि बच्चे का वजन उसकी उम्र के मुताबिक है या नहीं। इसी स्वास्थ्य कार्ड पर स्वास्थ्य कार्यकर्ता और भी बातें लिखेंगे, जैसे बच्चे को कोई बीमारी या कमजोरी या उसे टीका देने की तारीख आदि। इस स्वास्थ्य कार्ड की नकल आपके पास भी रहनी चाहिये। एक स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर बच्चों का वजन ले सकता है। सरकार से यह सुविधा मांगना आपका हक है।

यदि जाँच के दौरान यह पता चलता है कि बच्चा ठीक से बढ़ नहीं रहा है तो आपको पास के सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र पर जाना चाहिये, इसे टालें नहीं। न बढ़ने के कारणों का जल्दी पता लगा लेना बेहतर होता है। इसके कई कारण हो सकते हैं। जैसे आवश्यक भोजन न मिलना, जब-तब दस्त लगना, कीड़े, कान बहना, चमड़ी पर रोग या टी.बी. आदि। ऐसा भी हो सकता है कि आपके बच्चे के फेफड़े गैस के कारण कमजोर हो गये हों या बच्चे में रोग से लड़ने की ताकत कम बची हो।

४.३ टीके

टीके देने से बच्चे की कुछ खास छूत की बीमारियों से लड़ने की ताकत बढ़ाई जा सकती है। यह इसलिये भी जरूरी है क्योंकि मिक ने शरीर की आत्मरक्षा प्रणाली को कमजोर कर दिया है। टीके इन्जेक्शन से भी दिये जाते हैं, और पिलाये भी जाते हैं। टी.बी., कुकर खाँसी, डिप्थीरिया, टिटेनस, पोलियो और खसरा (मिजल्स) के टीके होते हैं। कुकर खाँसी डिप्थीरिया और टिटेनस का एक ही मिला-जुला टीका होता है, जिसे 'तिहरा टीका' कहते हैं। ध्यान रखें कि आपके बच्चे को सही समय

पर टीका लगे। टीकों के लगाने के सही समय की जानकारी आगे दी है।

भोपाल में पाँच वर्ष तक के सभी बच्चों को टीका लगना चाहिये। यदि किसी बच्चे को समय पर टीका नहीं लगा है तो देर होने पर भी उसे टीका अवश्य लगवायें।

जो बच्चा कमजोर है या जिसका परिवार बहुत गरीब है उसके लिये खसरा रोग के परिणाम भयानक हो सकते हैं। इससे भूख कम हो जाती है और बच्चे की अन्य बीमारियों के खिलाफ अपना बचाव करने की ताकत जाती रहती है। ऐसा बच्चा खाँसी निमोनिया, दस्त, कान बहने और चमड़ी रोग पैदा करने वाले कीटाणुओं के खिलाफ ठीक से नहीं जूझ पाता। इसलिये रोग होने के बाद बच्चा अक्सर बीमार रहता है। बार-बार उसे छूत की बीमारियां होती हैं और धीरे-धीरे कमजोर होता चला जाता है। वह काफी भोजन नहीं पचा पाता और छूत की बीमारियों से जूझ नहीं पाता। इस प्रकार वह कुपोषण और छूत की बीमारियों के ऐसे दुष्चक्र में फंस जाता है जिससे उसे बचा पाना एक अच्छे डाक्टर के लिये भी संभव नहीं होता। यह दुष्चक्र बच्चे की मौत में बदल सकता है।

टीका लगाने का समय चक्र

कौन सा टीका?	किस बीमारी के खिलाफ	टीका कब दिया जाये
बी. सी. जी. टीका	टी. बी.	जन्म के समय एक ही बार।
तिहरा टीका (इन्जेक्शन)	कुकर खांसी, डिप्थीरिया टिटेनस	जन्म के तीसरे, चौथे व पांचवे महिने। तीन खुराक।
पोलियो (पिलाने की दवाई)	पोलियो	चौथे महिने से शुरू करके हर महिने एक बार, पाँच खुराक
खसरा टीका (इन्जेक्शन)	खसरा	नौवें महिने के बाद जितनी जल्दी हो सके, एक खुराक।

नोट: कोई टीका समय पर न लगने पर भी कोई हर्ज नहीं। बाद में भी लग सकता है। पर टीका लगवाये जरूर।

एकतरह से खसरा भारत व अन्य गरीब देशों में नम्बर एक की जानलेवा बीमारी है। इसलिये खासकर भोपाल में यह बहुत जरुरी है कि पाँच वर्ष तक के सभी बच्चों को खसरा का टीका दिया जाये। यह बहुत सस्ता टीका है और इसका कोई खराब असर नहीं होता है। इसे सरकार को उच्च प्राथमिकता देकर मुहैया करवाना चाहिये।

8.4 सफाई क्यों और कैसे?

अगर हम सफाई के कुछ आसान नियमों का पालन करें तो दस्त, कीड़े और चमड़ी के रोगों जैसी छूत की बीमारियाँ कम होंगी। नीचे दी गई बातों पर खुद अमल करें व बच्चों को भी सिखायें:

1. टट्टी के बाद और भोजन के पहले अपने हाथों को साबुन व पानी से धोयें। साबुन के बदले राख का इस्तेमाल किया जा सकता है।
2. हफ्ते में एक बार नाखून अवश्य काटें। नाखूनों में जमा मैल दस्त या पेट में कीड़े पैदा कर सकता है।
3. शौचालय का उपयोग करें। यदि आप खुले में टट्टी करते हैं तो मक्खियाँ या अन्य जानवर कीटाणु फैला सकते हैं।
4. भोजन पर मक्खियाँ न बैठने दें। हर संभव तरीके से मक्खियों को दूर रखें।



5. रोज साबुन लगाकर नहायें। इससे चमड़ी के रोगों से बचाव होगा।

इन नियमों पर अमल के लिये सरकार को काफी कुछ करना होगा। सरकार को चाहिये कि वह ज्यादा पानी मुहैया करे। नालियों की बेहतर व्यवस्था करे और बस्तियों में साफ सुथरे शौचालयों का काफी सँख्या में निर्माण करे। आपको संगठित होकर माँग करना चाहिये कि आपकी बस्ती में लोग स्वस्थ रह सकें। यह सरकार का फर्ज है। सफाई की ये आदतें बच्चे तभी सीखेंगे जब माँ-बाप उन्हें खुद करें। इससे उन्हें भी फायदा होगा क्योंकि उन्हें बीमार बच्चे को लेकर जगह-जगह



नहीं भटकना पड़ेगा और पैसा भी बचेगा।

8·5 भोजन या टॉनिक

दुनिया में ऐसी कोई टानिक की शीशी नहीं हैं जो शरीर को असल में ताकत देती हैं। ताकत असल में आती है तो पर्याप्त भोजन, पर्याप्त व्यायाम और आराम, छूत की बीमारियों से मुक्ति और साफ आबोहवा से। इनके अलावा माँ-बाप का प्यार और ध्यान बच्चे को ताकतवर बनाने में मदद करते हैं।

बाजार में मंहगे बिकने वाले टानिकों की बहुत सीमित भूमिका होती है। इनमें मुख्य तौर पर दो प्रकार की चीजें होती हैं। एक तो विटामिन (जैसे विटामिन ए, बी, सी, आदि) और दूसरे लवण। शरीर को बढ़ने और काम करने के लिये इन चीजों की जरूरत बहुत थोड़ी मात्रा में होती है। ये विटामिन या लवण हमारे भोजन में आमतौर पर मौजूद होना चाहिये। जब हमें काफी या सही खाना नही मिलता तो हमें विटामिन और लवण भी कम मिलते हैं। ऐसी स्थिति में कई समस्यायें पैदा हो सकती हैं, जैसे मुँह में छाले, चेहरे पर सफेद धब्बे, रतौंध (रात में दिखाई न देना) भूख न लगना आदि। ये समस्यायें पैदा होने पर विटामिन या लवण की गोलियाँ दी जा सकती हैं। ये बहुत सस्ती होती हैं। परन्तु गोलियों के साथ-साथ खाने को बेहतर करना जरूरी है। क्योंकि पर्याप्त संतुलित भोजन की कमी ही तो सारी समस्या की जड़ है। यदि बच्चे को

गोलियाँ निगलने में दिक्कत है तो उसके बदले मीठा सिरपन खरीदें। आप खुद गोली को पीस-कर शक्कर या गुड़ के साथ पानी में घोलकर बच्चे को दे सकते हैं। इससे काफी पैसा बचेगा जिससे आप बच्चे के लिये बेहतर भोजन का इंतजाम कर सकते हैं। सरकारी स्वास्थ्य कार्यकर्ती से कमजोर बच्चों के लिये यह गोलियाँ मुफ्त भी मिल सकती हैं।

8·6 ताकत के लिये भोजन

अच्छा खाना बहुत मंहगा हो यह जरुरी नहीं है। बच्चे के लिये जरुरी सारी चीजें सामान्य शाकाहारी भोजन में भी मिल जाती हैं। परन्तु **याद** रखिये कि अलग-अलग प्रकार की चीजों से मिलकर बना भोजन जरुरी है। बच्चे का काम केवल चावल या रोटी से नहीं चलेगा। कई चीज़ों को मिलाकर देना पड़ेगा। **एक अनाज** (गेहूँ, चावल, ज्वार आदि) किसी एक दाल के साथ (अरहर, चना आदि) जो अनाज का एक तिहाई हो और कोई एक मौसमी सब्जी या फल जैसे, **अमरुद**, केला या पपीता आदि। सब्जी दाल **या** रोटी **के साथ** थोड़ा-सा तेल मिलाने से बच्चे को बहुत फायदा होता है। अंकुरित दालें, जैसे भिगोये हुये चने या मूंग बहुत पौष्टिक होते हैं। **हरी**, पीली या लाल सब्जियों में विटामिन होते हैं जो लोगो को फायदा पहुँचाते हैं।



फायदा पहुँचाते हैं। यदि कुछ अधिक पैसे हों तो माँसाहारी लोग अन्डे, मछली या माँस खरीद सकते हैं और शाकाहारी परिवार दूध, मूंगफली और गुड़ आदि। ये बढ़ती उम्र के बच्चों को ताकतवर और स्वस्थ बनाते हैं।

४.७ छोटे बच्चों का भोजन

बहुत छोटे बच्चों को खाना खिलाने में काफी सावधानी की जरूरत है। पहले छह महिनों तक माँ का दूध सबसे अच्छा है। इसके लिये जरूरी है कि माँ को संतुलित भोजन मिले। कई गैस पीड़ित माँओं ने दूध की कमी की शिकायत की है। इससे उनके बच्चे भूखे रह जाते हैं। ऊपर का दूध देने में कुछ सावधानियाँ रखनी पड़ती हैं। ऊपर का दूध बोतल से न पिलायें। इसके बजाय कटोरी व चम्मच का इस्तेमाल करें जिसे आसानी से साफ कर सकते हैं। शुरुआत में ऊपर के दूध को जो गाढ़ा होता है, आधा पानी मिलाकर पतला कीजिये व थोड़ी शक्कर डालें ताकि यह माँ के दूध के समान मीठा हो जाये।

माँ का दूध बच्चे को स्वस्थ्य रखने के लिये पहले छह महिने तक ही काफी होता है। जो बच्चे इसके बाद दूसरा खाना नहीं खाते हैं वे कमजोर हो जाते हैं और बीमार भी ज्यादा पड़ते हैं। बड़ों को सिर्फ काम करने के लिये खाने की जरूरत

होती है जबकि बच्चों को बढ़ने के लिये भी भोजन की जरूरत होती है। इसलिये उनकी भोजन की जरूरत दुगुनी होती है। वैज्ञानिकों ने पता लगाया है कि दो वर्ष के स्वस्थ बच्चे को उसकी माँ जो खाती है, उसके डेढ़ गुना भोजन की जरूरत है। इतना खाने के लिये बच्चे को कम से कम चार बार खिलाना पड़ेगा।

इसलिये बच्चे को छह महिने की उम्र से ही कुछ खिलाना शुरू करें। यदि किसी कारण से दूध काफी नहीं है तो चार महिने से शुरू कर दें। शुरुआत नरम और आसानी से पचने वाले भोजन से करें। छोटे बच्चों को कब और क्या खिलाना चाहिये यह जानकारी अपने इलाके में काम करने वाले डॉक्टर या स्वास्थ्य कार्यकर्ता से लें।



चार महिने से नरम खाना खाने की आदत बन गई है.



बच्चों को स्वस्थ्य रखने और कई बीमारियों से बचाने वाले तीन महत्वपूर्ण अंगरक्षक हैं :

- पोषक आहार
- स्वच्छता
- टीके (प्रतिरक्षक)

मानसिक स्वास्थ्य

१·१ बच्चे

गैस रिसन ने सभी लोगों के दिमाग पर गहरा असर किया है। पर बच्चे सबसे बुरी तरह प्रभावित हुये क्योंकि वे यह नहीं समझ पाये कि क्या हुआ जिसने उनके माँ-बाप, भाई-बहनों को उनसे अलग-अलग कर दिया। कुछ बच्चे तो अपने परिवार मे अकेले बचे हैं। आज भी जब माँ-बाप अपने बच्चों को 'जन स्वास्थ्य केन्द्र' में लाते हैं तो बताते हैं कि वे ठीक से नहीं खाते हैं। रात में बच्चे घबराये से सोते हैं, बीच-बीच में डरकर जाग जाते हैं। कुछ बच्चे नींद में पेशाब कर देते हैं। इन बच्चों को स्कूल में बातें याद रखने और ध्यान देने में दिक्कत होती है। कुछ बच्चे जो काम करते थे, अब काम पर नहीं जा पा रहे हैं।

इन दिक्कतों के लिए बच्चों को डाँटे या मारें नहीं। मार से ये दिक्कतें शायद और गहरी हो जायें। **डाँटने**- मारने से फायदा नहीं उल्टा नुकसान है। आपको बच्चे का मन जीतना चाहिये ताकि अपने अन्दर के डर के बारे में **वह** सब कुछ बता दे। इस तरह आप बच्चे के दिमाग से डर को बाहर निकालने में सफल हो सकेंगे। इससे वे यह समझ सकेंगे कि उनके डर के पीछे **उस** समय हुई घटनायें हैं। अब न तो ये घटनायें हो रही हैं और न ही इनके फिर से होने की संभावना है। बच्चे में हौसला बढ़ाने के लिए उसके साथ वक्त गुजारिये। उसकी क्षमताओं व पहले की कामयाबियों की याद दिलाइये। यदि आप थोड़ा पैसा बचा सकें और समय हो तो बच्चों को ऐसी जगह दिखाने ले जाइये जो उन्हें पसंद हो। यदि वे स्कूल में हैं तो उन्हें उनकी पढ़ाई में मदद व प्रोत्साहन दीजिये। कुछ लड़कियों के लिए यह समय लड़कों की बनिस्वत ज्यादा बुरा रहा। कुछ लड़कियों के भाई मर गए। ऐसे माँ-बाप के लिए

यह न केवल दुःख की बात थी बल्कि एक सामाजिक व आर्थिक घटना भी। इस कारण से कुछ ने अपनी लड़की को इस बात पर कोसा है कि भाई की जगह वह खुद **क्यों नहीं** मर गयी। इससे एक अपराध भावना पनपती है। हमने कई लड़कियों के सपने **सुने हैं जिसमें** वे अपने भाइयों को ढूँढकर वापिस **लाने की कोशिश** करती है। ऐसे में यह जरूरी है कि आप बच्चियों को ज्यादा से ज्यादा प्यार करें व उन्हें इसका अहसास कराये। गैस प्रभावित बस्तियों में ऐसी व्यवस्था करायी जानी चाहिये। जिससे ये लड़कियाँ रोज़गार पा सकें, और बोझ न बनें।

बच्चियों से प्यार करने की यह सलाह शायद आपके लिए मुश्किल हो। अपनी रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने में ही शायद बहुत मेहनत करनी पड़ती हो। शायद आप स्वयं भी उतनी अच्छी दिमागी हालत में न हों। इसके बावजूद हम कहेंगे कि आप कुछ करें। क्योंकि इस मामले में आपके सिवा बच्चे की मदद कोई और नहीं कर सकता। यदि मदद की जरूरत हो तो आप ऐसा स्वास्थ्य कार्यकर्ता या डॉक्टर ढूँढे जिसकी सहानुभूति और सलाह पर आपको भरोसा हो।



१.२ बड़े

शायद गैस दुर्घटना का आपके दिमाग पर इतना गहरा असर हुआ है कि आप रोजमर्रा के जीवन को मुश्किल से संभाल पा रहे हैं। या आपके घर में किसी को या किसी दोस्त को मानसिक बीमारी हो गयी हो, जिसमें डॉक्टरी इलाज की जरूरत पड़ी हो। यह बीमारी एक भयानक यातना बन गयी होगी, और कई लोग इसी कारण से काम पर न लौट सके हों। कुछ लोगों की पहले से चली आ रही मानसिक बीमारी और बिगड़ गयी होगी। ऐसे सभी लोगों को सहानुभूति व उचित देखभाल की जरूरत है।

गैस रिसन के कारण दो प्रमुख मानसिक परेशानियाँ पैदा हुयी हैं, गहरी उदासीनता और घबराहट। उनींदापन, कमजोरी, दुःख, भूख न लगना, यौन इच्छा न होना आदि गहरी उदासीनता के लक्षण हैं। छाती में कसाव, धड़कन बढ़ना, छोटी-छोटी साँसें, ज्यादा पसीना, उचटी हुई नींद या भयानक सपने आना, याददाश्त की कमजोरी, शरीर में तनाव व दर्द आदि घबराहट के लक्षण हैं।

गहरी उदासीनता व घबराहट आमतौर पर साथ-साथ होते हैं। दिन भर इनमें उतार-चढ़ाव भी आते रहते हैं। एक तरह की अपराध भावना व स्वयं तथा औरों के प्रति नकारात्मक विचार गहरी उदासीनता की आम बातें हैं। घबराहट के कारण अत्यधिक डर व आतंक का भाव पैदा होता है। जिन लोगों को ऐसा नहीं होता उन्हें ये भावनायें अवास्तविक लगती हैं और अक्सर वे इन्हें फितूर कहकर टालने की कोशिश करते हैं। सच यह है कि इन लोगों की भावनायें हमसे कहीं ज्यादा तीव्र होती हैं। ऐसे व्यक्ति आत्महत्या तक कर सकते हैं। हमें ऐसी भावनाओं को नकारना नहीं चाहिये बल्कि उस व्यक्ति के साथ बैठकर, बतियाकर व आदर से उसकी बात सुनकर उसकी भावनाओं के बोझ को हल्का करने में मदद देनी चाहिये। इससे व्यक्ति के जीवन में काफी बदलाव आयेगा और वह अपना खोया आत्मविश्वास, वास्तविकता का अहसास और आत्मसम्मान सब पा लेगा। आत्मसम्मान के लिए यह भी जरूरी है कि व्यक्ति को यह महसूस हो कि वह उपयोगी है। वह कुछ कमा सके तो बहुत ही अच्छा है।



जिन्हें ऊपर बतायी गई तकलीफें हैं उनसे हमारा कहना है कि ये तकलीफें जीवन के लिए खतरनाक नहीं हैं, चाहे आज वे परेशानी का कारण हों। जैसे दिल की धड़कन बढ़ने से घबरायें नहीं। सारी परेशानियाँ डाक्टर या भरोसेमंद व्यक्ति से कहें। डॉक्टर, रिश्तेदार सबको आपकी समस्या सुननी चाहिए। शायद वे इससे उबरने का कोई रास्ता बता सकें।

१.३ दवाईयाँ

कुछ ऐसी दवाईयाँ हैं जो इस हालत से उबरने में मदद कर सकती हैं। ये डॉक्टर द्वारा दी जा सकती हैं। कई बार ये दवाईयाँ तकलीफ को बहुत हद तक कम कर देती हैं और हालत जल्दी सामान्य होने लगती है। किसी मानसिक संकट से निकलने के लिए यदि कुछ दिन दवा लेना पड़े तो इसमें डर महसूस करने की कोई बात नहीं हैं। यदि आपको लगता है कि जीने का कोई मतलब नहीं है और आत्महत्या करने या दूसरों पर हमला करने की इच्छा होती है तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लीजिये। डॉक्टर दवाईयाँ देंगे व दवाई की खुराक पर निगरानी रखेंगे। किसी भी हालत में डॉक्टर की राय से ज्यादा दवाईयाँ न खायें। आखिर में आपको अपने पैरों पर ही खड़े होना है, दवाईयों की बैसाखियों पर नहीं। मानसिक बीमारी में दवाईयों से ज्यादा जरुरत दोस्तों और रिश्तेदारों के सहयोग की होती है। स्वास्थ्य कार्यकर्ता भी मदद कर सकते हैं।

१.४ दोस्त और रिश्तेदार

दोस्तों, रिश्तेदारों और स्वास्थ्य कार्यकर्ता को धीरज के साथ रोगी के साथ समय बिताना होगा। उसकी रूचियों को उजागर करना होगा। उसे ऐसी बातों, गतिविधियों या हुनर से जोड़ना होगा जो उसकी रूचि के रहे हैं। धीरे-धीरे उसकी पुरानी सफलताओं की याद दिलानी होगी। उसकी नयी पहलकदमियों को सराहें व प्रोत्साहन दें। ऐसा भी हो सकता है कि मानसिक परेशानी भुगतने वाले कुछ लोग एक साथ स्वास्थ्य कार्यकर्ता से मिलें और चर्चा करें। क्यों उन्हें हर काम करने में इतनी मुश्किल होती है, सब कुछ इतना उरावना क्यों लगता है? आदि बातों पर बातचीत हो सकती है। वे यह भी सोच सकेंगे कि वे एक दूसरे की मदद कैसे करें या एक दूसरे को सामान्य ज़िंदगी की समस्याओं से जूझने की तरकीब बतायें। कई बार सामान्य लोगों से ज्यादा बीमार लोग खुद ज्यादा मदद दे पाते हैं क्योंकि वे एक दूसरे की अंदरूनी भावनाओं को ज्यादा बेहतर तरीके से समझते हैं। परन्तु इस चर्चा के दौरान एक अनुभवी व परिपक्व मानसिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता का होना जरुरी होगा (जो स्वयं कभी इस ढंग से बीमार पड़ चुका हो)।



इससे स्थायी मानसिक स्वास्थ्य समूह बन सकेगा। जिससे मानसिक संकट के समय लोगों को मदद मिल सकेगी। मानसिक रूप से विचलित व्यक्ति भी हमारे आदर के हकदार हैं। कभी मत भूलिये कि वे भी इंसान है। ठीक होने के लिए उन्हें प्यार की जरुरत है।

१.५ असली पागल कौन है?

अक्सर लोग अपने आसपास के अन्याय और निर्दयता से तालमेल न बैठा पाने के कारण मानसिक परेशानियाँ झेलते हैं, या वे किसी भयानक और दर्दनाक अनुभव को भुला नहीं पाते, जैसे - बलात्कार जिसमें उनको ताकत से दबा दिया जाता है और उनकी ज़िंदगी का संतुलन अस्त - व्यस्त कर दिया जाता है। या उन्हें ऐसी स्थितियों में जीने को मजबूर किया जाता है जिसमें उनकी जरुरतों और इच्छाओं का दमन मानवीय सहनशक्ति की सीमा से बाहर हो जाता है। या हो सकता है कि पारिवारिक जिम्मेदारियों का बोझ उनकी ताकत के बाहर हो जाता है और काफी काम करने के बावजूद या काम न मिलने के कारण काफी पैसा भी नहीं पाते हों।

ऐसे लोगों को पागल कहा जाता है। या कहा जाता है कि वे बीमार हैं और उन्हें इलाज के लिए डॉक्टर के पास ले जाया जाता है या कई बार कहा जाता है कि उन पर भूत लग गया है और झाड़फूँक करवायी जाती है।

परंतु ऐसा कहते हुए हम अपने समाज की उन गलत बातों को भूल जाते हैं जिनके कारण ये लोग टूटन की स्थिति में पहुँचे हैं। क्या हमें खुद समाज में हो रहे शोषण की जानकारी नहीं है? क्या हम खुद रोजाना अन्याय, भ्रष्टाचार, निर्दयता और हिंसा से परेशान नहीं होते या नहीं जूझते? यदि ये चीजें थोड़ी ज्यादा हो जायें तो शायद हम भी पागल हो जायेंगे।

और क्या हममें से कई को इस बात का डर नहीं? परन्तु क्या हमारे अन्दर कुछ गड़बड़ है?

जिस तरीके से हमें जीने को मजबूर किया जाता है, जिस समाज में जीने के लिए जरूरी है कि घुटने टेक दें या बेईमान हो जायें, भ्रष्ट हो जायें या हिंसक हो जायें, क्या यह सब ठीक है? जहाँ यूनियन कार्बाइड हजारों लोगों को कीड़े मकोड़ों की तरह मारकर भी मुजरिम नहीं, सजायाफ्ता नहीं, क्या उस समाज में गड़बड़ नहीं है?

यदि इस सब के बारे में सोचें तो क्या आपको अब भी लगता है कि टूटे हुए लोग समस्या की जड़ हैं? या बीमारी समाज में है? और वास्तव में पागल तो वे हैं जो पैसा बनाने में मशगूल हैं, जो पैसा बनाने के लिए बेकसूर लोगों की जान लेने से भी नहीं चूकते?

जब आप इस प्रकार से समस्या को देखते हैं तो हम कहेंगे कि आप हमारी तरह सोच रहे हैं। और अब अगर आप मानसिक स्वास्थ्य के बारे में चिंतित हैं तो आइये हम सब मिलकर इस बीमारी को समाज से उखाड़ फेंकने के लिए तैयार हो जायें। ताकि सबके लिए सुंदर जीवन बनाया जा सके। एकजुट होकर यूनियन कार्बाइड के खिलाफ लड़िये। उन सभी ताकतों के खिलाफ लड़िये जो कार्बाइड की मदद करती हैं और उसे बचाती हैं। उन सभी ताकतों के खिलाफ लड़िये जो इंसान की जान की इज्जत नहीं करतीं और आपको दबाती हैं। हार मानने से काम नहीं चलेगा।

9.6 मुआवजा

मुआवजे और गैस रिसन से मानसिक स्वास्थ्य पर असर को लेकर हम कुछ कहना चाहेंगे। अमेरिका में ऐसे मामले लोगों ने सामूहिक रूप से अदालत में उठाये हैं। इन मामलों से यह साबित हुआ है कि किसी दुर्घटना का मानसिक असर भी उतना ही नुकसान देह है जितना शारीरिक असर। वहाँ की अदालतों ने इस तरह की दुर्घटना से प्रभावित लोगों की मानसिक वेदना, उनकी ज़िंदगी और इंसानी रिश्तों में उथल पुथल के लिये भरपूर मुआवजे दिलवाये हैं। इन दुर्घटनाओं के लिये जिम्मेदार कंपनियों को प्रभावित लोगों को ये मुआवजे देने पड़े हैं।

बूढ़े लोगों के बारे में



अन्य अल्पसंख्यकों की तरह बूढ़े लोग भी हमेशा लापरवाही और उपेक्षा के शिकार रहते हैं। बच्चों की तरह बूढ़ों को भी गैस ने बहुत ज्यादा नुकसान पहुँचाया है। और प्रभावितों में से अधिकांश मर गये हैं। जो बच गए हैं, स्वास्थ्य की दृष्टि से उनकी स्थिति ठीक नहीं है। लेकिन लोगों के पास उनकी ओर ध्यान देने और सही देखभाल के लिये (जिसकी जरूरत है) बहुत कम समय या ताकत है। लोग यह अहसास करने के लिये ही तैयार नहीं हैं कि बूढ़े लोग उपेक्षा या लापरवाही के शिकार हैं। लोग हमेशा बूढ़ों को भूले रहते हैं या भूले रहना चाहते हैं क्योंकि वे परिवार के कमाऊ सदस्य नहीं होते हैं।

बूढ़े लोगों को विशेष देखभाल और प्यार की जरूरत होती है। यह सच है कि वे अब परिवार को आर्थिक या और किसी तरह की मदद नहीं कर सकते हैं, लेकिन उन्होंने अपने जीवन में समाज और परिवार के लिये बहुत कुछ किया है। त्याग और कड़ी मेहनत से वे हमें बड़ा करते हैं। उन्होंने अपने से पहले की और हमारी पीढ़ी के लिये बहुत कुछ किया है। हमारी संस्कृति को बनाये रखने में उनका बड़ा योगदान है।

यदि हम उनकी उचित देखभाल करेंगे तो वे हमें बहुत कुछ मदद कर सकेंगे। यह बहुत आसान है कि हम उन्हें भुला दें और किसी चीज के लिए उनका अहसान न मानें। अधिकतर बूढ़े लोग कोने में अकेले पड़े मौत का इंतजार करते रहते हैं। उन्हें इस तरह न छोड़ें। उनकी ठीक से देख-भाल की कोशिश करें। बूढ़े लोगों की कुछ खास शिकायतें होती हैं। शरीर ठीक से काम नहीं कर पाता है। हमेशा तकलीफ और दर्द होता रहता है। अक्सर छाती में छूत की बीमारी होती है। गैस की वजह से यह आसानी से निमोनिया में बदल सकती है। कब्ज भी आसानी से हो जाती है क्योंकि पेट की आंतें ठीक से काम नहीं कर पातीं। यदि उन्हें दस्त लग जायें तो बूढ़ी सूखी देह से शरीर का सारा पानी निकल जाता है। हड्डियाँ कड़ी हो जाती हैं और गिरने या फिसलने पर तुरंत टूट जाती हैं। बूढ़े लोगों की आँखें वैसे ही कमजोर होती हैं, गैस ने उन्हें और

भी धुँधला बना दिया है। चूँकि अधिकतर बूढ़े लोगों के दांत नहीं होते हैं **इसलिये** वे आवश्यक मात्रा में भोजन खा या चबा नहीं सकते और न ही अपनी जरूरत के हिसाब से भोजन पका सकते हैं। यही नहीं वे यह भी महसूस करते हैं कि वे अपने लिये कोई खास भोजन की माँग नहीं कर सकते हैं। इसलिये वे हमेशा कुपोषण से पीड़ित रहते हैं। बूढ़े लोगों के दिमाग कभी-कभी कमजोर हो जाते हैं, खासकर बीमारी के समय। ऐसे समय वे बड़ी **मुसीबत** में फंस जाते हैं और कमजोर महसूस करते हैं। यदि इन सब बातों की ओर ध्यान **देकर बूढ़ों के लिये थोड़ा समय निकाला जाये** तो उनका स्वास्थ्य सुधर सकता है **और** साधारण बीमारी को भी वे किस्मत की बात कहकर टालने से बच सकेंगे।

स्वास्थ्य कार्यकर्ता के रूप में हम, लोगों को बुढ़ापे में ठीक **ढंग** से **जिन्दगी** बिताने में मदद कर सकते हैं। बुढ़ापा ज़िंदा मौत नहीं है। कुछ साधारण बातों को ध्यान रखकर परिवार और पड़ोस के बूढ़ों को **स्वस्थ्य** व खुश रखा जा सकता है।

1. बूढ़े लोगों से मुलाकात होने पर इज्जत और लगाव के साथ हाल-चाल पूछें।
2. उनके दर्द और तकलीफों के बारे में पूछिये। जाँच व दवाइयों के बारे में आवश्यक सलाह दीजिये। प्रोत्साहित करिये कि वे राहत शिविरों के डॉक्टर या स्वास्थ्य कार्यकर्ता से मिलें।
3. ध्यान रखें कि सर्दियों में उन्हें आवश्यक गर्मी मिल पा रही है या नहीं। धूप में या आग के पास वे रोज बैठ सकें, इसकी व्यवस्था करें।
4. जिनके दांत नहीं है, उनके लिये **पर्याप्त** मात्रा में **पौष्टिक भोजन जुटाइये**। भोजन मुलायम और आसानी से पचने वाला होना चाहिये। ऐसा भोजन बनाया जाये जैसा एकदम छोटे बच्चों के लिये बनाया जाता है। पकी हुई हरी सब्जियाँ भरपूर मात्रा में दें जो ताकत भी देंगी और आंतों की सफाई भी ठीक से करेंगी। **इससे वे कब्जियत से भी बच सकेंगे।** बूढ़े लोगों को **काफी मात्रा में पानी व अन्य चीजें पीना** चाहिये, खासकर जब दस्त लग रहे हों।



5. छाती की छूत की बीमारियों के लिये एंटी बायोटिक (कीटाणुनाशक) दवाइयों की निश्चित मात्रा देनी होगी। ये दवाइयाँ शासकीय चिकित्सा केन्द्र से मुफ्त मिलती हैं।

इस सबके अलावा हमेशा कोशिश करिये कि बूढ़े लोगों को लगे कि परिवार व समाज को उनकी आवश्यकता है। यदि आप ऐसा करेंगे तो वे भी बच्चों को बड़ा करने में आपकी मदद करेंगे और यह सभी के लिये अच्छा होगा।

बूढ़ों के लिये पेंशन



जिनका कोई करीबी रिश्तेदार नहीं है या जिन्हें रिश्तेदार सहारा नहीं देते, उन बूढ़े लोगों के लिये शासन की पेंशन योजना है। गैस प्रभावित क्षेत्रों में इस योजना को विस्तार दिया गया है व वहाँ सभी बूढ़े व्यक्तियों को पेंशन मिल सकती है। साथ ही उन्हें पौष्टिक आहार भी उपलब्ध हो सकता है। स्वास्थ्य केन्द्रों के काम का एक भाग यह भी होना चाहिये कि वह बूढ़े लोगों की पूरी देखभाल करें। इससे हर परिवार का बोझ कम होगा और बूढ़े लोगों को न्यूनतम स्तर की चिकित्सीय सुविधा और पौष्टिक आहार मिल सकेगा। इस समस्या को अन्य किसी तरीके से नहीं सुलझाया जा सकता। हमें शासन पर दबाव डालना चाहिये कि स्वास्थ्य केन्द्रों में ये सुविधायें मिलें।

जली हुई बीड़ी बुझी खाली-खाली जेब
अच्छा खासा आदमी सौ-सौ खाये फरेब

-अरविंद चतुर्वेद

बस्ती-बस्ती धुआँ है जंगल-जंगल आग
दिल्ली में दरबार है हरा-भरा है बाग

बिन बरसे बादल गये गये महीनों साल
देश तरक्की कर गया अभी आप बेहाल

खाँसी की ठक-ठक हुई जगी चिलम की आग
दिल से एक धुआँ उठा या पीड़ा का राग

दवाईयाँ: कुछ सलाह

इस पुस्तक में हमने कुछ बीमारियों के साथ उनसे जुड़ी दवाईयों की बात भी की है। मगर दवाईयों को इस्तेमाल करते समय कुछ आम नियमों का ध्यान रखें।



1. दवा की सही खुराक, सही समय पर लें।
आवश्यकता से ज्यादा दवा लेने पर नुकसान हो सकता है। बतायी गई खुराक से कम दवा लेने पर असर कम हो सकता है।

2. कुछ दवायें पूरी खुराक से कम न लें।
जैसे एंटीबायोटिक (कीटाणु विरोधी) दवा बीमारी के लक्षण खत्म हो जाने के बाद भी नुस्खे के अनुसार पूरी खुराक में लेते रहें।

3. इन्जेक्शन से बचें।
जब तक कि बहुत जरूरी न हो इन्जेक्शन न लें (जैसे टी॰बी॰ के लिए स्ट्रेप्टोमायसिन या दमा के दौरे में ब्रान्कोडायलेटर्स)। तिहरा टीका व खसरा का टीका केवल इन्जेक्शन के रूप में ही दिया जाता है।

4. मंहगी दवाओं से बचें।
शीशी, केप्सूल या डिब्बे में मिलने वाली दवाओं के लिये अधिक पैसा खर्च करना पड़ता है। ज्यादातर दवायें सस्ते दामों पर मिल सकती हैं। ये भी मंहगी दवाओं की तरह असरकारक होती हैं। दवा कंपनियाँ लोगों को उल्लू बनाने और पैसा कमाने के लिए ऐसे तरीके सोचती हैं।

5. नकली दवाओं से सावधान।
उन्हीं लोगों या दुकानों से दवा लें जिन पर आपको भरोसा हो। कुछ दवायें एक निश्चित समय के बाद इस्तेमाल नहीं की जा सकतीं। दवाओं के पैकेट या लेबल पर उनके बनाने की तारीख और वह तारीख जिसके बाद उसे इस्तेमाल नहीं करना है, छपी रहती है। दवा खरीदते समय देख लें कि उसकी इस्तेमाल करने की तारीख निकल तो नहीं गयी।

6. सभी दवाओं को बच्चों की पहुँच से दूर रखें।

7. स्टीरायड नामक दवा से बचें।
स्टीरायड दवाओं के बारे में अध्याय तीन में (दमे के इलाज के साथ) चर्चा की गई है। ये दवायें अन्य रोगों में भी दी जाती हैं। ये कभी-कभी मरीज की जान बचा लेती हैं। किन्तु कुछ डॉक्टर इन दवाओं का उपयोग अन्य दवाओं के साथ जरूरत न होने पर भी करते हैं। मरीज जल्दी अच्छा हो जाता है, पर स्टीरायड दवा असली रोग को दबा देती है। आगे चलकर मरीज की हालत और खराब हो जाती है।

8. गर्भ के दौरान अनावश्यक दवाईयों से बचें।
खासकर गर्भ के पहले तीन महिनों में तो यह बहुत जरूरी है। यदि आप गर्भवती हैं तो यह बात डॉक्टर को जरूर बता दें। कई दवायें आपके बच्चे को नुकसान पहुँचा सकती हैं या उसके कारण विकलांग बच्चा पैदा हो सकता है। गर्भवती महिलाओं को जाँच केन्द्र से दी गई आयरन और कैल्सियम की गोलियाँ बच्चे को नुकसान नहीं पहुँचायेंगी, बल्कि आपको भी बहुत फायदा करेंगी!

9. ज्यादातर दवा लेते वक्त पूरे दिन खूब पानी पियें।

10. कुछ दवाईयों को खाली पेट कभी नहीं लेना चाहिये।
जैसे, खाली पेट एस्प्रीन लेने से पेट में छाले हो सकते हैं।

11. केवल दवाईयों पर कभी निर्भर न रहें।
याद रखें कि आपका शरीर मौका मिलने पर खुद ही ठीक हो सकता है। सही खाना और पीने का पानी, आराम, सफाई, ताजी हवा, कुछ व्यायाम और प्यार। अच्छी तरह से ठीक होने के लिये इन सभी चीजों की जरूरत है। हरेक व्यक्ति को इस तरह की सुविधाओं के साथ जीने का हक है।

आमतौर पर यह याद रखें कि ज्यादा दवाईयाँ लेने से और उन पर ज्यादा खर्च करने से हमेशा ज्यादा राहत नहीं मिलती। दवा कंपनियाँ हर प्रकार के मिक्चर और दवाईयाँ बनाती हैं जिन्हें डॉक्टरी किताबों में लेने के लिए नहीं कहा गया है। दवा कंपनियाँ इस तरह की फालतू और कभी-कभी नुकसान करने वाली दवाईयाँ बेचकर आपका शोषण करती हैं। कई डॉक्टर इन मुनाफाखोर कंपनियों को मदद देते हैं। डॉक्टर से मँहगी जादू जैसे असर करने वाली दवाईयाँ न माँगे। सस्ती और सस्ती वैज्ञानिक दवाईयाँ माँगें।

लोगों को दवाइयों के बारे में मोटी-मोटी बातें और स्वास्थ्य के बारे में आम नियमों को जानना चाहिये ताकि वे अपने और परिवार के स्वास्थ्य को बचा सकें। डॉक्टर अक्सर ज्यादा प्रसिद्ध होने के लिये, ज्यादा मरीजों को खींचने के लिये और अन्य डॉक्टरों के मुकाबले ज्यादा कमाने के लिये जनता के अज्ञान का फायदा उठाते हैं। डाक्टर यह भी कहते हैं कि कुछ दवाईयों को जैसे, टॉनिक या इन्जेक्शन देने के लिये वे मजबूर हो जाते हैं क्योंकि मरीज उनकी माँग करते हैं।

अपने डॉक्टर से कहें कि आपको अनावश्यक दवाईयाँ नहीं चाहिये। डॉक्टर को यह किताब दिखायें। इससे आपको सही इलाज पाने के हक को साबित करने में मदद मिलेगी।

किसी भी दवा के इस्तेमाल में कोई न कोई खतरा जरूर होता है.

8. गर्भ के दौरान अनावश्यक दवाईयों से बचें।
खासकर गर्भ के पहले तीन महिनों में तो यह बहुत जरूरी है। यदि आप गर्भवती हैं तो यह बात डॉक्टर को जरूर बता दें। कई दवायें आपके बच्चे को नुकसान पहुँचा सकती हैं या उसके कारण विकलांग बच्चा पैदा हो सकता है। गर्भवती महिलाओं को जाँच केन्द्र से दी गई आयरन और केल्सियम की गोलियाँ बच्चे को नुकसान नहीं पहुँचायेंगी, बल्कि आपको भी बहुत फायदा करेंगी!

9. ज्यादातर दवा लेते वक्त पूरे दिन खूब पानी पियें।

10. कुछ दवाईयों को खाली पेट कभी नहीं लेना चाहिये।
जैसे, खाली पेट **एस्प्रीन** लेने से पेट में छाले हो सकते हैं।

11. केवल दवाईयों पर कभी निर्भर न रहें।
याद रखें कि आपका शरीर मौका मिलने पर खुद ही ठीक हो सकता है। सही खाना और पीने का पानी, आराम, सफाई, ताजी हवा, कुछ व्यायाम और प्यार। अच्छी तरह से ठीक होने के लिये इन सभी चीजों की जरूरत है। हरेक व्यक्ति को इस तरह की सुविधाओं के साथ जीने का हक है।

आमतौर पर यह याद रखें कि ज्यादा दवाईयाँ लेने से और उन पर ज्यादा खर्च करने से हमेशा ज्यादा राहत नहीं मिलती। दवा कंपनियाँ हर प्रकार के मिक्चर और दवाईयाँ बनाती हैं जिन्हें डॉक्टरी किताबों में लेने के लिए नहीं कहा गया है। दवा कंपनियाँ इस तरह की फालतू और कभी-कभी नुकसान करने वाली दवाईयाँ बेचकर आपका शोषण करती हैं। कई डॉक्टर इन मुनाफाखोर कंपनियों को मदद देते हैं। डॉक्टर से मँहगी जादू जैसे असर करने वाली दवाईयाँ न माँगे। सरल और सस्ती वैज्ञानिक दवाईयाँ माँगें।

लोगों को दवाइयों के बारे में मोटी-मोटी बातें और स्वास्थ्य के बारे में आम नियमों को जानना चाहिये ताकि वे अपने और परिवार के स्वास्थ्य को बचा सकें। डॉक्टर अक्सर ज्यादा प्रसिद्ध होने के लिये, ज्यादा मरीजों को खींचने के लिये और अन्य डॉक्टरों के मुकाबले ज्यादा कमाने के लिये जनता के अज्ञान का फायदा उठाते हैं। डाक्टर यह भी कहते हैं कि कुछ दवाईयों को जैसे, टॉनिक या इन्जेक्शन देने के लिये वे मजबूर हो जाते हैं क्योंकि मरीज उनकी माँग करते हैं।

अपने डॉक्टर से कहें कि आपको अनावश्यक दवाईयाँ नहीं चाहिये। डॉक्टर को यह किताब दिखायें। इससे आपको सही इलाज पाने के हक को साबित करने में मदद मिलेगी।

किसी भी दवा के इस्तेमाल में कोई न कोई खतरा जरूर होता है.

अपने सुझाव और विचार
— जरूर भेजें —

यह किताब सही जानकारी, सही इलाज और स्वास्थ्य के मामले में अपने हकों को पाने के लिये लड़ाई का एक हिस्सा है। इस तरह यह हम सब लोगों की किताब है।

हम इसे और अच्छी एवं उपयोगी बनाना चाहते हैं- आपकी मदद से।

यदि आप इसे सुधारने के लिये सुझाव देना चाहते हों तो जरूर भेजें।

आप हमें यह भी बतायें कि –

किताब के कौन से हिस्से आपको सबसे ज्यादा काम के लगते हैं,

और कौन से हिस्से, पृष्ठ, पैरा एवं रेखाचित्र उलझाने वाले या खराब लिखे गये हैं,

या सबसे कम काम आने वाले तथा गलत लगते हैं।

हमें खासकर गैस पीड़ितों और उनके बीच काम करने वाले स्वास्थ्य कार्यकर्त्ताओं, अन्य स्वयं सेवकों के सुझाव पाने में खास दिलचस्पी है।

सुझाव इस पते पर भेजें :

हमारी सेहत, हमारी लड़ाई
द्वारा, एकलव्य,
ई 1/208, अरेरा कालोनी
भोपाल (म.प्र.) 462 016

भोपाल गैस हा[illegible]

ो यह बात
रा विकलां

★ पुराने भोपाल में गरीब लोगों की बस्तियों के पास यू[illegible]नियन कार्बाइड कंपनी का कारखाना था। इसमें सेविन नाम का एक कीटनाशक बनता था। इसे बनाने के लिये एक जहरीली गैस एम.आई.सी.(मिक) रखी जाती थी।

★ कंपनी का यह फर्ज था कि इस गैस के खतरे के बारे में सरकार को, नगरपालिका को, और आसपास रहने वालों को आगाह करती। और गैस रिसने पर क्या करना चाहिये, इसकी पूरी तैयारी रखना चाहिए थी। यह और भी जरुरी था क्योंकि इसके पहले भी कुछ दुर्घटनायें हो चुकी थीं। लेकिन करोड़ों रुपयों का मुनाफा कमाने वाली कंपनी कुछ चंद रुपयों की बचत के लिये लोगों की जान से खेलने पर उतारू थी।

★ और हुआ भी यही। दो और तीन दिसंबर, 1984 की काली रात को 12·30 बजे मिक टैंक नं. 610 फट गया और जहरीली गैसों का मिश्रण सफेद बादल के रुप में आसमान में छा गया।

★ चंद मिनटों में लोग खाँसते, उल्टी करते, आँखों पर हाथ रखे सड़कों पर अस्पताल की ओर, शहर के बाहर की ओर भागे।

★ कुछ ही घंटों में 10,000 से ज्यादा लोग शहर छोड़कर भाग गये और 20,000 से अधिक लोग अस्पताल में पहुंचे तथा 500 से ज्यादा मारे गये। अनगिनत पशु और पक्षी भी मर गये। दूर-दूर तक पेड़ों की पत्तियाँ झड़ कर गिर गईं।

★ कुल कितना नुकसान हुआ इसका अंदाज आज तक ठीक से नहीं मिल पाया। सरकारी सूत्रों से पता चलता है कि कम से कम 2500 लोग मरे और करीब ढाई लाख लोग गैस से प्रभावित हुए। लोगों का कहना है कि यह सँख्या कम करके बताई गई है।

★ यह दुनिया की सबसे बड़ी औद्योगिक दुर्घटना है। ऐसा हादसा पहले कभी नहीं हुआ था। इसलिये इसका मुकाबला कैसे करना है यह किसी को पहले से मालूम नहीं था। आज भी हादसे की और इलाज की पूरी तथा सही जानकारी हमें मालूम नहीं है।

मिलेगा।

THE BHOPAL DISASTER AFTERMATH:

an epidemiological and socio-medical survey



medico friend circle

ACKNOWLEDGEMENTS

To,

The people of Jaya Prakash Nagar and Anna Nagar for their warm and welcoming attitude which greatly helped our study.

Rukmini Bahen and friends of SEWA and Ramachandra Bhargava and colleagues of Gandhi Bhavan for their hospitality in Bhopal.

The Preventive and Social Medicine Department of Baroda Medical College for their technical cooperation.

Friends of the Gujarat Sangharsh Vahini (Rashmi, Ambarish, Trupti, Rajesh and Kaumudi) for their help in tabulating and analysing data.

Jan Vigyan Samiti, Kanpur and all our generous friends and members for their donations, big and small.

A large circle of mfc friends and contacts for their support and encouragement, and for their critical comments on the draft manuscript of this report.

ERRATA

Page	Line	
1	3	'where' should read 'were'
6	34	'except' should read 'accept'
6	40	'polo' should read 'pool'
13	19	'weight (ii)' should read '(ii) weight'
43	24	'rigorouly' should read 'rigorously'
46	14	'Hindu' should read 'The Hindu'
52	16	'Gag' should read 'gas'
56	16	'muscie aches' should read 'muscle aches'
62	36	'paramteers' should read 'parameters'
63	31	'on' should read 'of'
65	7	'vlctims' should read 'victims'

TABLES

Page	Table No.	
18	1C	'Others' in Anna Nagar 13.36 should read '13.86'
24	3A	Blurred vision/photophobia J P Nagar 77.02 (144) should read '77.02 (114)' A. Nagar 33.40 (53) should read 38.40 (53)
32	6C	After J P Nagar 468 should read (46.8)
35	7	15-44 Female FEV (Lit) in A.N. 2.25 (2.42) should read '2.25 (0.42)'

ACKNOWLEDGEMENTS

To,

The people of Jaya Prakash Nagar and Anna Nagar for their warm and welcoming attitude which greatly helped our study.

Rukmini Bahen and friends of SEWA and Ramachandra Bhargava and colleagues of Gandhi Bhavan for their hospitality in Bhopal.

The Preventive and Social Medicine Department of Baroda Medical College for their technical cooperation.

Friends of the Gujarat Sangharsh Vahini (Rashmi, Ambarish, Trupti, Rajesh and Kaumudi) for their help in tabulating and analysing data.

Jan Vigyan Samiti, Kanpur and all our generous friends and members for their donations, big and small.

A large circle of mfc friends and contacts for their support and encouragement, and for their critical comments on the draft manuscript of this report.

THE STUDY TEAM

1. Ashvin Patel (Baroda) } Co-ordinators
2. Anil Patel (Mangrol) }
3. Daxa Patel (Mangrol)
4. Nimitta Bhatt (Baroda)
5. Manisha Gupte (Bombay)
6. Padma Prakash (Bombay)
7. Mira Sadgopal (Hoshangabad)
8. Marie D'Souza (Nandurbar)
9. Shirish Datar (Karjat)
10. Anant Phadke (Pune)
11. C. Sathyamala (New Delhi)

and three volunteers from Baroda Medical College

1. Ramesh Durvasula
2. Hemant Vithalani
3. Bipin Patel

PREFACE

The Bhopal disaster has been an unprecedented occupational and environmental accident. Equally unprecedented have been the imperatives for relief, rehabilitation and research in the aftermath of the disaster.

The local situation has been extremely complicated and dynamic. While health service providers and researchers have had to face many medical challenges, government and voluntary agencies involved in relief and rehabilitation have had to face many logistical and organizational challenges.

For the medico friend circle too, in its intervention in research and continuing education strategies in support primarily of voluntary agencies, it has been both a challenge and a thought provoking learning experience. The experience of planning, organising, analysing and communicating our research findings based on a modest study has brought us further in touch with the apathy, vested interests and status quo factors which obstruct action in favour of the disadvantaged in society.

Having seen the intensity of health problems of the disaster victims and the inadequacies in the strategies employed to ameliorate them we cannot but help raise critical comments on all components of the social medical system who are there to handle such problems.

Our objective, however, is more than critical analysis. Through this epidemiological study we have tried to make our own small contribution to a better understanding of the health problems that prevail in the aftermath of the disaster. We have also made suggestions for a more comprehensive relief and rehabilitation strategy.

A word of caution here—most of our observations are of the situation as it existed at the end of March 1985. Six months have passed in the process of analysis, consensus seeking and understanding our findings. During these six months, many further developments--both positive and negative--have taken place in Bhopal at the governmental and the non-governmental initiative.

We hope that this report will atleast help to highlight to our readers among other matters that--

